सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:55

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 29 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,307 |
| निफ्टी | 24,870 |
| सोना | 99,358 |
| चांदी | 1,13,906 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 23 अगस्त 2025 | 8 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 235, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



विधायक परमार का न्योता मिलते ही शुरू होगी पेयजल योजना

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले शुभांशु शुक्ला



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। उनके साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन पुण्यश्लोक बिस्वाल, इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी नारायणन और मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने शुभांशु को गगनयान मिशन के लिए शुभकामनाएं दीं। गगनयान भारत का मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन होगा। इसरो ने इस मिशन के जरिए एक साथ तीन लोगों को अंतरिक्ष में भेजने की योजना बनाई है। शुभांशु इस मिशन के डायरेक्टर हैं। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गिरफ्तार



**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को पुलिस ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। एएफपी ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि विक्रमसिंघे शुक्रवार को वित्तीय अपराध जांच विभाग में 2023 के लंदन दौरे से जुड़ी पूछताछ के लिए पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। रानिल ने 2023 में राष्ट्रपति रहते अपनी पत्नी प्रोफेसर मैत्री विक्रमसिंघे के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए लंदन का दौरा किया था। विक्रमसिंघे ने कहा था कि उनकी पत्नी ने अपनी यात्रा का खर्च खुद उठाया था और इसमें किसी सरकारी धन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। हालांकि, पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने आरोप लगाया है कि विक्रमसिंघे ने निजी यात्रा के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल किया है। (अनंत ज्ञान)

### संसद की दीवार फांद कैंपस में घुसा व्यक्ति

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया। एक व्यक्ति दीवार फांदकर संसद भवन में घुस गया और गरुड़ द्वार तक पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी सुबह 6.30 बजे रेल भवन के पास पेड़ की मदद से दीवार पर चढ़ा और कूदकर अंदर घुसा। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत दबोच लिया। अब उससे पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें



- हमीरपुर की पंचायतों में 4, 5 व 6 को होगी विशेष ग्रामसभा -पेज 2
- पीएम गति शक्ति पोर्टल में पांच सड़कों का भेजा प्रस्ताव: विक्रमादित्य -पेज 3
- भाजपा संगठन में बिलासपुर को मिली 4 अहम जिम्मेदारियां -पेज 6
- सरकार ने मुंह फेरा तो ग्रामीण खुद सड़क बहाली में जुटे -पेज 9
- विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार ने किया था नक्सलवाद का समर्थन: -पेज 13


**मानसून सत्र :** ट्रैकिंग सिस्टम से होगी तस्करों की पहचान, सीएम ने कड़ी कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

# पशु तस्करी रोकने को उठाएंगे कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पशु तस्करी को रोकना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अवैध गतिविधि में लिप्त दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए कठोर कदम उठाएंगे।



सुक्खू ने यह भी कहा कि पशु तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से तस्करों की तुरंत पहचान कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद विधानसभा में पशु कल्याण और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तेज हो गई। वहीं, कांगड़ा जिले में पौंग डैम से भारी मात्रा में पानी छोड़ने से हर साल करोड़ों का नुकसान हो रहा है। विधानसभा में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में कहा कि ऊर्जा निदेशालय ने लापरवाही से पानी छोड़ने पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के खिलाफ संसारपुर टैरेस में एफआईआर करवाई है।

**लापरवाही से पानी छोड़ने पर बीबीएमबी पर एफआईआर**

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बीबीएमबी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि डैम सिक्योरिटी के उपाय का पालन करने का बार-बार भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से आग्रह किया जाता है, फिर भी सिक्योरिटी के सभी उपाय नहीं अपनाए जा रहे। पानी भी हमारा और हम ही सबसे अधिक विस्थापित भी हुए ,फिर भी हमें हमारा हक नहीं दिया जा रहा।

## पावर कॉरपोरेशन के ऋण की गारंटी देगी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल सभी सहयोगी मंत्रियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। हालांकि, बैठक में चर्चा के लिए बहुत सारे मुद्दे नहीं रखे गए थे, लेकिन जो एजेंडा था, उस पर ठोस निर्णय लिए गए। बैठक में भूमि से संबंधित जमाबंदी को डिजिटल साइन के माध्यम से मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इससे हिमाचल के किसानों और भूमि मालिकों को कई फायदे मिलेंगे। डिजिटल जमाबंदी से न केवल रिकॉर्ड की पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भूमि संबंधी दस्तावेजों में त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। किसानों के लिए समय की बचत और जमीन के अधिकारों का सुरक्षित प्रमाण सुनिश्चित करना इस कदम के प्रमुख लाभ हैं। कैबिनेट ने हिमाचल पावर कॉरपोरेशन को 957 करोड़ के ऋण की सरकारी गारंटी प्रदान करने का निर्णय भी लिया। इस कदम से पावर कॉरपोरेशन को वित्तीय मजबूती मिलेगी और वे बड़े परियोजनाओं में निवेश कर सकेंगे। इसके अलावा, बिजली उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की संभावनाएं बढ़ेंगी। बैठक में 5 से 6 बिलों को विधानसभा में पेश करने की योजना पर भी विचार हुआ। इन बिलों के पारित होने से विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत बदलाव और सुधार की दिशा में सकारात्मक असर पड़ेगा। मंत्रियों ने इसे प्राथमिकता के साथ सदन में पेश करने की रणनीति तय की।

**कैबिनेट बैठक**

**जमाबंदी के लिए डिजिटल साइन को मंजूरी**

### विकास और जनता के हित में लेंगे फैसले

**बैठक** में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ऐसे फैसले लेगी, जो हिमाचल प्रदेश के विकास और जनता के हित में हों। बैठक में सभी मंत्रियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। मंत्रियों ने भी अपने सहयोग से निर्णयों को समयबद्ध और प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ऑनलाइन गेमिंग विधेयक बना कानून

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी।



इससे पहले लोकसभा से वीरवार को इस बिल को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। नए कानून में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को तो राहत दी गई है, लेकिन ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर गेमिंग उद्योग जगत और सरकार के मत बंटे हुए हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयकर विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर अधिनियम 2025, अगले वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। नया अधिनियम पुराने कर कानूनों को सरल बनाएगा और कानून में शब्दों की अधिकता को कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## आरडी धीमान को रेरा अध्यक्ष नियुक्त करने पर हाईकोर्ट का प्रमुख सचिव को नोटिस

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्य सचिव आरडी धीमान की हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट (हिमाचल प्रदेश रेरा) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर रेरा अध्यक्ष सहित प्रमुख सचिव (गृह) को नोटिस जारी किया है।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा ने अंतरिम आदेश देते हुए कहा कि मुख्य याचिका का निर्णय आरडी धीमान की नियुक्ति पर निर्भर करेगा। कोर्ट ने प्रतिवादियों को अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका हिमाचल प्रदेश रेरा के पूर्व सदस्य राजीव वर्मा द्वारा दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने चयन समिति की सिफारिश में वरीयता क्रम को नजरअंदाज करते हुए धीमान को नियुक्त किया, जबकि याचिकाकर्ता क्रम संख्या 1 पर थे। धीमान को 25 जून, 2025 को रेरा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

**अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश**

### मेसर्स विद्याशा फार्मा में रिसीवर नियुक्ति की याचिक खारिज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने मेसर्स विद्याशा फार्मास्युटिकल्स में रिसीवर की नियुक्ति की याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ ने साझेदारी फर्म के दोनों पक्षों को निर्देश दिए कि वे फर्म की संपत्तियों का हस्तांतरण न करें और सभी व्यावसायिक लेन-देन का सही लेखा प्रत्येक तिमाही में कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले के अनुसार, फर्म का गठन 24 जून, 2014 को प्रकाश चंद बंसल, नितिन गुप्ता और अर्पित अग्रवाल के बीच हुआ था। बाद में 6 जनवरी, 2015 को फर्म का पुनर्गठन दो साझेदारों (नितिन गुप्ता और अर्पित अग्रवाल) के बीच हुआ। विवाद के कारण याचिकाकर्ता ने साझेदारी अधिनियम के तहत साझेदारी समाप्त करने और मध्यस्थता की मांग की थी।

## नसबंदी कर छोड़े जाएंगे आवारा कुत्ते

### खूंखार और रेबीज से संक्रमित कुत्ते ही शेल्टर होम में रखे जाएंगे : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मुद्दे पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया है, उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही छोड़ा जाना चाहिए, सिवाय उन कुत्तों के, जो रेबीज से संक्रमित हैं या जिनका व्यवहार आक्रामक है। इन्हें शेल्टर होम में ही रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त के उस निर्देश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि जिन आवारा कुत्तों को पकड़ा गया है उन्हें छोड़ा नहीं जाना चाहिए।



कोर्ट ने यह भी कहा, 'कुत्तों को सार्वजनिक रूप से खाना देने की अनुमति नहीं है। आवारा कुत्तों खाना खिलाने के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी।' गौर रहे कि 14 अगस्त को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। (अनंत ज्ञान)

**सार्वजनिक जगहों पर खाना देने पर रोक**

### कहा-नेशनल लेवल पर बने पॉलिसी

**जस्टिस** विक्रम नाथ ने कहा कि इसके लिए नेशनल लेवल पर पॉलिसी बननी चाहिए। हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। देश के बाकी हाईकोर्ट में जहां भी मामले लंबित हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किया जाए। अगली सुनवाई अक्तूबर के लिए लिस्ट कर दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के रिहायशी इलाकों से शेल्टर होम भेजने का आदेश दिया था।

## हम घुसपैठियों को देश से निकालकर ही रहेंगे : मोदी

**एजेंसी, गयाजी**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गयाजी में 13000 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ किया। मगध यूनिवर्सिटी के कैंपस में अपने 34 मिनट के भाषण में उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा।



मोदी ने कहा, 'हम घुसपैठियों को देश से निकालकर रहेंगे। इन्हें आपके हक पर डाका नहीं डालने देंगे। कांग्रेस-आरजेडी घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। पहले जेल में बैठकर लोग फाइलों पर साइन करते थे। हम ऐसा बिल लेकर आए हैं, जिसके दायरे में पीएमभी है। गिरफ्तारी होते ही पद जाएगा।' पीएम मोदी कहा कि पहले बिहार में शाम को कहीं आना-जाना मुश्किल था। गयाजी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबे रहते थे। न शिक्षा थी, न रोजगार था। बिहार की कितनी पीढ़ियों को इन लोगों ने पलायन के लिए मजबूर किया। (अनंत ज्ञान)

### बेगूसराय में 6 लेन ब्रिज का उद्घाटन

**मोदी** ने बेगूसराय में गंगा नदी पर बने 6 लेन औंटा-सिमरिया ब्रिज का उद्घाटन किया। नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री पुल पर घूमे। उन्होंने अपने गले से गमछा निकाला और हाथ से घुमाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। ब्रिज के नीचे बने घाट पर प्रधानमंत्री के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे।

**बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे वोटर्स

**एजेंसी, पटना**

सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म को फिजिकली जमा करना जरूरी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि आधार कार्ड समेत फॉर्म 6 में दिए गए 11 दस्तावेज में से कोई भी जमा किया जा सकता है, इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, पासबुक, पानी का बिल जैसे डॉक्यूमेंट शामिल हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे। जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा- राज्य की 12 पॉलिटिकल पार्टियों में से यहां मात्र 3 पार्टियां ही कोर्ट में आई हैं।



**आधार समेत 11 दस्तावेजों में से जमा करवा सकते हैं कोई एक**

सुनवाई के दौरान कोर्ट में राजद की ओर से कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा, आरजेडी के मनोज झा की ओर से वो पक्ष रख रहे हैं।

सात दूसरे पॉलिटिकल पार्टियों की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। सिब्बल ने कहा, 'वह आरजेडी के लिए ही हैं, जबकि सिंघवी ने बताया कि कई और पार्टियां भी इस मुद्दे से जुड़ी हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर तीखी बहस हुई।' (अनंत ज्ञान)

### हटाए गए 65 लाख वोटर्स के नाम वेबसाइट पर अपलोड

**इससे** पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम कारण के साथ वेबसाइट पर डालने को कहा था। कोर्ट के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने 65 लाख वोटर्स की लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड की थी।

## अमेरिका में भारतीय ट्रक ड्राइवरों के वीजा पर रोक

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के फ्लोरिडा में पंजाब के ट्रक ड्राइवर के गलत यू-टर्न से हुए सड़क हादसे में 3 अमेरिकियों की मौत के बाद अमेरिका ने ड्राइवरों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक नए वीजा पर रहेगी, पुराने ड्राइवरों के वीजा रद्द नहीं होंगे। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। मार्को ने लिखा- 'तत्काल प्रभाव से हम व्यवसायिक ट्रक चालकों के लिए सभी वर्कर वीजा जारी करना रोक रहे हैं।' जानकारी के अनुसार, 13 अगस्त को अमेरिका के फ्लोरिडा में एक बड़ा हादसा हुआ। इसमें भारतीय सिख ड्राइवर के गलत यू टर्न के कारण तीन अमेरिकी नागरिकों की जान चली गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि भारतीय मूल का एक सेमी ट्रक ड्राइवर सड़क पर अचानक गलत तरीके से यू-टर्न लेता है। उसी समय सामने से आ रही मिनी वैन ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा जाती है। जांच में आया कि चालक अवैध रूप से अमेरिका पहुंचा था। इस दुर्घटना में मिनी वैन चला रहे 30 वर्षीय युवक, उसके साथ बैठी 37 वर्षीय महिला और 54 वर्षीय पुरुष तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी में अवैध वीजा को लेकर बहस छिड़ गई। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने भारतीय ड्राइवरों के नए वीजा पर रोक लगा दी है। (अनंत ज्ञान)

**पंजाबी ड्राइवर के ट्रक से 3 लोगों की मौत के बाद लिया फैसला**

## हिमाचल भाजपा में नए सूत्रपात का दौर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल में भाजपा में क्या नए सूत्रपात का दौर शुरू हो गया है? मुख्य धारा से पुराने कार कारिंदे क्यों हटाए गए? किस-किस को ठिकाने लगाने की व्यवस्था की गई, क्या वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए नए चेहरे तैयार किए जा रहे हैं? यह भी कहा जा रहा है कि 'नई टोली' तैयार की गई है, लेकिन कुछ लोग यह चर्चा भी कर रहे हैं कि संदेहास्पद की स्थिति अगले विधानसभा चुनावों के लिए दिख रही है।

कुछ लोग यह कयास भी लगा रहे हैं कि भाजपा की यह नई टोली कहीं सुक्खू सरकार के लिए भी कुछ राहत देने वाली साबित तो नहीं होगी? जो भी हो, एक बात साफ हो गई है कि हिमाचल में भाजपा का रूप-स्वरूप अब नए सूत्रपात में बंध गया है। जितने पुराने एक, दो और तीन नंबर की लाइन के नेताओं को अलग-थलग करके बीजेपी की नई टोली को तैयार करने का बीड़ा उठाया गया है, क्या वह मौजूदा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विपक्ष की भूमिका को धारदार बनाने में खुद को साबित कर पाएगी? क्योंकि जयराम ठाकुर की गुट वाले कई नेता भी किनारे बैठा दिए गए हैं।

### कंवर और बिक्रम ठाकुर जैसे नेता टीम से बाहर राजेंद्र राणा और आशीष शर्मा को खासी तवज्जो

**हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र में तो पिछले विधानसभा चुनावों के समय से शुरू हुई राजनीति को और 'धारदार' बनाने की दिशा में इस बार संगठन ने काम किया है। आधा दर्जन से ज्यादा चेहरे मौजूदा भाजपा के स्वरूप से जुदा कर दिए गए हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की राजनीति में प्रभाव रखने वाले पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल के समर्थकों को भी मौजूदा सिस्टम से अलग-थलग करने की नई नींव तैयार कर दी गई है। वीरेंद्र कंवर, बिक्रम ठाकुर जैसे नेता नई टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। एक बात साफ हो गई है कि जिला की राजनीति हो या फिर प्रदेश की राजेंद्र राणा और आशीष शर्मा को अच्छी खासी तवज्जो मिल गई है।

### भाजयुमो में हमीरपुर जिले को फिर मिली तवज्जो

**भाजयुमो** में पहले की तरह इस बार भी हमीरपुर को ही तवज्जो मिली है। खग्गल से ताल्लुक रखने वाले युवा चेहरे सन्नी शुक्ला को प्रदेश की जो कमान मिली है, उसके मायने भी अलग हैं। छात्र राजनीति में अब यह चेहरा युवा मोर्चा को किस माहौल में पिरोएगा, यह भी वक्त ही बताएगा। जो भी हो अपनी-अपनी गोटियां फिट करके अब नए माहौल में जो ढांचा तैयार हुआ है, उसे कांग्रेस सरकार के इस माहौल में विपक्ष में रहकर खुद को प्रमाणित तो करना ही होगा कि उसकी धार 'पैनी' है या सामान्य?

**विधानसभा** स्वास्थ्य बीमा, रोजगार और कर्मचारी डीए जैसे मुद्दों पर विपक्ष के वॉकआउट पर सवाल

## बार-बार वॉकआउट से जनहित के मुद्दों पर चोट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र मानो बहस और सहमति की बजाए टकराव और वॉकआउट का अखाड़ा बन गया है। सदन की कार्यवाही देखने वाली जनता की उम्मीदें बार-बार टूट रही हैं।

विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक बुलेटिन व प्रोसिडिंग्स इस बात के साक्षी हैं कि अब तक विपक्ष ने तीन बार सदन से वॉकआउट किया है। गैर-प्रोसिडिंग में तो विपक्षी पार्टी कम से कम सात बार सदन से बाहर जा चुकी है, जिससे कार्यवाही अधूरी रह गई और कीमती समय व्यर्थ हो गया। जानकारी के अनुसार 19 अगस्त यानी मंगलवार को हिमकेयर स्वास्थ्य बीमा योजना पर सवाल-जवाब के दौरान विपक्षी पार्टी बीजेपी ने सरकार की नीतियों को लेकर तीखा रुख अपनाया। जब संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो विपक्षी दल के सदस्य नारे लगाते हुए सदन से बाहर चले गए, जिससे प्रश्नोत्तर अधूरा रह गया और अध्यक्ष को बैठक कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। 21 अगस्त को जब रोजगार संबंधी आंकड़ों का मुद्दा उठा तो सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी बहस छिड़ गई। विपक्ष ने आंकड़ों को भ्रामक बताते हुए सदन में जोरदार नारेबाजी की और फिर वॉकआउट कर दिया। इस वॉकआउट के कारण सदन की बहस अधर में लटक गई और आम जनता से जुड़े प्रश्न पीछे छूट गए।

21 अगस्त को दोबारा सदन का माहौल और गर्माया जब सरकारी कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते पर चर्चा हुई। विपक्ष ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और नारेबाजी करते हुए तीसरी बार सदन से वॉकआउट किया। इसके बाद अध्यक्ष को बैठक स्थगित करनी पड़ी और विषय पर कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। गौरतलब पहलू यह है कि हर दिन की बैठक पर राज्य कोष से करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। सुरक्षा, कर्मचारी, तकनीकी व्यवस्था और प्रशासनिक मशीनरी पर भारी खर्चा होता है, लेकिन बार-बार के शोरगुल और वॉकआउट से जनता के स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, सड़क और रोजगार जैसे मुद्दे दब जाते हैं। सदन की कार्यवाही का आधिकारिक बुलेटिन इस विफलता की गवाही देता है।

**जनता की गाढ़ी कमाई और सदन का कीमती समय हो रहा बर्बाद**





### यह परंपरा पुरानी

**हिमाचल** विधानसभा में वॉकआउट की परंपरा पुरानी है। मार्च 2020 में कांग्रेस ने दलित मुद्दों पर, अगस्त 2022 में अविश्वास प्रस्ताव पर और सितंबर 2024 में भाजपा ने अध्यक्ष पद को लेकर वॉकआउट किया था। अब 2025 का मानसून सत्र भी उसी राह पर चलता दिख रहा है। यह सवाल खड़ा करता है कि क्या विपक्ष व सत्ता दल लोकतंत्र की गरिमा को निभा पा रहे हैं?

### संवाद की जगह वॉकआउट

**सदन** का हर पल जनता की गाढ़ी कमाई से संचालित होता है। यह वह जगह है, जहां तर्क और विमर्श से समाधान निकलना चाहिए, मगर जब बहस की जगह हंगामा और समाधान की जगह वॉकआउट हावी हो जाए, तो लोकतंत्र की आत्मा आहत होती है। विधानसभा का यह मानसून सत्र इस कटु सच्चाई का आईना बन गया है कि राजनीति में संवाद की संस्कृति दिन-ब-दिन कमजोर होती जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 23 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

### राणा ने पूर्व सीएम धूमल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजिंद्र राणा ने भाजपा प्रदेश संगठन में मुख्य प्रवक्ता नियुक्त होने के बाद आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राणा ने प्रोफेसर धूमल का आशीर्वाद लिया और पार्टी नेतृत्व का इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राणा ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### समृद्ध हिमाचल-2045 के लिए 26 तक मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समृद्ध एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में आम लोगों के महत्वपूर्ण विचारों एवं सुझावों को शामिल करके उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (एमएसहिप्पा) ने 26 अगस्त तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए संस्थान ने 'समृद्ध हिमाचल-2045' शीर्षक के साथ एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की है। जन-केंद्रित और दीर्घकालिक सोच के साथ विकसित की गई 17 प्रश्नों की इस प्रश्नावली के माध्यम से हिमाचल के नागरिकों, संस्थानों और हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और जमीनी नवाचार आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि इसमें भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार की वेबसाइट हिमाचल.एनआईसी.इन समृद्ध हिमाचल पर लॉग इन किया जा सकता है। इसके अलावा संस्थान ने एक वेब लिंक और क्यू आर कोड भी जारी किया है। इस पर क्लिक करके आम लोग गूगल फॉर्म पर लॉग इन करके अपने सुझाव या विचार भेज सकते हैं। ये सभी वेब लिंक 26 अगस्त तक खुले रहेंगे। उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण के लिए अपने सुझाव या विचार साझा करने की अपील की है।

### टीजीटी से पदोन्नति करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने 642 टीजीटी को प्रवक्ता पद पर प्रमोशन देने के लिए प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया है। संघ ने बताया कि यह उपलब्धि दो वर्षों की निरंतर मेहनत का परिणाम है, जिसमें अनेक बार मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और सचिवों से भेंट कर पदोन्नति की मांग की गई। अभी भी 962 पद रिक्त हैं, जिन पर मई 2026 तक पदोन्नति की अपील की गई है। संघ ने अंग्रेजी और विज्ञान विषयों में कम पदोन्नति पर चिंता जताते हुए अनुपूरक सूची जारी करने की मांग की है। टीजीटी से हेडमास्टर और प्रिंसिपल पदोन्नति हेतु भी शीघ्र कार्रवाई की अपील की गई है। युक्तिकरण प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया गया है।

### ब्ल्यूट में उचित मूल्य की दुकान के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकास खंड बमसन की पंधेड़ पंचायत के गांव ब्ल्यूट में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान दोबारा आवंटित की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इसके लिए 21 अक्तूबर तक एमर्जिंग हिमाचलडॉटएचपीडॉट जीओवीडॉटइन वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने बताया कि पहली प्राथमिकता स्थानीय पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा और महिला समूहों को दी जाएगी। दूसरी प्राथमिकता विधवा, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक या शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगी। तीसरी प्राथमिकता राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को दी जाएगी। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए और न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास अनिवार्य है। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, वित्तीय स्थिति, दुकान और भंडारण क्षमता के प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। पंचायतीराज, नगर निकाय, सांसद-विधायक के परिजन आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

### गौड़ा व बाइपास के क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर में 23 अगस्त को लाइनों व उपकरणों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते अप्पर, मिडल और लोअर गौड़ा, गौतम फार्मेसी कॉलेज, बसंत रिजॉर्ट्स, हमीर अस्पताल, खुंडडी, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, रिलायंस टॉवर, दुलेहड़ा, घरथेड़ी, उसयाना, लोहारडा, वार्ड नंबर-9 और 10 तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### कल बैठक में विभिन्न मुददों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, रंगस।** क्षत्रीय, घृत, बाहती व चांग महासभा की बैठक 24 अगस्त को लेबर चौक के पास होगी। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रिंसिपल व महासभा के राज्य स्तरीय सलाहकार महेंद्र सिंह करेंगे। सभा के जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए सभी सदस्यों से इस बैठक में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त को सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में विभिन्न मुददों पर चर्चा होगी।

### जिला परिषद मद के कार्यों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कार्यालय खंड विकास अधिकारी सुजानपुर द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जस्वाल की अध्यक्षता में किया गया। इस समीक्षा बैठक में पंचायत समिति अध्यक्ष आरती कुमारी, पंचायत समिति सदस्यों व समस्त पंचायत सचिवों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत समिति कार्यों व जिला परिषद मद के कार्यों की समीक्षा की गई व इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के आदेश जारी किए गए, ताकि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक पहुंच सके।

### कांगड़ा बैंक बोर्ड के चुनाव पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाओं की प्रबंधन समितियों के महासंघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भर से विभिन्न सहकारी सभाओं की प्रबंधन समितियों ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश महासंघ का विस्तार करते हुए विभिन्न जिलों से दायित्व दिए गए। इसमें महासचिव यशपाल रायजादा ऊना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन राणा ऊना, उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर शिमला, अजय जस्वाल कांगड़ा, अजय सकलानी मंडी, अमी चंद भूनाल हमीरपुर, मदन मोहन सैनी ऊना, सचिव अनंत राम वर्मा हमीरपुर, सुनील कुमार कोषाध्यक्ष अनिल ठाकुर ऊना व सदस्य एसके कोड़ा, शशि कंवर, राकेश सिंह राणा, बलवंत वर्मा, हरिंदर सिंह वर्मा, शंभु राम जस्वाल। सहकारी सभाओं की प्रबंधन समितियां महासंघ जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा हमीरपुर, देशराज बिलासपुर, प्रदीप ठाकुर शिमला, विजय ठाकुर सोलन, अजय जस्वाल कांगड़ा, अजय सकलानी मंडी बनाया गया है। बैठक में कांगड़ा बैंक बोर्ड के डायरेक्टर के चुनाव संबंधी चर्चा की गई। इस अवसर पर राणा ने कहा कि महासंघ सहमति के उपरांत ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाएगा, जो सहकारी संस्थाओं के उत्थान के लिए कार्य करें।

### हरियाली रोपकर पर्यावरण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के सानिध्य में डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में श्रावणी उपाकर्म के अवसर पर वेद प्रचार सप्ताह के समापन पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रेस क्लब सुजानपुर के अध्यक्ष गौरव जैन, महासचिव सुरजीत सिंह, पत्रकार विजय पुरी, बीडीसी सदस्य विनय खरोटिया, प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह, अध्यापक वर्ग व छात्रों ने आहुतियां अर्पित की। संस्कृत व हिंदी अध्यापकों व छात्रों ने वैदिक भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। छात्रों ने प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, संस्कृत कविता पाठ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिदिन हवन यज्ञ में सभी कक्षाओं के छात्रों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने युवा पीढ़ी को वैदिक संस्कारों से जुड़ने और महर्षि दयानंद के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने छात्रों में आध्यात्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का संचार किया।

# मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अनपढ़ बुजुर्ग सीखेंगे 'आभा' ऐप को स्कैन करना

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में करीब एक वर्ष पहले आभा कार्ड से पर्ची बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन 5 जी के जमाने में बुजुर्गों को पर्ची बनाना आसान नहीं है।

मेडिकल कॉलेज में इलाज करवाने आ रहे जिन बुजुर्गों के पास एंड्रायड फोन नहीं हैं, उन्हें पर्ची बनाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पर्ची काउंटर पर बैठे कर्मचारी अनपढ़ बुजुर्गों को आभा ऐप को स्कैन करने को कह रहे हैं, लेकिन उनकी पर्ची बनाने में मदद नहीं कर रहे हैं। उनके पास साधारण मोबाइल हैं, जो बड़ी मुश्किल से चलते हैं। ऐसे में आभा ऐप को कैसे स्कैन करेंगे। पर्ची बनाने वाले भी जब तक आभा ऐप स्कैन नहीं कर लेते, तब तक पर्ची नहीं बनाते। थक हार कर बुजुर्ग एक-दूसरे का मुंह ताक रहे हैं और यही सोचते हैं कि उनकी पर्ची कैसे बनेगी और कब वह डॉक्टर के पास चेक करवाएंगे। सबसे बड़ा प्रश्न है कि यदि बुजुर्ग के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और न ही आभा कार्ड तो क्या बुजुर्ग अपना इलाज नहीं करवा सकेगा।



फाइल फोटो।

मेडिकल कॉलेज में आने वाले सभी बुजुर्ग पढ़े-लिखे नहीं हैं, जो आधुनिक तकनीकों को सही से फॉलो कर सकें। ऐसे बुजुर्गों की मदद के लिए अस्पताल प्रबंधन और कर्मचारियों को भी आगे आना चाहिए। इससे बुजुर्ग अपना इलाज करवा सकें। हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि बुजुर्गों को पर्ची बनाने के लिए छूट दी गई है, यदि किसी बुजुर्ग को पर्ची बनाने में दिक्कत आ रही है या अन्य कोई परेशानी है, तो वह स्वास्थ्य अधीक्षक और अस्पताल प्रशासक के पास अपनी शिकायत करवा सकते हैं, जिन अनपढ़ बुजुर्गों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं हैं, वह मेडिकल कॉलेज के प्रबंधकों तक कैसे पहुंच सकते हैं। बेशक मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में आभा आईडी से पर्ची बनाने का सिस्टम एक वर्ष पहले शुरू हो गया है, लेकिन कई बुजुर्गों को यह सिस्टम भारी पड़ रहा है। पर्ची न बनने के कारण बुजुर्ग अपना इलाज करवाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि आभा कार्ड से पर्ची बनाने का कार्य एक वर्ष पहले शुरू किया गया है और यह अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों के लिए अनिवार्य है, जिन बुजुर्गों के पास एंड्रॉयड फोन हो या नहीं आभा कार्ड से बुजुर्गों को पर्ची बनाने में पूरी तरह से छूट दी गई है।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य अधीक्षक**

**मेडिकल** कॉलेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. देश राज शर्मा का कहना है कि जिन बुजुर्गों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं हैं, उन्हें पर्ची बनाने में छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि आभा कार्ड के नंबर से ही बुजुर्ग पर्ची बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्ची बनाने वाले कर्मचारियों को भी बुजुर्गों की मदद करने के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं, यदि फिर भी किसी बुजुर्ग को कोई परेशानी हो, तो वह स्वास्थ्य अधीक्षक के पास अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## प्रवेश : 26 को बी फार्मेसी व 27 को बीटेक की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में प्रवेश लेने के लिए स्पॉट राउंड काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया है। स्पॉट राउंड काउंसलिंग कोर्स में प्रवेश के लिए तय पात्रता के आधार पर ही होगी।

स्पॉट राउंड काउंसिलिंग के शेड्यूल के अनुसार यूजी कोर्स बीबीए, बीसीए, बीएससी एचएमसीटी बीएचएमसीटी और बी आर्क की काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में 25 अगस्त को होगी, जहां पर उपरोक्त कोर्स चलते है। बी फार्मेसी की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग 26 अगस्त को और बीटेक की 27 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में होगी। वहीं, पीजी कोर्स की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग भी 25 अगस्त से शुरू होगी। 25 अगस्त को तकनीकी विवि परिसर में एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमबीए पर्यटन, एमटेक व योग में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग होगी। इसके अलावा 25 अगस्त को ही इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर और बंदला बिलासपुर में भी एमटेक की स्पॉट काउंसलिंग प्रस्तावित है। 27 अगस्त को एम फार्मा की काउंसिलिंग संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगी। 28 अगस्त को एमबीए और 29 अगस्त को एमसीए की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए पहले और दूसरे चरण की काउंसिलिंग पूरी हो गई है। जिन विषयों में सीटें खाली रह गई है, उन्हें भरने के लिए स्पॉट राउंड काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। स्पॉट राउंड की काउंसलिंग के लिए पात्रता और तिथि के संबंध में डिटेल अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**25 से शुरू होंगी नए सत्र की कक्षाएं**

**हिमाचल** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र की स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) के पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 25 अगस्त से शुरू करने का निर्णय लिया है। इस बारे में तकनीकी विवि ने सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को सूचित कर दिया है।

## कांग्रेस ने हिमाचल को आर्थिक बदहाली की ओर धकेला : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ने हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेलने व हिमाचल को कर्ज का भारी भरकम पहाड़ लादने की बात कही है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने ये भी कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार सदा हिमाचल के हितों के साथ खड़ी रही और जब जहां जैसी जरूरत पड़ी केंद्र सरकार ने देवभूमि की मदद करने का काम किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा हिमाचल प्रदेश में मौजूदा कांग्रेस सरकार अपनी गठन के प्रथम दिन से जनविरोधी निर्णय लेने के लिए कुख्यात रही है। इस सरकार ने प्रदेश को आर्थिक बदहाली की तरफ धकेलने का काम किया है और इनके आर्थिक कुप्रबंधन का ही परिणाम है कि आज हिमाचल प्रदेश पर कर्ज 1 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है, अब फिर से प्रदेश सरकार 1500 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है, जिसकी अधिसूचना भी इन्होंने जारी कर दी है। प्रदेश में मौजूदा कांग्रेस सरकार के पास न तो कोई प्रभावी आर्थिक नीति है, न ही प्रदेश को कर्ज से उबारने की इनकी कोई नीयत है। अखिर हिमाचल कांग्रेस सरकार की नकारेपन की कितनी कीमत चुकाएगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा केंद्र की मोदी सरकार सदा हिमाचल के हितों के साथ खड़ी रही और जब जहां जैसी जरूरत पड़ी केंद्र सरकार ने देवभूमि की मदद करने का काम किया है। मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदा से हुए नकसान की भरपाई में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार तुलना में एसडीआरएफ़ में 3 गुना, तो एनडीआरएफ में 5 गुना से ज्यादा की आर्थिक मदद दी है।

### राधाकृष्णन को चुनाव के लिए दीं शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन से भेंट कर उनका पारंपरिक हिमाचली रीति से अभिनंदन कर उन्हें चुनाव के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राधाकृष्णन से भेंट के दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए उनके चुनाव में अपना समर्थन देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## मझौह में मकान क्षतिग्रस्त, गरीब परिवार बेघर होने के कगार पर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत धिरड़ पंचायत के मझौह गांव में एक गरीब परिवार पर अचानक आई आपदा ने उन पर संकट खड़ा कर दिया है। कृष्ण लाल पुत्र हेम राज के दो मंजिला स्लेटपोश मकान का एक कमरा धराशायी हो गया, जबकि दूसरा कमरा भी गिरने की कगार पर है। घटना से पीड़ित परिवार को लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दूसरा कमरा भी जमींदोज हो जाता है, तो नुकसान का आकलन और बढ़ जाएगा। हादसे के बाद परिवार खुले आसमान तले आने को मजबूर है।

पंचायत प्रधान सुरेंद्र कुमार और उपप्रधान शशि शर्मा ने मौके का जायजा लेते हुए बताया कि यह परिवार गरीब है और अब बेघर होने की स्थिति में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से जल्द राहत मुहैया करवाई जानी चाहिए, ताकि संकटग्रस्त परिवार को सहारा मिल सके। उधर, पटवारी हलका ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनका जीवन पटरी पर लौट सके।



लोगों ने पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की।

## अंशुल मेडिकल कॉलेज टांडा से करेगा पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के प्रधानाचार्य मुस्ताक मोहम्मद के साथ स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने अंशुल कुमार का पाठशाला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। उसके उपरांत प्रधानाचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने टोपी पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर मुंह मीठा करवा कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंशुल कुमार को उसकी मेहनत और उपलब्धि को देकर दिया गया। अंशुल कुमार का चयन डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में हुआ है, अब अंशुल डॉक्टरी की पढ़ाई वहां पर करेगा। अंशुल कुमार ने अपनी सारी पढ़ाई सरकारी स्कूल से की है और इसी उपलब्धि को लेकर स्कूल का स्टाफ भी गदगद है।

## आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी में आवारा कुत्ते का तांडव, दवाइयां की नष्ट

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले के बिझड़ी स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में एक आवारा कुत्ते के घुस जाने से भारी नुकसान हुआ है। वीरवार रात स्टाफ की लापरवाही के चलते कुत्ता अस्पताल के भीतर ही बंद रह गया, जिसने पूरी रात दवाइयों और मरहम-पट्टी को तहस-नहस कर दिया। कुत्ते ने दवाइयों को चबाया और आयुर्वेदिक पुड़ियों तथा अन्य खाद्य सामग्री को नष्ट कर दिया।

घटना का खुलासा शुक्रवार सुबह तब हुआ, जब स्थानीय लोगों ने अस्पताल की खिड़की से कुत्ते को भीतर देखा और उसका वीडियो व तस्वीरें लीं। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।



बेसहारा कुत्ते ने बिझड़ी आयुर्वेदिक अस्पताल में सामान नष्ट कर दिया, (दाएं) खिड़की से झांकता कुत्ता।

लोगों ने आरोप लगाया कि बिना अंदर जांचे स्टाफ ने अस्पताल को बाहर से बंद कर दिया, जिससे कुत्ता भीतर रह गया। स्थानीय टैक्सी चालक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में इससे पहले भी अव्यवस्था देखने को मिली है।

उन्होंने कहा कि स्टाफ की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। वहीं, अमरचंद ने बताया कि उन्होंने खुद खिड़की से कुत्ते को दवाइयां नष्ट करते देखा। लोगों ने सवाल उठाया कि जब अस्पताल बंद किया गया, तो किसी ने यह सुनिश्चित क्यों नहीं किया कि अंदर कोई जानवर तो नहीं है। यह घटना अस्पताल प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है।

इस मामले पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. बृजमोहन शर्मा ने कहा कि कुत्ते के अस्पताल के अंदर रह जाने की पुष्टि हुई है। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों से जवाब तलब किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

## टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति पर मनपसंद स्टेशन मिलने से संघ गदगद

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हिमाचल प्रदेश टीजीटी आर्ट्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहली बार किसी सरकार ने टीजीटी अध्यापकों को प्रवक्ता पद पर पदोन्नति के साथ उनके मनपसंद स्कूलों में तैनाती दी है। इससे विशेषकर महिला अध्यापिकाओं को बड़ी राहत मिली है, जो दूरदराज क्षेत्रों में कार्य करने से बच सकेंगी।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से टीजीटी वर्ग पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहा था, लेकिन वर्तमान सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 642 टीजीटी अध्यापकों को प्रवक्ता (स्कूल न्यू) के रूप में पदोन्नत कर, उन्हें उनके वरीयता के अनुसार स्टेशन प्रदान किए हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, निदेशक शिक्षा आशीष कोहली और शिक्षा विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीजीटी कैडर राज्य का सबसे बड़ा शिक्षकीय कैडर है, जो शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभा रहा है।

## सीएम बड़सर विधानसभा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे और सौगातें भी देंगे : पवन कालिया

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

निवर्तमान जिला कांग्रेस महासचिव पवन कालिया ने कहा कि बड़सर कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया के नेतृत्व में क्षेत्र में हर स्तर पर विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ढटवालिया लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं। कालिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वर्षों तक बड़सर का दौरा तक नहीं किया, जिससे क्षेत्र विकास से वंचित रहा। जिन योजनाओं की बात अब भाजपा कर रही है, वे सत्ता में रहते हुए क्यों पूरी नहीं हुईं? उन्होंने कहा कि बड़सर मिनी सचिवालय का निर्माण कांग्रेस सरकार ने पूरा करवाया और अब बड़सर में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। भाजपा को अब याद आ रहा है केंद्रीय विद्यालय, जिसे सत्ता में रहते हुए नहीं खोला गया। पवन कालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जल्द बड़सर दौरे पर आएंगे और अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। कांग्रेस केवल काम में विश्वास करती है, न कि कोरी बयानबाजी में।

## 31 तक पूरी होगी पेंशनर्स की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

डीसी अमरजीत सिंह ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग से संबंधित चार जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 53 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों की ई-केवाईसी ई-कल्याण ऐप पर की जा रही है, जिसमें से 35 हजार की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है। सभी पेंशनरों की ई-केवाईसी 31 अगस्त तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि वर्ष 2022-23 के तहत चयनित पांच गांवों में सभी कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण किए जाएं। आगामी वर्ष 2025-26 के लिए 16 नए गांवों का चयन किया गया है, जिनमें सूची में संशोधन की संभावना है। सफाई कर्मचारियों के लिए उपायुक्त ने सभी आवश्यक उपकरण, सुरक्षा किट और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत मानसिक मंदता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी जैसे मामलों में 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों के लिए कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई। अब तक जिले में 202 कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। बैठकों में अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**ई-कल्याण ऐप पर होगी सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स की ई-केवाईसी**

## बीएससी एग्रीकल्चर में 31 तक करें प्रवेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीएससी एग्रीकल्चर कार्यक्रम में प्रवेश शुरू कर दिए हैं। इस कोर्स में पारंपरिक कृषि विज्ञान के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुसार, एआई, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट फार्मिंग जैसी तकनीकें कृषि क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रही हैं। इस कार्यक्रम से विद्यार्थी मिट्टी की सेहत, सिंचाई प्रबंधन और फसल रोग नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में आधुनिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। यह जानकारी रजिस्ट्रार गुलशन संधू ने दी।

**आदेश** डीसी अमरजीत सिंह ने पंचायतों के लिए तय की अलग-अलग तिथियां

## हमीरपुर की पंचायतों में 4, 5 व 6 को होगी विशेष ग्रामसभा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त टाईड अनुदान को जल शक्ति विभाग को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से जिला हमीरपुर की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए 4, 5 और 6 सितंबर को अलग-अलग विकास खंडों में ग्राम सभाओं के आयोजन की तिथियां तय की हैं। इन ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जल जीवन मिशन और स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं के लिए धनराशि के प्रभावी हस्तांतरण को सुगम बनाना है।

**जल शक्ति विभाग को हस्तांतरित होगा 15वें वित्त आयोग का टाइड अनुदान**

नादौन विकास खंड में 4 सितंबर को ग्राम पंचायत हड़ेटा, मैड़, जलाड़ी, कलूर, पुतड़ियाल, कोटला चिल्लियां सहित 20 पंचायतों में ग्राम सभाएं होंगी। 5 सितंबर को गलोड़ खास, सनाही, भदरूं, किटपल, कोहला, सपड़ोह सहित अन्य पंचायतों में। 6 सितंबर को सरेड़ी, बैहरड़, करौर, लाहड़ कोटलू, रंगस, भरमोटी खुर्द आदि पंचायतों में सभाएं होंगी। बिझड़ी विकास खंड 4 सितंबर को बल्ह बिहाल, सकरोह, बिझड़ी, चकमोह, दैण, कड़साई जैसी पंचायतों में, 5 सितंबर को जजरी, कनोह, धंगोटा, दलचेहड़ा, टिप्पर, मोरसू सुल्तानी आदि में, 6 सितंबर को ज्योली देवी, गारली, टिक्कर राजपूतां, कलौहण, मझियाणी जैसी पंचायतों में ग्राम सभाएं होंगी। अन्य विकास खंडों का विवरण बमसन में 4 से 6 सितंबर को खनौली, पटनौण, नाड़सीं, जंदड़ू, पौहंज, सराहकड़ आदि पंचायतों में सभाएं होंगी। भोरंज में जाहू, करहा, भोरंज, अमरोह, पंजोत, लुद्दर महादेव, भुक्कड़, दरबयार आदि पंचायतें शामिल हैं। हमीरपुर में अणु, फरनोल, बजूरी, चंगर, धनेड़, ताल, बफड़ीं, सेर बलौणी, लंबलू आदि पंचायतों में सभाएं होंगी।

सुजानपुर खंड की पंचायतें खैरी, पटलांदर, टीहरा, बैरी, चमियाणा, रंगड़, टिब्बी आदि इसमें सम्मिलित हैं। ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायतीराज संस्थानों की भूमिका को मजबूत करते हुए जल शक्ति विभाग को अनुदान का प्रभावी व पारदर्शी हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारु हो सकेगा।

## विधायक कै. रणजीत सिंह ने विधानसभा सत्र में उठाए अहम मुद्दे : उदय कुमार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

कांग्रेस युवा नेता उदय कुमार ने कहा कि विधायक कै. रणजीत सिंह कि सोच सिर्फ विकास करवाना होती है, जिसकी झलक विधानसभा सत्र में साफ साफ देखने को मिली। विधायक ने ऐसे ऐसे काम क्षेत्र के उठाए जिन्हें आज तक किसी ने सोचा भी नहीं।



उदय ने कहा कि आपदा चाहे 2023,की हो या 2024 और 2025 की। सुजानपुर विधानसभा में बहुत नुकसान होता है। इसमें अहम नुकसान होता है जल शक्ति विभाग का, जिससे क्षेत्र में कई दिनों तक पानी की दिक्कत होती है। सुजानपुर विधानसभा से पानी 4 अन्य विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी जाता है, लेकिन भारी बरसात होने के कारण पंपहाउस पानी से भर जाते है मोटरे बह जाती हैं और पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह विधायक की दूर्दशी सोच है कि विधायक ने पानी की स्कीमों को ब्यास नदी से दूर बनाने के निर्देश दिए। इससे जनता को पानी की दिक्कत ना सहनी पड़े। उदय ने कहा कि 2023-24 कि आपदा में जोल बाड़ू खैरी बजाहर के नालों में इतना पानी आ गया था कि लोगों के घर गिरने का खतरा बन गया था फसले बर्बाद हो गई थी।

# विधायक परमार का न्योता मिलते ही शुरू होगी पेयजल योजना : उपमुख्यमंत्री

## बोले-जल शक्ति विभाग में 11,143 ठेकेदार पंजीकृत, 92,619 कार्य आवंटित

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष और सत्ता पक्ष के सवालों के बीच कई अहम घोषणाएं कीं। भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार द्वारा उठाए गए पेयजल योजना के मुद्दे पर जवाब देते हुए डिप्टी सीएम कहा कि जैसे ही परमार मुख्यमंत्री और उन्हें न्योता देंगे, योजना का शुभारंभ कर दिया जाएगा।

अग्निहोत्री ने कहा कि परमार जिस पेयजल योजना का उल्लेख कर रहे हैं, उसका कार्य पूरा हो चुका है और टेस्टिंग भी कर ली गई है। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा कि परमार खुद विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी सुशोभित कर चुके हैं और अब इस सवाल में पूरा ब्रह्मांड ले आए हैं। उपमुख्यमंत्री ने सदन को जानकारी दी कि जल शक्ति विभाग में कुल 11,143 ठेकेदार पंजीकृत हैं। इनमें ए श्रेणी के 215, बी श्रेणी के 293, सी श्रेणी के 852 और डी श्रेणी के 9783 ठेकेदार शामिल हैं। विभाग ने पिछले दो वर्षों में 92,619 कार्य आवंटित किए हैं, जिनमें से 74,336 पूरे हो चुके हैं जबकि 18,253 कार्य अधूरे हैं। इन कार्यों पर अब तक 6605 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं और ठेकेदारों को 4000 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अभी 2477 करोड़ रुपए की पेमेंट शेष है।

चौपाल विधायक बलबीर वर्मा के सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नेरवा में नया बस अड्डा बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन का चयन हो चुका है और यहां एचआरटीसी अपना डीजल पंप भी लगाएगा। उन्होंने बताया कि चौपाल क्षेत्र में पूर्व सरकार के समय सात बस रूट बंद कर दिए गए थे। क्षेत्र में 148 बसें स्वीकृत हैं, लेकिन उपलब्ध केवल 121 हैं। इनमें से 42 बसें नेरवा इलाके में जाती हैं।

### नई बसें खरीदने का ऑर्डर

**अग्निहोत्री** ने कहा कि रूट बहाली के लिए सरकार गंभीर है और एचआरटीसी ने नई बसों की खरीद के ऑर्डर दे दिए हैं। इनके आने पर बंद पड़े रूटों को बहाल किया जाएगा। जिन 14 बस रूटों का जिक्र हुआ है, उनमें से केवल तीन रूटों पर बसें उपलब्ध नहीं हैं। बाकी रूटों पर वैकल्पिक सेवाएं चलाई जा रही हैं। वहीं, विधायक बलबीर वर्मा ने सदन में कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 14 रूट बंद हुए थे, जिनमें से खदर-सोलन रूट आय अर्जित करने वाला था और इसे बंद नहीं करना चाहिए था। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उस रूट की कमाई महज 35 रुपये थी। फिर भी इसे दोबारा शुरू करने पर अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।

# पीएम गति शक्ति पोर्टल में पांच प्रमुख सड़कों का भेजा प्रस्ताव : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



विधानसभा में शून्यकाल के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने पीएम गति शक्ति पोर्टल में पांच प्रमुख सड़कों को शामिल करने का प्रस्ताव भेजा है। इनमें ज्वालामुखी-देहरा-ज्वाली-राजा का तालाब- जसूर, कलूर-धनेटा-बड़सर-बरठीं-बच्छाल, सलापड़-हरनोरा-कसोल-तत्तापानी-सुन्नी-लूहरी, द्रमण-सिंहूता-चुवाड़ी-जोत-चंबा और शिमला-नालागढ़-कनौली सड़क शामिल हैं। इन मार्गों के लिए केंद्र से वित्तीय मदद की मांग की गई है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आने वाले समय में छैला-नेरीपुल-ओच्छघाट और रोहड़ू-कोटखाई-चैपाल-सोलन मार्गों को भी इस योजना में शामिल करने का प्रयास होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (चौथा चरण) में प्रदेश में 1500 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण होगा, जिससे दुर्गम इलाकों में भी बेहतर सड़क सुविधा पहुंचेगी और समान विकास का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा। इस मुद्दे पर सदन में अनोखा नजारा दिखा। विक्रमादित्य सिंह ने केंद्र सरकार का आभार जताया तो विपक्षी विधायकों ने भी टेबल बजाकर समर्थन किया। मंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल को केंद्र से सड़कों के निर्माण और अपग्रेडेशन के लिए 3960 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

वहीं, पच्छाद विधायक रीना कश्यप ने शून्यकाल में अपने क्षेत्र की खस्ताहालत सड़कों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सोलन-राजगढ़-मीनस, रेणुका-शिलाई और पच्छाद-रोहड़ू-कोटखाई-चैपाल-सोलन सड़क की स्थिति बेहद खराब है। रीना ने मांग की कि इन सड़कों को जल्द डबललेन बनाया जाए और राजगढ़-नौहराधार-मीनस मार्ग को चौड़ा किया जाए। इस पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आश्वासन दिया कि संतुलित विकास के तहत इन क्षेत्रों की सड़कों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## सदन की ओर...




ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर तथा (दाएं) पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल।



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ सदन की ओर जाते भाजपा विधायक।




विधायक हंसराज व लोकेंद्र कुमार तथा (दाएं) कृषि मंत्री चंद्र कुमार।




इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन तथा (दाएं) अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

# भाजपा नेताओं ने जगत सिंह नेगी के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार और मीडिया प्रभारी विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा नेता प्रतिपक्ष पर अनुचित टिप्पणी की और असभ्य भाषा का प्रयोग किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि मंत्री नेगी की भाषा और शब्दों का उच्चारण अत्यंत निंदनीय है। उनका व्यवहार केवल नेता प्रतिपक्ष ही नहीं, बल्कि हिमाचल की जनता, जिला मंडी और सराज की जनता का अनादर है। भाजपा विधायक दल ने एक स्वर में निर्णय लिया है कि वर्तमान सत्र के दौरान मंत्री जगत सिंह नेगी से कोई प्रश्न नहीं पूछेंगे, न प्रस्ताव के समय उत्तर देंगे और न किसी चर्चा में भाग लेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह किसी भी मंत्री के लिए शर्म की बात है कि भाषा शैली और व्यवहार की वजह से पूरे सत्र के लिए उसका बहिष्कार किया गया। भारतीय जनता पार्टी ने मंत्री के इस आचरण को बर्दाश्त न करने का स्पष्ट निर्णय लिया है।

## विधानसभा में गूंजा ड्राइवरों का मुद्दा

# बिजली बोर्ड से 81 आउटसोर्स चालकों की सेवाएं समाप्त

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य सरकार ने साफ किया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) में कार्यरत 81 आउटसोर्स ड्राइवरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

**सरकार बोली, पुनर्नियुक्ति की कोई नीति नहीं, स्क्रैप वाहनों के साथ खत्म हुई सेवाएं**

सरकार ने बताया कि पुराने 169 वाहनों को स्क्रैप किए जाने के बाद ये चालक अधिशेष हो गए और कैबिनेट उपसमिति की सिफारिशों पर उनकी सेवाएं समाप्त करनी पड़ीं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक योगेश कुमार और विपिन सिंह परमार के प्रश्न के लिखित उत्तर में स्पष्ट किया कि 'बर्खास्त आउटसोर्स चालकों की पुनर्नियुक्ति के लिए कोई नीति विचाराधीन नहीं है।' सरकार ने दोहराया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी नहीं माना जाता और उनकी सेवाएं केवल विभागीय आवश्यकता या प्रदर्शन पर निर्भर होती हैं।

### यूनियनों की नाराजगी की आशंका

**सदन** को यह भी बताया गया कि वर्तमान में एचपीएसईबीएल में 7,125 तकनीकी, 3,032 गैर-तकनीकी और 3,156 आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। सरकार ने कहा कि इन पदों को युक्तिसंगत बनाने पर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। इस बीच कर्मचारी संगठनों की ओर से इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया की संभावना जताई जा रही है। उनका कहना है कि नीति आधारित फैसलों से प्रभावित श्रमिकों की आजीविका की रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी है, चाहे वे आउटसोर्स आधार पर ही क्यों न हों।

# हिमाचल में निर्माण कार्य के लिए होगी मैपिंग : धर्माणी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भवन निर्माण और अन्य प्रोजेक्ट अब तय मानकों के अनुरूप ही होंगे। प्रदेश में यह पता लगाने के लिए मैपिंग की जाएगी कि कौन से इलाके भवन निर्माण के लिए सुरक्षित हैं। टीसीपी मंत्री राजेश धर्माणी ने विधानसभा में आपदा पर चर्चा के दौरान बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में जमीन की वैज्ञानिक मैपिंग होगी। शहरी क्षेत्रों में 1000 वर्गमीटर और टीसीपी एरिया में 600 वर्गमीटर जमीन खरीदने वाले लोग अब टीसीपी दायरे में आएंगे और उन्हें निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नक्शा पास करवाना होगा। धर्माणी ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भवन निर्माण के लिए एनओसी की शर्त हटा दी थी। इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश हुई और लोगों ने मनमर्जी से भवन खड़े कर दिए। नतीजा यह हुआ कि आज डंगे और भवन गिर रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि अब ऐसी गलती दोहराई नहीं जाएगी। धर्माणी ने चिंता जताई कि प्रदेश में ज्यादातर बड़े प्रोजेक्ट नालों और खड्डों के किनारे बने हैं, जिससे हर साल आपदा के समय सरकार और जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब निर्माण कार्य सिर्फ सुरक्षित जगहों में होंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र के पांचवें दिन ली सलामी



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सचिवालय के बाहर स्लामी लेते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया जब सचिवालय पहुंचे तो उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस दौरान उन्होंने विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था में शुचिता और गंभीरता का निर्वहन करना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सदन ही सबसे बड़ा माध्यम है। मानसून सत्र के पांचवें दिन कार्यवाही आरंभ करने से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन में प्रवेश करते हुए सभी विधायकों का अभिवादन स्वीकार किया। अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं का मूल आधार पारस्परिक सम्मान है और इस परंपरा को बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि संवाद और सहयोग की भावना से ही विधानसभा की कार्यवाही सार्थक और उपयोगी बनती है। अध्यक्ष ने कहा कि विधानमंडल में उठाए जाने वाले प्रश्न और चर्चाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था को गहराई प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चाओं का सीधा असर जनता के जीवन से जुड़ी नीतियों और योजनाओं पर पड़ता है, इसलिए जनहित को सर्वोपरि रखकर कार्यवाही चलाना ही सर्वोत्तम लोकतांत्रिक परंपरा है।

# सीएम सुक्खू बोले-उपक्रमों को घाटे से निकाल आत्मनिर्भर बना रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में प्रदेश के उपक्रम भ्रष्टाचार और लूट के अड्डे बन चुके थे। जनता की संपदा को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, जिससे ये संस्थान घाटे में डूब गए।

**प्रगति का आधार बने राज्य के उपक्रम, पिछली सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप**



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इन उपक्रमों को सुधारकर हिमाचल की प्रगति का आधार बनाया है। अब ये घाटे के बोझ से मुक्त होकर विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हैं। सुक्खू ने कहा कि यह बदलाव प्रदेश की आर्थिक मजबूती का प्रतीक है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ये उपक्रम हिमाचल की जनता की साझी संपदा हैं। इनसे प्राप्त होने वाली आय को सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लगा रही है, ताकि हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

सुक्खू ने आश्वस्त किया कि उपक्रमों से मिलने वाली आमदनी का लाभ सीधे प्रदेशवासियों को मिलेगा। सरकार का लक्ष्य है कि इस आय से सामाजिक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाए तथा लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

# विधानसभा में गूंजा 'कैंसर का दर्द'

## सरकार कीटनाशक नियंत्रण को लेकर गंभीर : सुक्खू

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सदन में अपनी बात रखते हुए।

**शिमला।** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में शुक्रवार को स्वास्थ्य और जीवन की सबसे बड़ी चुनौती गूंज उठी। सदन में सेब उत्पादक क्षेत्रों में कैंसर के मामलों में हो रही तेज बढ़ोतरी पर चिंता जताई गई। सवाल यह था, क्या सेब की मिठास अब जहर का असर समेटे हुए है? कांग्रेस पार्टी के ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिमला और मंडी के गांवों में बीमारी का फैलाव खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है और इसका सीधा कारण अनियंत्रित कीटनाशकों व रसायनों का प्रयोग है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वीकार किया कि हिमाचल प्रदेश कैंसर मामलों में देश में शीर्ष पर खड़ा है। उन्होंने ऐलान किया कि कृषि मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित होगी, जो सुरक्षित कीटनाशकों और उर्वरकों की सूची तैयार करेगी। इसमें विधायकों को भी शामिल किया जाएगा ताकि नीति जनता के हित में और पारदर्शी हो। साथ ही, मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध जांच सुविधाओं का दायरा सभी जिला अस्पतालों तक बढ़ाया जाएगा।

### ठेकेदारों की कार्यशैली और परिवहन सेवा पर तीखी बहस

**वहीं,** सदन में विकास योजनाओं, ठेकेदारों को दिए गए कार्यों और परिवहन सेवाओं पर भी तीखी बहस छिड़ी। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सरकार पर पक्षपात के आरोप लगाए तो मुख्यमंत्री ने सिराज में मिली मंजूरियों का हवाला देते हुए पलटवार किया। परिवहन के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वीकार किया कि कई रूटों पर बस सेवाएं अपर्याप्त हैं, लेकिन राजस्व घाटे का हवाला देकर कुछ प्रस्तावों को टाल दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष पठानिया पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में होंगे शामिल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 24 और 25 अगस्त को दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन भारत के पहले निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष वीर विट्ठलभाई पटेल के 100 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। पठानियां शनिवार को शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उनके साथ विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा और संयुक्त निदेशक विधानसभा हरदयाल भारद्वाज भी जाएंगे।

इस सम्मेलन में सभी राज्यों के विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारी, विधान परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे, जबकि राज्यसभा उप-सभापति डॉ. हरिवंश भी इसमें उपस्थित रहेंगे। पठानिया इस अवसर पर विट्ठलभाई पटेल भारत के संविधान और विधायी संस्थाओं को आकार देने में उनकी भूमिका विषय पर अपना संबोधन देंगे और कई सत्रों का संचालन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त 24 अगस्त को शाम 6.30 बजे लोकसभा भवन एनेक्सी में बारबाडोज (वेस्टइंडीज) में होने वाले 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन को लेकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रिफिंग बैठक में भी पठानिया भाग लेंगे।

**टकराव** 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के दौरान हाई-वोल्टेज ड्रामा, सह-प्रभारी की अपील भी रही नाकाम

# सुक्खू-विक्रमादित्य समर्थकों में नारेबाजी, दिखी गुटबाजी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का राजीव भवन शुक्रवार को सियासी घमासान का गवाह बना। एक तरफ पार्टी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान की शुरुआत कर रही थी, वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समर्थक आपस में टकराव हो गया। दफ्तर के भीतर नारों की गूंज इतनी तेज थी कि मंच पर बैठे कांग्रेस प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष और मुख्यमंत्री की अपीलें भी बेअसर साबित हुईं। अचानक हुए इस शक्ति प्रदर्शन ने पार्टी की अंदरुनी खींचतान को खुलकर सामने ला दिया।

इस मौके पर सीएम सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी मतदाताओं के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। देशभर में वोट चोरी का अभियान छेड़ा गया है, जिसे हिमाचल में भी ब्लॉक स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा से पास बिल महीनों से राजभवन में अटके हैं और यहां तक कि वाइस चांसलर की नियुक्ति पर भी कैबिनेट को दरकिनार कर फैसला किया गया।



हिमाचल कांग्रेस दफ्तर में नारेबाजी करते सुक्खू और विक्रमादित्य समर्थक।

### प्रभारी पाटिल का केंद्र पर वार

**प्रदेश** प्रभारी रजनी पाटिल ने केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप जड़ा। उन्होंने कहा कि जिस तरह यूपी में बुलडोजर चलता है, उसी तरह दिल्ली में लोकतंत्र पर बुलडोजर चल रहा है। राहुल गांधी सबूतों के साथ वोट चोरी का खुलासा कर चुके हैं और 'अधिकार यात्रा' इसी लड़ाई का हिस्सा है।

### प्रियंका से पूरी करवाएंगे ₹1500 की गारंटी : सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में शुक्रवार को एक तरफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का आगाज हुआ तो दूसरी ओर संगठनात्मक बिखराव भी मंच से साफ झलक गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजीव भवन से ऐलान किया कि जल्द प्रियंका गांधी वाड्रा की शिमला रैली करवाई जाएगी और वहीं से 1500 रुपए गारंटी पूरी करने की घोषणा करवाई जाएगी। इसी सम्मेलन के दौरान शिमला कांग्रेस कार्यालय में मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह समर्थकों की नारेबाजी ने पार्टी की अंदरुनी खींचतान को सार्वजनिक कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग 1500 रुपए की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं, मगर प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधरते ही इसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 10 फीसदी बढ़ाने की योजना बनाई गई है और संगठन को मज़बूत करने के लिए बीएलओ को सक्रिय करना होगा, ताकि वोट चोरी जैसी स्थितियां न पैदा हों। अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव व हिमाचल प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि बिहार की तर्ज पर हिमाचल में भी कांग्रेस की अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही केंद्र सरकार की 'मनमानी' के खिलाफ राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर अपनी ही सरकार की आलोचना से बचने की नसीहत भी दी।

**आर्थिक हालात सुधरते ही गारंटी होगी पूरी**

# भारतीय विधि संस्थान हरिदेवी के स्टूडेंट्स ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



छात्रों से मुलाकात कर सवाल पूछते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

भारतीय विधि संस्थान हरिदेवी, घणाहट्टी के 110 छात्र-छात्राएं शुक्रवार को हिमाचल विधानसभा सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की और सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया। मुलाकात के दौरान छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष से संसदीय प्रणाली, सदन की कार्यवाही, पीठासीन अधिकारी की भूमिका और सत्र संचालन से जुड़े प्रश्न पूछे। अध्यक्ष पठानियां ने छात्रों को विस्तृत जानकारी दी और कार्यवाही की बारीकियों से अवगत करवाया।

अध्यक्ष ने संवाद के दौरान कहा कि जनता विधायक को सीधे मताधिकार से चुनती है और देश लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत संचालित है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने का कार्य संसद और विधानसभाओं के पास है, जो संविधान द्वारा निर्धारित है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने 140 करोड़ भारतीयों को एकता, सद्भाव और प्रगति की राह दिखाई है।

**अध्यक्ष से की मुलाकात छात्रों से पूछे सवाल**

उन्होंने कहा कि युवा अब लोकतंत्र के प्रहरी हैं और उन्हें संसदीय प्रणाली को मजबूत करना होगा। चाहे प्रशासनिक अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि, हर युवा अपनी भूमिका से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का स्मरण कर छात्रों से कहा कि संविधान और सरकार चुनने के अधिकार की रक्षा करना हर नागरिक का दायित्व है। अध्यक्ष ने सभी छात्रों को सदन की कार्यवाही देखने का निमंत्रण दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### सीयू ने शुरू किए कौशल वृद्धि के कोर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आगामी तीन-चार वर्षों में पूरे विश्व को 30 करोड़ स्किल मैनपावर की जरूरत होगी। 70 फीसदी स्किल मैनपावर की क्षमता भारत के पास है। यह बात केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कौशल में वृद्धि के उद्देश्य से केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश ने पहल की है, जिसके तहत हर विद्यार्थी को 10 या बीस क्रेडिट की कौशल वृद्धि कोर्स करना अनिवार्य कर दिया है। जो भी विद्यार्थी केंद्रीय विश्वविद्यालय से पास होकर जाएंगे, उन्हें जो डिग्री दी जाएगी, उस के साथ संबंधित विद्यार्थी को कौशल वृद्धि का 10 क्रेडिट का सर्टिफिकेट या 20 क्रेडिट का डिप्लोमा कोर्स दिया जाएगा। हर विभाग अपने स्तर पर उद्योग से सहयोग करेगा। जिसके तहत उद्योग की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल को निखारा जाएगा। इसके लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के कौशल की वृद्धि हेतु 40 कोर्सिस चिन्हित किए हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए ड्यूल डिग्री और ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम भी शुरू किए हैं, जिनके प्रति विद्यार्थियों का खासा रुझान देखा जा रहा है।

### नीति महाजन जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर




**रमन राणा, अनंत ज्ञान, भडवार।** समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब की प्रधान नीति महाजन, स्वर्गीय राकेश महाजन की बहू होने के नाते, हमेशा जरूरतमंदों और गरीबों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं। स्वर्गीय राकेश महाजन ने नूरपुर क्षेत्र में सामाजिक कार्यों और विकास में अहम भूमिका निभाई थी। उनका जीवन गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित रहा। इसी राह पर चलते हुए नीति महाजन भी समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानकर आगे बढ़ रही हैं। क्लब द्वारा सिविल अस्पताल नूरपुर के मरीजों व स्टॉफ को फल बांटे गए। विशेषकर अनाथ बच्चों, विधवाओं और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों की मदद के लिए वे आगे बढ़कर हाथ थामती हैं। उनका मानना है कि समाज में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करे। यही सोच ससुर स्व. राकेश महाजन की प्रेरणा से मिली है।

### 4 खंडों में टीजीटी कला संघ के खंड चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के कांगड़ा जिले में जारी खंड चुनावों का क्रम जारी है। बैजनाथ खंड में केवल कौंडल प्रधान, विवेक शर्मा को वरिष्ठ उप- प्रधान, पवन कुमार को उप- प्रधान, संदीप सूद को महासचिव, मनीष ओहरी को कोषाध्यक्ष, इंद्र सेन को समन्वयक चुना गया। पचरुखी खंड में रवि भूषण राणा को प्रधान, राकेश डोगरा को वरिष्ठ उप- प्रधान, सुरजीत सिंह को उप- प्रधान, राजेश शर्मा को महासचिव और शिव भंगालिया को उप- प्रधान चुना गया है। देहरा खंड में बलवीर सिंह को प्रधान, सुनील कुमार को उप- प्रधान, वंदना देवी को महासचिव, अंजू बाला को कोषाध्यक्ष चुना गया। धर्मशाला खंड में पवन कुमार मोंगू को प्रधान, यशपाल सिंह को महासचिव, पवन कुमार को कोषाध्यक्ष और अशोक कुमार को समन्वयक चुना गया है। संघ के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने शुभकामनाएं दी हैं।

### अमित गौतम के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा तथा संघ के सदस्यों जुगल किशोर, अरुण शर्मा, रणविजय सिंह, दवेंद्र शर्मा, विजय कुमार, विजय शर्मा, रामदास शर्मा, मदनलाल शर्मा, बलदेव राज, प्रेम कुमार ने संघ के कर्मठ सदस्य सतीश गौतम के पुत्र अमित गौतम के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। संघ का कहना है कि दुख की इस घड़ी में संघ सदस्य शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

# हमीरपुर व ऊना में बढ़ा ड्रैगन फ्रूट खेती का रुझान

## जसूर में सरकारी प्लॉट में तैयार किया पूसा हाइब्रिड आम का प्रदर्शन प्लॉट

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** भले ही ड्रैगन फ्रूट की पहली नर्सरी जिला कांगड़ा में स्थापित की गई हो, लेकिन अब हमीरपुर व ऊना के किसान भी ड्रैगन फ्रूट की खेती को अग्रसर हो रहे हैं।

यही नहीं देहरा और नादौन में किसानों ने एवोकाडो जिसे मक्खनफल या रुचिरा भी कहते हैं, इन फलों की खेती भी शुरू कर दी है। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) द्वारा करीब चार साल पहले तैयार हाइब्रिड आम की विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन प्लॉट जसूर में स्थापित किया गया है।

इस प्लॉट में तैयार किए गए हाइब्रिड आम पूसा की पूसा श्रेष्ठा, पूसा लालिमा, पूआ अरुणिमा, पूसा मल्लिका किस्मों के पौधे तैयार किए गए हैं। आम की यह हाइब्रिड किस्त आम की अन्य किस्मों के मुकाबले रंग के मामले में पूर्णतया भिन्न है। गौरतलब है कि आम, लीची, नींबू प्रजाति व पपीता का उत्पादन कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना जिला उक्त सदाबहार फलों के लिए जाने जाते हैं।



देहरा और नादौन में किसान कर रहे मक्खनफल की खेती



जिला कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर व ऊना में किसान ड्रैगन फ्रूट, ब्लूबेरी और एवोकाडो की खेती के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। ड्रैगन फ्रूट के साथ ब्लूबेरी की पहली नर्सरी भी जिला कांगड़ा में स्थापित है। हाइब्रिड आम पूसा का प्रदर्शन प्लांट जसूर में सरकारी स्तर पर स्थापित किया गया है।
-डॉ. कमलशील नेगी, ज्वाइंट डायरेक्टर, उद्यान विभाग कांगड़ा जोन धर्मशाला।

### ड्रैगन फ्रूट व ब्लूबेरी की पहली नर्सरी कांगड़ा में

**बागवानी** विभाग के कांगड़ा जोन के अंतर्गत आते जिला कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर में फलों की नई वैरायटी ड्रैगन फ्रूट, ब्लूबेरी, एवोकाडो की खेती के प्रति भी किसानों का खासा रुझान देखा जा रहा है। कांगड़ा जिला में कई लोग ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे हैं, जिन्हें सरकार की ओर से सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है। हमीरपुर व ऊना में भी ड्रैगन खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ा है। देहरा और नादौन के बमराह में भी किसान ने एवोकाडो की खेती करना शुरू कर दिया है। ब्लूबेरी की जिला कांगड़ा की पहली पंजीकृत नर्सरी जिला कांगड़ा में ही गोपालपुर में है, जहां टिशू कल्चर से प्लांटस तैयार किए जाते हैं।

# सरकारें जिम्मेदारियों से भागती रहीं तो सड़कों पर उतरेंगे कर्मचारी : कल्याण भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश के 43,000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिन्होंने 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2022 के बीच अपनी सेवाएं समाप्त कीं, को छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के तहत संशोधित ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, और अर्जित अवकाश नकदीकरण के बकाया एरियर्स का भुगतान आज तक नहीं किया गया। यह न केवल आर्थिक शोषण है, बल्कि पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व वाली सरकारों द्वारा संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करने का घृणित कृत्य है। पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने इस मामले में हैरतअंगेज रिकॉर्ड स्थापित किए, जो निंदनीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभों को रोककर एक स्थापित विधि-सम्मत परंपरा को तोड़ दिया, जिसमें सेवानिवृत्ति के लाभों का अविलंब एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया जाता था। वहीं दूसरी ओर वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस मामले में कोई राहत नहीं दी। उन्होंने तो संवैधानिक अनुचितता का परिचय देते हुए विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में बकाया एरियर्स के चरणबद्ध भुगतान का प्रस्तावित किया था, लेकिन आज तक इस प्रस्ताव को लागू नहीं किया गया। यह वादाखिलाफी न केवल पेंशनर्स के साथ धोखा है, बल्कि हाईकोर्ट के निर्देशों की अवमानना भी है, जिसने 2016 से लागू संशोधित वेतनमान के एरियर्स के भुगतान का आदेश दिया था। यदि सरकारें अपनी जिम्मेदारियों से भागती रहीं, तो कर्मचारी और जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# स्वां खड्ड में अवैध खनन करते एक पोकलेन व दो टिप्पर जब्त

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** वीरवार देर रात जंडौर स्वां खड्ड में अवैध खनन करने वालों पर पुलिस ने अपना शिकंजा कसा व पंजाब और हिमाचल की सीमा पर लगते स्वां खड्ड में अवैध खनन करते हुए एक पोकलेन व दो टिप्परों पर कार्रवाई की ।

**अवैध खनन करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा**

जानकारी के अनुसार वीरवार को संसारपुर टैरस पुलिस को सूचना मिली कि जंडौर स्वां खड्ड में अवैध खनन हो रहा है, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी संजय शर्मा व उनकी टीम ने स्वां खड्ड में दबिश दी।

स्वां खड्ड में पानी का बहाव तेज होने के बावजूद पुलिस कर्मचारियों ने अवैध खनन करने वालों को मौके पर अवैध खनन करते हुए पकड़ा। इस दौरान पुलिस ने अवैध खनन करते हुए एक पोकलेन व दो टिप्पर मौके पर पकड़े व खनन करने वालों से जब माइनिंग लीज मांगी तो वो मौके पर कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर उनके चालान काटे। वहीं एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को कब्जे में लिया है आगामी कार्रवाई के लिए कोर्ट में भेजा गया है ।

# बस चलाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत भदरोल, पनियाली, काहनफट, टोरु ,पीरा रझूं, गदियाड़ा, झरेट, चम्बी चीड़न, घटेड़, गलूही, लाहड़ मचाला, लाहड़ पनाहड़ा व कलूणा के स्थानीय निवासियों ने उपमंडलाधिकारी (नागरिक) धीरा को सड़कें खुलवाने और बस चलवाने हेतु ज्ञापन दिया।

उन्होंने एसडीएम धीरा सलीम आजम से कहा कि भारी बरसात के कारण क्रशर भदरोल के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके चलते बसों का आवागमन बंद हो गया है। स्कूल व कॉलेज के बच्चों को व दफ्तर में काम करने वालों को आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि धीरा से अन्य इलाकों का संपर्क टूट चुका है। उन्होंने एसडीएम से अनुरोध किया कि वे विभाग को शीघ्र अति शीघ्र सडक़ ठीक करवाने का आदेश दें। साथ ही क्रैशर से तलोल भदरोल सड़क जो दो तीन साल पहले बनी हुई है, विभाग द्वारा आज तक पास नहीं करवाई गई। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनाते समय जहां जरूरी डंगे लगवाने थे वहां नहीं लगवाए और जहां नहीं लगवाने थे वहां लगा दिए गए। इसलिए इस सड़क को शीघ्र अति शीघ्र पास करवाया जाए, ताकि बसों का आना जाना शुरू हो सके और लोगों को सुविधा प्राप्त हो। इसके साथ-साथ हिमाचल प्रदेश सरकार को भी एक ज्ञापन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सुनवाई नहीं होती है तो समस्त इलाका निवासी धरने पर बैठने के लिए मजबूर हों जाएंगे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए स्थानीय लोग, जो सड़क बंद होने से परेशान हैं।

### सड़क पास होने पर यातायात हो जाएगा बहाल : एसडीएम

**इस** बारे एसडीएम धीरा सलीम आजम ने इलाका निवासियों को कहा कि 27 अगस्त को तलोल रड पनियाली सड़क की पासिंग लोक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सड़क पास हो गई तो इस सड़क पर यातायात बहाल करवा दिया जाएगा।

# जल्द सुविधाओं से लैस होगा तियारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**अनंत ज्ञान, गगल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियारा की बैठक शुक्रवार को कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल की अध्यक्षता में हुई। वार्षिक रोगी कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। स्वास्थ्य केंद्र तियारा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विक्रम कटोच ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष हुए खर्च का ब्यूरो प्रस्तुत किया गया।

बैठक में बताया के तियारा स्वास्थ्य केंद्र जल्द दो महीने में नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। नए भवन में लोगों को हर प्रकार की सुविधाओं से निजात मिलेगी । इस अवसर पर कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल ने भी इलाका वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तैयार की ओर से अच्छी सुविधाओं देने का आह्वान किया और जसवाल ने त्यारा में स्थापित लैब की भी सराहना की जिससे इलाके के काफी लोग इस लैब का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। बीएमओ ने बताया कि इस वर्ष लगभग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियारा में 26000 के लगभग ओपीडी हुई।

कटोच ने बताया कि इस वर्ष सरकार के आदेश अनुसार अस्पताल में 10 रुपए की पर्ची भी शुरू कर दी गई है और जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियारा में जल्द एक्सरे की मशीन भी स्थापित कर दी जाएगी। इस अवसर पर रोगी कल्याण समिति के सदस्य देवेंद्र कोहली, स्थानीय पंचायत प्रधान तियारा की बेबी चौधरी, नीरज तलवाड़ व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# सोलन क्षेत्र बटन मशरूम और आयस्टर मशरूम के लिए अनुकूल



**हिमाचल** प्रदेश के सोलन क्षेत्र में मशरूम उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं। यहां की जलवायु और मिट्टी मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त है और सरकार भी इस क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। सोलन में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी और निजी पहलें हैं, जैसे कि प्रशिक्षण कार्यक्रम, वित्तीय सहायता और विपणन सहायता।

सोलन की जलवायु मशरूम की खेती के लिए अनुकूल है, खासकर बटन मशरूम और आयस्टर मशरूम के लिए। सोलन की मिट्टी मशरूम के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है। सरकार मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जैसे कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना। सब से बड़ा फैक्टर सोलन चम्बाघाट स्थित खुम्ब अनुसंधान निदेशालय होना है। यहां मशरूम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण केंद्र हैं, जो देशभर के किसानों को मशरूम की खेती के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करता हैं। सोलन में मशरूम की अच्छी मांग है और यहां के किसान आसानी से अपने उत्पादों को बाजार में बेच सकते हैं। मशरूम उत्पादन एक लाभदायक व्यवसाय है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है। मशरूम उत्पादन एक पर्यावरण के अनुकूल व्यवसाय है, जो कचरे को कम करने और खाद बनाने में मदद करता है। **-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।**

### सोलन में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कुछ सुझाव

**किसानों** को मशरूम की खेती के बारे में अधिक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना। मशरूम उत्पादन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना। मशरूम के लिए एक मजबूत विपणन प्रणाली विकसित करना। मशरूम उत्पादन के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना, जैसे कि शीत भंडारण सुविधाएं। मशरूम उत्पादन के बारे में जागरूकता बढ़ाना। सोलन में मशरूम उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। यदि किसानों को सही मार्गदर्शन और सहायता मिले, तो वे मशरूम उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं।

**हिमाचल के किसान अब मशरूम को अपनाने लगे आमदनी का साधन**

### कम जमीन की जरूरत

**मशरूम** उत्पादन के लिए न तो जमीन की जरूरत पड़ती है न ही विशेष सामान की। पराली जैसे वेस्ट में भी इसे उगाया जा सकता है। छोटे से कमरे में भी किसान मशरूम की खेती कर सकते हैं। खुम्भ अनुसंधान केंद्र सोलन के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने बताया कि मशरूम की खेती कर हिमाचल के किसान इसे अपनी आमदनी का साधन बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार अगर एक हेक्टेयर जमीन में धान और गेहूं लगाया जाता है तो प्रतिवर्ष किसान 50,000 कमाता है। वहीं, अगर एक हेक्टेयर भूमि पर प्रतिवर्ष मशरूम लगाया जाए तो किसान एक करोड़ तक की आमदनी कमा सकता है।

### मशरूम सब्जी के साथ-साथ दवा के क्षेत्र में अव्वल, विटामिन-डी की भरपूर मात्रा है उपलब्ध

**खुंब** अनुसंधान निदेशालय के निदेशक डॉक्टर वीपी शर्मा ने बताया कि मशरूम न केवल पौष्टिक सब्जी है बल्कि इसमें विटामिन-डी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। उन्होंने बताया कि अभी तक जितने भी मशरूम खुंब अनुसंधान केंद्र में इजाद किए गए हैं। वह सभी मेडिसिन के तौर पर बाजार में उतारे गए हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम में कुपोषण, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज शुगर, विटामिन, कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने की क्षमता मौजूद होती है। इन मशरूमों में गेनोड्रमा मशरूम, कॉर्डिसेप्स मशरूम व शिटाके मशरूम कई लाइलाज रोगों को दूर करने में लाभदायक सिद्ध हो रहा है।



डॉक्टर वीपी शर्मा, निदेशक, डीआरएम सोलन।

# किसान प्राकृतिक खेती से तलाशें खुशहाली का रास्ता

हिमाचल मेक किसान अब प्राकृतिक खेती में मक्का गेहूं के साथ-साथ मसाले की खेती से खुशहाली का रास्ता तलाशें। बहुत अधिक जद्दोजहाद के बाद आज हम कह सकते हैं कि सही अर्थों में हिमाचल अब प्राकृतिक खाद्यान्न उत्पादन की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और नए किसान अब प्राकृतिक खेती से जुड़ने लगे हैं। इस खेती को अगर किसी ने आगे बढ़ाया तो श्रेय सबसे पहले हिमाचल सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू को दिया जाना जरूरी है। कारण है कि प्राकृतिक खेती के उपज को सरकार ने खरीदने के लिए न्यूनतम सरकारी मूल्य जो किसानों के लिए निर्धारित किया है और सरकारी खरीद हो रही है इससे किसानों में प्राकृतिक खेती करने का साहस बढ़ा है। दूसरा हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय ने काफी शोध करके किसानों को तकनीकी ज्ञान दिया जो इस खेती को अपनाने के लिए आगे आए। तीसरा कृषि विभाग व जायका परियोजना ने भी प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया है।

एक तरह से कह सकते हैं सबके सामूहिक प्रयास और एक जुटता का परिणाम है जो जनता के सामने है। प्राकृतिक खेती में जो तेजी आ रही है वह कांग्रेस सरकार की खरीद निती से आगे बढ़ रहा है और इसे और आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में एक प्रसंस्करण इकाई की जरूरत है। जो गेहूं, मक्का और अन्य उत्पादों को खरीद करके उसको डिब्बा बंद करके हिमाचल प्राकृतिक दलिया, कार्न फ्लोर और अन्य तरह का नमकीन बनाकर देश के हर शहर में बेचा जा सकता है जिससे किसानों को उत्पाद बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अगर जनता ने 2027 में प्रदेश में सरकार नहीं बदला तो यह मान कर चलें की प्रदेश में प्राकृतिक खेती का क्षेत्र फल और तेजी से आगे बढ़ेगा जिसमें फसलों के साथ दाल वाली फसलें सब्जियां तथा फल का भी उत्पादन शुरू हो जाएगा।

। अगर सरकार बदल गई तो निश्चित ही नियम बदल जाएंगे हो सकता है नई सरकार खरीदने की नीति बदल दें, कि किसान स्वयं बाजार में बेचे में सरकारी खरीद नही होगी। प्राकृतिक खेती के उत्पाद के लिए हिमाचल में अभी 10 मंडी बन रही है जो किसानों से प्राकृतिक उत्पाद खरीद करेगी। यह एक सराहनीय कदम सरकार का है।

**प्राकृतिक खेती पर किसानों को दिया प्रशिक्षण :** प्राकृतिक खेती में अब किसानों को मसालों की खेती के लिए भी सरकार प्रशिक्षण दिलाए इसमें कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, डॉ. वाई एस परमार विश्व विद्यालय सोलन, कृषि विभाग तथा जायका शामिल है। वहीं सभी लोग मिलकर एक साक्षा निति बनाए अनुसंधान प्रसार की कि कौन से मसालों की खेती के लिए हिमाचल का कौन सा जिला उपायुक्त है उन जिलों में एक उत्पाद एक जिला की निती बनाई जाए और उत्पादन का





डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विवि पालमपुर

सरकारी खरीद सीधे हो।

अभी हिमाचल में हल्दी, अदरक, लहसुन की खेती होती है जो पूर्ण रूप से प्राकृतिक नहीं कह सकते हैं। हिमाचल प्रदेश अदरक उत्पादन में देश में केरल आसम के बाद तीसरा राज्य है। जहां अदरक की खेती और सोंठ बनाया जाता है। अब अदरक हल्दी, लहसून को पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेती के अंदर लाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इन फसलों की खेती से हिमाचल के किसानों की तकदीर अवश्य बदलेगी।

**हर उत्पाद दुनिया में हिमाचल ब्रांड से बिके:** बस हर उत्पाद एक ब्रांड नाम हिमाचल के नाम से देश में बिके जैसे दुनिया में हिमाचल की टोपी शाल का नाम है । उसी तरह से हिमाचल प्राकृतिक उत्पाद ब्रांड बने दुनिया में । आशा है वर्तमान सरकार इस पर जरूर विचार कर रही होंगी। अगर प्राकृतिक खेती के उत्पाद का हिमाचल ब्रांड बन गया तो जो युवा गांव से शहर भाग रहा है। वह भी गांव में रह कर प्राकृतिक खेती को खुशहाली का रास्ता बनाएगा। अभी सरकार को प्राकृतिक खेती के लिए जो कुछ किसानों की मदद कर रही है जैसे देशी गाय खरीदने में ड्रम खरीदने दवा बीज तथा ट्रांसपोर्ट सहायता। इस खेती में युवाओं को जोड़ने के लिए कम से कम पांच हजार हर माह एक साल तक एक तरह का प्रोत्साहन राशि की घोषणा करें की जो युवा प्राकृतिक खेती करेगा उसको सरकार एक वर्ष के लिए सहायता के साथ प्रोत्साहन राशि भी देगी। तब युवा सरकारी नौकरी की ओर नही भागेगा गांव में रूककर अपनी भूमि पर खेती करेगा।

**मसाला केंद्र हुआ राजनीति का शिकार :** वर्ष 2009-10 में हिमाचल में मसालों की खेती के लिए उस समय की सरकार ने एक मसाला केंद्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सहयोग से हमीरपुर जिला के नादौन तह सील के बड़ा पंचायत में जहां कृषि विश्वविद्यालय का कृषि विज्ञान केंद्र है वहां पर खोलने जा रही थी जमीन कृषि विज्ञान केंद्र ने कृषि विभाग को मसाला सेंटर खोलने के लिए दे दिया था चार हेक्टेयर भारत के मसाला बोर्ड ने गहन सर्वे भी किया था कि कौन कौन सी फसलें हो सकती है तथा सरकार को एक फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी दी थी कुछ बुनियादी सुविधाओं के अभाव को भी उस रिपोर्ट में उठाया गया था जैसे रेलवे की सुविधा हवाई मार्ग का अभाव आदि तथा अन्य, पर सरकार बदलते ही वह मसाला केंद्र एक तरह से राजनीति का शिकार हो गया और आज तक 2025 तक मसाला केंद्र पर कुछ काम नही हुआ । इस केंद्र की स्थापना का पुन: प्रयास होना चाहिए तथा उसी भूमि पर कार्यालय तथा प्रसंस्करण इकाई स्थापित करवाने का प्रयास सरकार पुन: करें तो किसानों को एक नया खुशहाली का रास्ता खाद्यान्न फसलों के साथ मसाला की फसलों से मिलेगा।

बस एक मजबूत इच्छा शक्ति की जरूरत है वैसे मुख्यमंत्री में इच्छा शक्ति है और यह जरूर पूरा होगा । मसाला केंद्र व प्रसंस्करण इकाई वह 2009-10 में इस केंद्र की स्थापना के लिए काफी प्रयास किया था तथा उस समय के वाणिज्य मंत्री आनंद शर्मा ने काफी सहयोग भी किया केंद्र स्थापित होने ही वाला था कि हिमाचल में सत्ता बदली और केंद्र एक फाइल में बंद है अब उस फाइल को पुन: खोलने की जरूरत आ गई है।

### केंद्र सरकार कर रही हिमाचल कि प्राकृतिक खेती की चर्चा

**कल** दिल्ली में भारत सरकार के सहकारिता मंत्री ने देश भर के सहकारी समिति के लोगों की बैठक में हिमाचल प्रदेश सरकार की भूरी भूरी प्रसंशा तारीफ कर रहे थे कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जो प्राकृतिक खेती के उत्पाद मक्का गेहूं को खरीदने के लिए न्यूनतम सरकारी मूल्य निर्धारित किया है और खरीद भी रहा है यह एक सरकार का सराहनीय कदम है । यह हिमाचल के किसानों का एक तरह से सम्मान है कि हिमाचल कि प्राकृतिक खेती की चर्चा केंद्र सरकार कर रही है। यही सफल नेतृत्व का एक उदाहरण है राज्य के हर नागरिक को गर्व करना चाहिए की सरकार जन हितैषी किसानों की हितैषी है। हिमाचल सरकार ने प्राकृतिक खेती में हल्दी के खरीद का भी न्यूनतम मूल्य 90 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया है यह किसानों के लिए वरदान साबित होगा, कारण जो किसान आवारा व जंगली जानवरों से परेशान होकर खेती छोड़ दिए थे। उनके लिए सुनहरा मौका है कि वह अब हल्दी की प्राकृतिक खेती शुरू कर दें।

### हल्दी की खेती से किसानों की आय में होगी बढ़ोतरी

**सरकार** अब प्रसंस्करण ईकाई भी लगाने पर विचार कर ही तो निश्चित ही किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। बस जरूरत है हल्दी की खेती शुरू करने की। और जो किसान युवा लड़के खेती नहीं करना चाहते हैं। वह इस हल्दी की प्राकृतिक खेती और अन्य मसालों की खेती में अपना भविष्य देखें और खुशहाली के रास्ते पर चले सरकार साथ है। बस युवा और किसान आगे आए। अगर प्रदेश के मुख्यमंत्री मसाला बोर्ड से बात करके उत्तर भारत में मसाले की खेती को बढ़ावा देने और इसके प्रसंस्करण के लिए ईकाई स्थापित करवाए जो कभी उनका सपना था अब साकार करें। इससे हिमाचल भारत में ही नहीं अपितु विश्व में अपना एक मुकाम प्राकृतिक खाद्यान्न तथा मसाले में बनाने में कामयाब हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा सीएचसी में रोगी कल्याण समिति का बजट प्रस्तावित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धीरा में रोगी कल्याण समिति की बैठक समिति के चेयरमैन एवं एसडीएम धीरा सलीम आजम की अध्यक्षता में बीएमओ भवारना डॉ. नवीन राणा, समिति के सचिव एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी धीरा डॉ. नवनीत चौहान की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र में पेश आ रही समस्याओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में ब्योरा प्रस्तुत किया गया कि गत वर्ष रोगी कल्याण समिति के माध्यम से 4,93,324 रुपए खर्च किए गए, जबकि वर्ष 2025-26 के लिए 10 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### छात्र संघ चुनाव बहाल न होने पर होगा प्रदर्शन : नैंसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाल न करने संबंधी जारी बयान की एबीवीपी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। परिषद प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का यह तर्क कि हिंसा के मामलों को देखकर छात्र संघ चुनाव बहाल करना सही नहीं है, पूरी तरह अलोकतांत्रिक और छात्र विरोधी है। छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे सरकार लगातार 2013 से छीन रही है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं करती तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन छेड़ेगी।

### पवन काजल के कार्यसमिति उपाध्यक्ष बनने पर मनाया जश्न

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल को हिमाचल भाजपा कार्यसमिति में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कांगड़ा भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने शहर के नेहरू चौक में लड्डू बांटकर जश्न मनाया। जयंती मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, बज्रेश्वरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा युवा विधायक पवन काजल को भाजपा के उपाध्यक्ष कि जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह हैं। काजल के उपाध्यक्ष बनने से कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र ओर ओबीसी वर्ग को भाजपा ने जो मान सम्मान दिया हैं आने वाले चुनावों में पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी कि जीत सुनिश्चित करेंगे।

### शिवनगर कॉलेज में लोक संस्कृति पर आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के संगीत विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के मार्गदर्शन में लोक-संस्कृति एवं संस्कारों पर आधारित एक विचार श्रृंखला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् रमेश चंद्र मस्ताना उपस्थित रहे। आगमन पर उनका स्वागत प्राचार्या संगीता सिंह व संगीत सह-आचार्य डॉ. उज्ज्वल कटोच सहित स्टाफ ने किया। मस्ताना ने पुस्तकालय के लिए अपनी मौलिक पुस्तकों की प्रतियां भेंट कीं। उन्होंने मां बोली कांगड़ी में कांगड़ा की समृद्ध लोक-संस्कृति पर भावपूर्ण वक्तव्य दिया, जिसे उन्होंने अपनी काव्य-रचनाओं से और रोचक बना दिया। छात्रों व आचार्यों ने उनकी प्रस्तुति का आनंद उठाया। समापन पर मस्ताना को अंग वस्त्र, हिमाचली टोपी व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

### क्षय रोगी के लिए निक्षय मित्र बनीं दुर्गेश

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एसएमओ कांगड़ा डॉक्टर अल्पना ने बताया टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोगी के लिए दुर्गेश निक्षय मित्र बनीं। उन्होंने क्षयरोग के 10 मरीजों को न्यूट्रीशन किटें बांटी और 6 माह तक उन्हें यह दी जाएंगी। जिला अक्षय रोग अधिकारी आरके सूद और एसएमओ कांगड़ा ने इस नेक कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। क्षय रोग की बीमारी का इलाज पूरी तरह संभव है इसके लिए रोगी को स्वास्थ्य विभाग के परामर्श अनुसार दवाई का अपना पूरा कोर्स करना जरूरी है इसके उपरांत क्षय रोगी पूरी तरह से स्वस्थ हो जाता है। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनने की अपील की।



### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्राचार्या राका शर्मा रहीं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को मानव जाति की नैतिक जिम्मेदारी बताया और इस तरह के अभियानों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. पवन राणा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद, जामुन, नीम, हरड़ व आंवला जैसे छायादार, औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। इस अभियान में कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लेकर पर्यावरण की दिशा में अपना सक्रिय योगदान दिया। प्रो. रवि सिंह पालसरा, प्रो. लेख राम नेगी, डॉ. संजीव शर्मा व डॉ. अमित शर्मा ने पौधरोपण में भाग लेकर इसे सफल बनाने में योगदान दिया। समापन पर सभी प्रतिभागियों से पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की गई।

### 25 और 26 को टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त, कांगडा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 25 और 26 अगस्त, 2025 को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

### लंज महाविद्यालय में पुस्तक का विमोचन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय स्नातक महाविद्यालय लंज के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक रघुवीर सिंह की आलोचनात्मक पुस्तक धूमिल की साहित्यिक दृष्टि का हाल ही में प्रतिष्ठित समकालीन प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशन हुआ। इस पुस्तक का विधिवत विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेखक की ओर से पुस्तक की प्रति महाविद्यालय को भेंट की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे और उन्होंने लेखक की इस शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह पुस्तक हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कवि धूमिल की रचनाओं और उनकी साहित्यिक दृष्टि का गहन एवं आलोचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करती है।

### रिड़कमार कॉलेज में पीटीए बैठक 25 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में अभिभावक-शिक्षक संघ की आमसभा का आयोजन 25 अगस्त प्रातः 11 बजे महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण तथा अभिभावक एक साथ बैठकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति, अनुशासन तथा सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। बैठक में महाविद्यालय की उपलब्धियों, विद्यार्थियों की प्रगति तथा आने वाले समय के लिए योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा।

### नेपाल से सोना जीत लौटे अमन का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** नेपाल में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में लम्बागांव के अमन चौहान ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश, प्रदेश और विधान सभा जयसिंहपुर का रोशन किया है। शुक्रवार को लम्बागांव के झुंगा देवी पहुंचने पर अमन चौहान का लम्बागांव ग्रामवासियों ने ढोल बजाकर एवं मिठाई बांटकर अमन चौहान का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक रविंद्र धीमान भी झुंगा देवी पहुंचकर अमन चौहान को बधाई दी।

### प्रस्तावित साक्षात्कार आगामी तिथि तक स्थगित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत ननाहर के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र वाड़ी खास-1 तथा ग्राम पंचायत स्पेडू के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्र गैहर में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु उपमंडलाधिकारी (नागरिक) पालमपुर के कार्यालय में 26 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि यह साक्षात्कार अब आगामी निर्धारित तिथि को आयोजित किए जाएंगे जिसकी सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को समय रहते उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# शातिर के झांसे में आकर पूर्व अधिकारी ने गंवाए 49.65 लाख

## अगस्त के मध्य तक 11 ट्रांजेक्शन से लूटा दी अपनी कमाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों द्वारा लोगों को चूना लगाने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला पालमपुर से सामने आया है, जहां एक पूर्व अधिकारी को साइबर ठगों ने 49.65 लाख रुपए की चपत लगाई है।

शिकायतकर्ता को जुलाई माह में व्हाट्सएप पर अज्ञात लिंक आया था, अज्ञात शातिर से बातचीत के दौरान झांसे में आए पूर्व अधिकारी ने अगस्त माह के मध्य तक करीब 11 ट्रांजेक्शन के माध्यम से अपनी कमाई ऑनलाइन ट्रेडिंग में गवां दी। ठगी का एहसास होने पर व्यक्ति ने साइबर ठाना में शिकायत दर्ज करवाई है, जिस पर साइबर थाना की टीम ने जांच आरंभ कर दी है।

साइबर थाना में दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पहले भी ट्रेडिंग में राशि लगाते थे, लेकिन कुछ समय से इसे बंद कर दिया था। जुलाई माह के मध्य में



### जुलाई में व्हाट्सएप पर आया अज्ञात लिंक

उन्हें व्हाट्सएप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए एक लिंक आया।

इस लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक ग्रुप में जुड़ गए और इसमें अज्ञात व्यक्ति के साथ उनकी बातचीत होने लगी। शातिर की ओर से उन्हें एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में राशि लगाने के लिए कहा और उसमें अच्छे मुनाफे की बात कही। शातिर के झांसे में आकर उन्होंने अगस्त माह के मध्य तक ही 10-11 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 49.65 लाख रुपए की राशि का निवेश किया। इसी माह जब उन्होंने अपनी राशि निकालने के लिए प्रयास किए तो यह नहीं निकली तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ और इसकी शिकायत दर्ज करवाई। उधर, एएसपी साइबर क्राइम थाना धर्मशाला प्रवीण धीमान ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर खातों की जांच की जा रही है।

## घर से चोरों ने उड़ाए लाखों रुपए

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के नंगलपुर थाना में चोरी के मामले में पुलिस की ओर से एक पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दिलीप कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नंगलपुर निवासी कप्तान सिंह पुत्र राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अगस्त की सुबह वह अपनी पत्नी ललिता कुमारी, जिसकी आंखों का ऑपरेशन जालंधर के एक अस्पताल में होना था, के साथ टैक्सी द्वारा घर का मुख्य गेट ताला लगाकर निकले थे। जब वह शाम करीब 6 बजे वापस लौटे तो उनके घर का ताला टूटा हुआ मिला। शिकायतकर्ता के अनुसार घर से करीब 20 तोले सोना, 10 तोले चांदी और लगभग 8 लाख रूनकद चोरी हो चुके थे। जांच के दौरान उसे पता चला कि दिलीप कुमार निवासी चंडीगढ़ कॉलोनी वार्ड नंबर 8 टांडा उड़मुड़ जिला होशियारपुर, हाल निवासी छन्नी डमटाल जिला कांगड़ा, ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में थाना नंगलपुर पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

## टांडा में सफल ऑपरेशन से बच्चे के दिमाग में भरा पानी निकाला

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज टांडा में न्यूरो सर्जरी विभाग ने एक 9 साल के बच्चे का सफल आपरेशन एक नया जीवन दिया। बताते चलें कि जिला कुल्लू में पिछले लगभग 25 सालों से रह रहे कन्हेया लाल ने बताया कि उनका बेटा आयुष जिसकी उम्र नौ साल है और उसे जन्म से ही ऐसी बीमारी थी जिस कारण उसके सिर का आकार बढ़ता गया। उन्होंने बताया की चंडीगढ़ पीजीआई ले गए परंतु वहां भी उसको देख डॉक्टरों ने असंतुष्ट जवाब दे दिया। 30 जुलाई को बच्चे को टांडा ले आए यहां डॉक्टर



मुकेश ने बचे को दाखिल करने को कहा और उसी दिन बच्चे को दाखिल कर उसका इलाज शुरू कर दिया और 9 अगस्त को बच्चे का सफल ऑपरेशन किया गया। न्यूरो सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉक्टर मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चा अब पहले से बेहतर है।

## भाजपा ने पंजाब सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज भाजपा ने पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में पठानकोट के वाल्मीकि चौक पर किया गया, जहां मान सरकार का पुतला फूंककर रोष व्यक्त किया गया।



सुरेश शर्मा ने कहा कि आप की सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है।

# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के लिए मिले 208 प्रस्ताव : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन कार्यालय, कांगड़ा स्थित धर्मशाला में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने की।

प्रकाशित की गई मतदान केंद्रों की सूचियों में नए मतदान केंद्र सृजित करने, वर्तमान केंद्रों का युक्तिकरण करने एवं मतदान केंद्र भवन परिवर्तन करने संबंधी जिले के सभी 15 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित कुल 208 प्रस्तावनाएं प्राप्त हुई थीं, जिन पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ जानकारी साझा की गई तथा चर्चा के उपरांत सभी प्रतिनिधियों ने इस संदर्भ में अपनी सहमति प्रकट की है। प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे वर्तमान 1642 मतदान केंद्रों एवं प्रस्तावित नए 94 मतदान केंद्रों हेतु बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति संशोधित प्रारूप बीएलए-2 पर करना सुनिश्चित करें, ताकि वे निर्वाचन संबंधी क्रियाकलापों एवं मतदाता सूचियों को अपडेट व त्रुटिरहित बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## अग्निवीर भर्ती : तीसरे दिन 565 ने दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अग्निवीर भर्ती रैली के तहत कांगड़ा-चंबा के युवाओं के लिए शारीरिक और मेडिकल जांच प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को तीसरे दिन खेल विभाग के सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में युवाओं ने खूब दमखम दिखाया।

तीसरे दिन 566 युवाओं को मैदानी परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिसमें 565 ने मैदान में पहुंचकर शारीरिक परीक्षा में दमखम दिखाया, जिसमें 313 आगामी चरण में भी प्रवेश कर लिया है, जबकि 252 उम्मीदवार मैदानी बाधा पार नहीं कर पाए। सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर की ओर से धर्मशाला सिंथेटिक ट्रैक में बुधवार से अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है।

## एचआरटीसी की बस रूट पर समय पर न आने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा से तलवाड़ा वाया बढ़ाल हिमाचल पथ परिवहन निगम की पठानकोट डिपो की बस रूट पर समय पर न आने से यात्रियों खासकर स्कूली बच्चों व कामगारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार सुबह यात्री व स्कूली बच्चे अपने गंतव्य पर जाने के लिए बस स्टैंड पर खड़े रहे लेकिन बस तकनीकी खराबी से अपने स्टेटस से ही 2 घंटे लेट निकली जिसके चलते सवारियों ने प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया है क्योंकि स्कूली बच्चों का पेपर भी था परंतु वो स्कूल में समय पर नहीं पहुंच सके । बस के चालक ने बताया बस में इलेक्ट्रिकल फॉल्ट है इस कारण बस स्टार्ट नहीं हुई । हिमाचल परिवहन पठानकोट डिपो की यह पहली बस सुबह 6:30 बजे डाडा सीबा से स्यूलखडड, मेहड़ा व घाटी होते हुए तलवाड़ा पहुंचती है ।

वहीं संसारपुर टैरस उद्योगों में काम करने वाले लोगों व स्थानीय लोगों ने कहा यही बस सुबह पहली व शाम को आखिरी बस होने के कारण कई लोगों को घरों तक पहुंचने का साधन है। लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है इस बस को सुचारू रूप से व सही बस भेजकर चलाया जाए।

पठानकोट डिपो के आरएम विजय कुमार ने बताया बस में तकनीकी खराबी आ गई थी व जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।

## हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर के अन्वय आजाद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# युवा एनजीओ ने बाढ़ प्रभावितों को दी लाखों की राहत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश के युवाओं द्वारा स्थापित युवा एनजीओ ने उम्मीद हिमाचल अभियान के अंतर्गत नर सेवा ही नारायण सेवा के मंत्र को साकार करते हुए राहत कार्यों को अंजाम दिया।

संस्था के अध्यक्ष कश्मीर सिंह के नेतृत्व में सदस्य प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। वहीं, प्रदेश और प्रदेश से बाहर के सदस्य लगातार आवश्यक सामग्री एकत्रित कर मंडी भेज रहे हैं। संस्था के प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर दीक्षित धलारिया ने बताया कि अब तक 5 लाख की लागत से 1004 तिरपाल खरीदकर प्रभावित क्षेत्रों में भेजे हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से बांटा जा रहा है। वहीं जरूरतमंद परिवारों को 1,51,000 नकद राशि, 3 गाड़ी राशन व 1 गाड़ी बर्तन भी उपलब्ध करवाए गए।

## पौंग डैम से पानी की निकासी जारी 200 कनाल फसल ब्यास में समाई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग डैम से पिछले 17 दिनों से पानी छोड़ा जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार 15 अगस्त को जलस्तर 1382.10 फुट रहा और 58,846 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। 21 अगस्त की सुबह 9 बजे तक जलस्तर 1384.44 फुट और निकासी 67,797 क्यूसेक दर्ज की गई। इसी दिन शाम 5 बजे जलस्तर 1384.41 फुट और निकासी 71,794 क्यूसेक रही, जबकि देर रात यह बढ़कर 1384.39 फीट व 73,794 क्यूसेक तक पहुंच गई। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पौंग डैम का जलस्तर 1383.68 फीट रिकॉर्ड किया गया।

इस दौरान 39,479 क्यूसेक पानी डैम में आया, जिसमें से 17,407 क्यूसेक टरबाइनों से और 57,518 क्यूसेक स्पिलवे से छोड़ा गया। कुल मिलाकर 74,925 क्यूसेक पानी की निकासी दर्ज हुई। किसानों की मक्की और धान की फसलें डूब गई हैं। अब तक करीब 200 कनाल कृषि भूमि फसलों सहित ब्यास नदी में समा चुकी है। गांवों में कई घरों को भी खतरा पैदा हो गया है। अभी तक नदी का पानी चार कच्चे आशियानों को बहा ले गया है।

## साहिल बने पीएनबी में स्पेशलिस्ट ऑफिसर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के छोटे से गांव सुभाषपुर डा. तियामल के साहिल ने पंजाब नेशनल बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर पद हासिल कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साहिल सुपुत्र गुरदयाल सिंह ने दसवीं तक की पढ़ाई राजकीय उच्च पाठशाला तियामल से तथा जमा दो की शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल देहरा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीएससी एसडी कॉलेज चंडीगढ़ से की और एमबीए सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला से पूर्ण किया है। साहिल के पिता गुरदयाल सिंह भाषा अध्यापक हैं और माता निशा रानी गृहिणी हैं। लोगों का कहना है कि साहिल की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## मैंने बनवाए 175 महिला मंडल भवन : काकू

**आशीष दमीर,अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 250 महिला मंडल हैं, 175 महिला मंडल मैंने बना दिए हैं। यह बात पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत ढुगियारी अप्पर में कही। काकू ने कहा कि मुझे जन शक्ति का आशीर्वाद मिलता रहा है। अब विकास के लिए संघर्ष करता रहा हूं और इससे मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।



## भड़ियारा का लापता रमेश कांगड़ा में मिला

**अनंत ज्ञान, गगल।** भडियाड़ा का 40 वर्षीय रमेश कुमार जो वीरवार से लापता था शुक्रवार को कांगड़ा में मिल गया। गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि रमेश की मोबाइल लोकेशन कांगड़ा में ट्रेस होने के बाद पुलिस तथा परिवार ने उस लोकेशन के आस पास की जगहों पर सर्च किया जिसके चलते रमेश को कांगड़ा में सुरक्षित ढूंढ लिया गया। पुलिस ने रमेश को उसके परिवार को सौंप दिया।

## सिस्टम की बेरहमी से बुजुर्ग पेंशनर परेशान

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान गरली।** सरकार की बुढ़ापा पेंशन योजना इन दिनों बुजुर्गों के लिए सहारा नहीं, बल्कि सजा बनती जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने इस व्यवस्था की पोल खोल दी है। वीडियो में एक बुजुर्ग महिला चक्कर खाकर जमीन पर गिरती दिख रही है, जिसने हर किसी का दिल दहला दिया। सवाल उठने लगे हैं कि क्या सिर्फ़ कुछ सौ रुपए की पेंशन के लिए बुजुर्गों को इस हाल में धकेलना ही सरकार की 'कल्याणकारी योजना' का मकसद है? दरअसल, पेंशनधारियों की केवाईसी प्रक्रिया के नाम पर बुजुर्गों को पोस्ट ऑफिस के चक्कर लगाने को मजबूर किया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि जैसे चुनाव आयोग घर-घर जाकर वोटर सूची का सत्यापन करता है, वैसे ही पेंशन के लाभार्थियों की ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान और अधिकारियों के जरिए पुष्टि की जाए।

## गाली-गलौज से रोकने पर दी मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान, गगल**

गाली-गलौज करने से रोकने पर और गाड़ी से 20 मीटर तक घसीटने के मामले को लेकर थाना गगल पुलिस ने 4 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 3 व्यक्ति गगल के एक निजी दुकान में आए ओर एक गाड़ी में सवार थे, जिन्होंने मोमोज की डिमांड की जिसमें दुकानदार ने कहा कि मैं मोमोज नहीं बेचता, ये सुनकर युवकों ने दुकानदार से गाली गलौज शुरू कर दी और साथ ही आसपास के सभी दुकानदार इकट्ठा हो गए और गाली गलौज करने को मना किया जिससे कार सवार सभी गाड़ी में बैठ गए और एक शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी देने लगे और बाद में शिकायतकर्ता को 30-40 मीटर तक घसीटते हुए ले गए, अस्पताल में दाखिल करवाया गया। गगल पुलिस ने रुस्तम, शाबीर, अमन, सुजल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उधम सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अस्पताल की दुर्दशा पर मुल्ख राज ने लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

चढियार में अस्पताल की दुर्दशा पर पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने विधायक किशोरी पर तीखा हमला किया।



जानकारी देते हुए पूर्व विधायक मुल्ख राज व अन्य।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में धार चढियार को तवज्जो दी गई थी, जिसके तहत वहां पर अस्पताल में स्टाफ की कमी नहीं आने दी, लेकिन प्रदेश सरकार ने झूठी गारंटियों के बलवूते लोगों को ठगा है जिससे जनता भलीभांति परिचित हो गई है। विधायक किशोरी लाल ने चढियार में लोगों की मांगों को अनसुना कर दिया जिसके चलते लोगों को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ा।

**समस्या**

## बीमार व्यक्ति को चारपाई पर लेकर जाने को मजबूर लोग, झलका दर्द

# धौंटा में सड़क सुविधा से महरूम वार्ड चार के लोग

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा के समीपवर्ती पड़ती पंचायत धौंटा वार्ड नंबर 4 के लोग आज भी सड़क जैसी सुविधा से महरूम है। आलम ऐसा है कि इस गांव के लोगों को मेन रॉड से अपने घर तक पहुंचने के लिए 1.5 किलोमीटर तक खड्ड नालों से होकर गुजरना पड़ता है। हालांकि यह पंचायत ब्लॉक खंड देहरा के अंतर्गत पड़ती है। यही नहीं बरसात के दिनों में लोगों उचित रास्ता नहीं होने की वजह से भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।



जब कोई इस गांव का व्यक्ति बीमार हो जाए तो चारपाई पर इलाज के लिए मेन रॉड तक लेकर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों में राकेश कुमार, शंभु दत्त, सुरजीत धीमान, संजीव कुमार, विनोद कुमार, महेंद्र सिंह, वरिंद्र सिंह, मनीषा देवी, सुनैना देवी, कुसुम देवी इत्यादि ने सरकार से मांग की है उनका यह सड़क जल्द बनाई जाए ताकि उन्हें सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहना पड़े।

लोगों के अनुसार बरसात में यह रास्ता खड्ड का रूप धारण कर लेती जिससे स्कूल में जाने वाले बच्चे या बीमार व्यक्ति को पहुंचा पाना बहुत कठिन हो जाता है। लोगों का आरोप है कि कई सरकारें आई और कई चली गई लेकिन आज तक उनकी सड़क की समस्या का कोई भी समाधान नहीं निकल पाया।

लोगों ने कहा की उनकी मांग को नहीं सुना गया तो स्थानीय ग्रामीण सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पंचायत प्रधान होशियार सिंह ने कहा कि रास्ते के लिए बजट नहीं होने की वजह से अभी तक रास्ते का पूरा निर्माण न हो सका। जैसे ही बजट का प्रावधान हो जाएगा सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा।

### करीब 2 किलोमीटर तक बना है रास्ता : पंच

**ग्राम** पंचायत धौटा वार्ड नंबर 4 की पंच मनजीत कौर ने कहा कि राशन डीपो से नीचे तक करीब 2 किलोमीटर का रास्ता है जिसमें से एक हिस्से तक सड़क पक्की करवाई गई है लेकिन बचा हुआ 1.5 किलोमीटर रॉड का सेल्फ डाला गया है परंतु अभी बजट नहीं आने की वजह से रॉड पूरा नहीं बन पाया।

### पैसा आने पर होगा निर्माण

**बीडीओ** देहरा मुकेश कुमार ने कहा कि रास्ते के लिए बजट का प्रावधान होने पर निर्माण करवाया जाएगा। कोई सेंक्शन पैसा पैंडिंग है तो उसे जल्द लगवाया जाएगा।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में करण और भारती शर्मा का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/ऊना**

ऊना में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर अंडर-19 एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में जिला कांगड़ा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। लड़कों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा के करण शर्मा ने हमीरपुर जिला के देवांश राणा को हराकर हिमाचल प्रदेश के विजेता बने। लड़कियों के एकल मुकाबले में जिला कांगड़ा की भारती शर्मा ने शिमला की प्रज्ञा वर्मा को हराकर हिमाचल प्रदेश टाइटल अपने नाम किया। लड़कियों के युगल मुकाबले में जिला कांगड़ा की भारती शर्मा एवं अमृता ठाकुर इस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे। लड़कों के युगल मुकाबले में कांगड़ा के करण शर्मा एवं हमीरपुर जिला के देवांश राणा की जोड़ी विजेता रही। मिश्रित मुकाबले में जिला कांगड़ा के करण शर्मा एवं शिमला की यक्षिता सामरा उपविजेता रही। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुनील मनोचा ने विजेता खिलाड़ी को जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की तरफ से बधाई दी।



## न्यूज ब्रीफ

### रोहड़ू में युवक से 92 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत डिटेक्शन सेल सब डिवीजन रोहड़ू ने 21 अगस्त को चिड़गांव में एक युवक से 92 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी शौर्य हर्षित मेहता (25) निवासी घंईचवाडी, रोहल को पकड़ा गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने हिमाचल प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की। संगठन ने कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा द्वारा चुनाव को लेकर दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बयान की कड़ी निंदा की और उनसे बयान वापस लेने की मांग की। एसएफआई के राज्य सचिव सन्नी सेक्टा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों को नेतृत्व और लोकतांत्रिक माहौल में भाग लेने का अवसर देते हैं। ये चुनाव प्रशासन और छात्र समुदाय के बीच पुल का काम भी करते हैं। उन्होंने लिंगदोह समिति (2006) का भी जिक्र किया। एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने 2014 में चुनाव बंद किया था। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदेशभर में बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी।

### ऑनलाइन बैंकिंग व शेयर बाजार की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर दूरसंचार विभाग ने पेंशनभोगियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। क्लेरेमोंट बिल्डिंग में हुए इस आयोजन में 71 पेंशनभोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, वित्तीय जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इसमें एसबीआई अधिकारियों ने निवेश, ऑनलाइन बैंकिंग और शेयर बाजार संबंधी जानकारी दी। साथ ही मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर में रक्त, आंख, दांत और फेफड़ों की जांच की गई। कार्यक्रम में डिजिटल युग की जरूरतों को देखते हुए साइबर सुरक्षा और जीवन प्रमाण पत्र बनाने पर विशेष सत्र रखा गया। आयुष चिकित्सा और योग पर कार्यशाला भी आयोजित हुई। समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और पेंशनभोगियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में नितिका ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय महाविद्यालय चायल-कोटी में रेड रिब्बन क्लब और महिला सेल के सौजन्य से ब्रेस्टफीडिंग और एचआईवी एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग में हर्ष ने प्रथम, हार्दिक ने द्वितीय और मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में नितिका प्रथम, महक द्वितीय और अंशिका तृतीय रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समूह-डी (वैभव, उदय, अमन, महक और दिव्यांशी) ने पहला स्थान हासिल किया। समूह-सी (नेहा, हीना, आंचल, तृतीय, मोनिका और रिद्धिमा) ने दूसरा तथा समूह-ए (रुचिका, तमन्ना, अंशिका, अंजली और निकिता) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करती हैं और उनके बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं।

### आशा वर्कर्स को दिया कुष्ठ रोग पर प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज ने शुक्रवार को आशा वर्कर्स की क्षेत्रीय बैठक में कुष्ठ रोग और अन्य संक्रामक बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है और इसके लक्षणों में शरीर पर सफेद दाग, अंग सुन्न होना, मांसपेशियों की कमजोरी और शरीर पर दाने शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में इसका उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. मनोज ने आशा वर्कर्स को फील्ड में लोगों को जागरूक करने और लक्षण पाए जाने पर तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी। इसके अलावा, स्क्रब टाइफस और बरसात में दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियों जैसे दस्त और उल्टी से बचाव के उपाय भी बताए। डॉ. ईशान कौशल ने टीबी के लक्षण, वरिष्ठ नागरिकों की छाती का एक्स-रे और रक्तचाप व शुगर जांच के बारे में जानकारी दी।

# लाल सेबों की चमक पर चिंता का साया

## रॉयल डिलीशियस किस्म के दाम गिरे, व्यापारियों पर मिलीभगत का शक

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश की घाटियों में लाल-लाल सेबों की चमक और बागों की हरियाली के बीच इस बार बागवानों के चेहरे पर चिंता के साये गहरे हैं। राज्य में रॉयल डिलीशियस किस्म के अच्छे सेबों के भाव पुराने स्तर पर लौट आए हैं। बागवानों का कहना है कि पहले कच्चे सेबों के दाम गिराए गए और अब जब लाल और बड़े आकार के सेब आए हैं तो व्यापारी बाजार न होने का हवाला देकर भाव घटा रहे हैं। औसत भाव अब केवल 1,300 से 1,600 रुपये प्रति कार्टन तक सीमित हैं, जबकि अच्छे सेब का मूल्य 1,800-2,000 रुपये तक होना चाहिए। बागवान इसे घाटे का सौदा मान रहे हैं और व्यापारियों की मिलीभगत की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जब बागवान मेहनत कर फसल मंडी लेकर आता है, तो उम्मीद होती है कि उसका उचित मूल्य मिलेगा। लेकिन व्यापारी बाज़ार न होने का बहाना बनाकर दाम घटा देते हैं, जिससे बागवान अंदर से टूट जाता है। कई क्षेत्रों में अधपके हरे सेब मंडियों में आए, वहीं कुछ इलाकों में वन कटान के कारण भी हरे सेब बाजार में पहुंचे। इस वजह से मंडियों में भाव और गिर गए और बागवान सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

पहले लागत कम और मुनाफा ज्यादा होता था। उस समय दवा का केवल एक बार छिड़काव होता था, खाद के लिए गोबर इस्तेमाल होता था और अधिकांश काम बागवान खुद करते थे। अब लागत अधिक और मुनाफा कम हो गया है। बागवानी विशेषज्ञ मानते हैं कि बाजार में कच्चे सेब की अधिकता और व्यापारी-बागवान असंतुलन के कारण भाव गिरे हैं।



▶ **बागवानों का कहना- फसल अच्छी होने के बावजूद मंडियों में गिरे भाव, औसत रेट अब 1300-1600 रुपए प्रति कार्टन तक सीमित**

### गुणवत्तापूर्ण सेब मंडियों में न आने से बाजार हुआ प्रभावित

**कृषि** उत्पाद मंडी समिति शिमला एवं किन्नौर, ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेबों के मंडियों में न आने से बाजार प्रभावित हुआ है। कई बागवान अधपके सेब लेकर आए, जिससे भाव गिर गए। किसान संघ भी मांग कर रहा है कि सरकार व्यापारियों की मिलीभगत की जांच करे और मंडियों में भाव को स्थिर करने के लिए तत्काल कदम उठाए। बागवानों का कहना है कि यदि उचित मूल्य नहीं मिला, तो इस बार का मौसम और मेहनत दोनों ही नुकसान में बदल जाएंगे।

# कोटखाई को-ऑपरेटिव यूनियन के पदाधिकारी शिक्षा मंत्री से मिले



को-ऑपरेटिव यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**जिला** शिमला की तहसील कोटखाई को-ऑपरेटिव यूनियन के नवनियुक्त चेयरमैन गुमान सिंह चौहान की अध्यक्षता में निदेशक मंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने गुमान सिंह चौहान को चेयरमैन, बृजेश कंवर को वाइस चेयरमैन और विभिन्न जोन स्तरों पर नियुक्त निदेशकों संदीप धर्मेईक, बृजेश चौहान, बालक राम सावंत और नीलम चौहान को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन की महत्ता पर बल दिया और नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे किसानों, बागवानों और आम लोगों की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि को-ऑपरेटिव संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और इनके सशक्त होने से समाज को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर चेयरमैन गुमान सिंह चौहान सहित सभी नवनियुक्त निदेशकों ने शिक्षा मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया और सोसायटी को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि पारदर्शिता और सहयोग की भावना से कार्य करते हुए कोटखाई क्षेत्र की सहकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के पद के लिए 12 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

▶ **चिड़गांव कार्यालय में जमा करें आवेदन पत्र**

**बाल** विकास परियोजना अधिकारी छौहारा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने के लिए महिला उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। इच्छुक महिलाएं 12 सितंबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी छौहारा, चिड़गांव के कार्यालय में अपना आवेदन जमा करवा सकती हैं।

परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि खरोट, मगवाणी, क्याणी, नावी और जयलोट केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त किए जाएंगे। वहीं, गजयाणी, हरवाणी, चिड़गांव, टिक्कर, मसली, झटवाड़ी, जिताटा, बठुआ, भेतियाणी, खशधार-1, चिचवाडी, मंझवाडी, बरशील, छिंगचवाडी, थईटवाडी, तांगणू, थलाथर, रमाई, खनीयारा, बाहलीधार, चांटी, पली, देसोटी, मातल, हिमरोल, शारकुली, गवास दोगरी, छछेडा, कुजवाणी, घंईचवाडी, झंझवाणी, शांथर, टिपरोली, शिरी, कोल्छा, कुतड़ा, रनोल-1 और गाड-2 केंद्रों में सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे।

इन पदों के लिए उम्मीदवार की वार्षिक पारिवारिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही उम्मीदवार संबंधित क्षेत्र की स्थायी निवासी होनी चाहिए। कार्यकर्ता और सहायिका दोनों पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है।

इच्छुक महिलाएं सादे कागज पर आवेदन पत्र अनिवार्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें। चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दिन सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। अधिक जानकारी के लिए चिड़गांव स्थित कार्यालय या दूरभाष संख्या 01781-292207 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शिक्षा मंत्री की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा नेता की कांग्रेस में वापसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर जुब्बल की ग्राम पंचायत शिल्ली के सिठीं गांव के वरिष्ठ नेता भूपिंदर सिंह ससरामटा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में फिर से शामिल हो गए। जुब्बल स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधान लोकिंदर चौहान की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

लोकिंदर चौहान ने भूपिंदर सिंह को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रोहित ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं, जो पार्टी की नीतियों में उनके विश्वास को दर्शाता है।

इस अवसर पर सिठीं गांव से किशोरी लाल चौहान, जुब्बल महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीता चौहान, नगर पंचायत जुब्बल के मनोनीत सदस्य लोकपाल शरकोली, प्राउंठी गांव से राकेश शरकोली और राजू चौहान सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने भूपिंदर सिंह का पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार जताया और उन्हें पूरा मान-सम्मान देने का आश्वासन दिया।

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से विधि विशेषज्ञों ने की मुलाकात

# हिमाचल में विधिक शिक्षा का नया कदम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर से डॉ. भूपिंदर जोधटा, प्रधानाचार्य अवस्थी विधि कॉलेज, नालागढ़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मुलाकात की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सरकारी और अन्य महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर विधि को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करना था। प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी सीबीएसई पाठ्यक्रम की तर्ज पर विधि विषय शुरू करने का सुझाव दिया। इस पहल का मकसद विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर पर विधिक साक्षरता, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता पैदा करना है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा।



शिक्षा मंत्री रोहित से डॉ. भूपिंद्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

### शिमला-धर्मशाला हाईवे पर मलबा डालकर कब्जा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के मंगरोट क्षेत्र में शिमला-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबे समय से चल रहा भूमि विवाद एक बार फिर उग्र हो गया है। शुक्रवार को विवादित जमीन पर दावा करने वाले स्थानीय व्यक्ति राजनकांत ने हाईवे की जमीन पर भारी मात्रा में मलबा डालकर लगभग 200 मीटर तक सड़क की एक लेन को अवरुद्ध कर दिया। इस घटना से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार, यह विवाद पिछले तीन वर्ष से चल रहा है। राजनकांत का कहना है कि जिस भूमि पर हाईवे का निर्माण हुआ है, वह उनकी मां की निजी संपत्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान उनकी जमीन पर बिना उनकी अनुमति के कब्जा किया गया। राजनकांत का यह भी दावा है कि राजस्व विभाग द्वारा की गई निशानदेही में भी यही तथ्य सामने आया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। हाईवे के अवरुद्ध हिस्से को साफ करवाने के प्रयास भी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला अदालत में लंबित होने के कारण प्रशासन फिलहाल केवल शांति व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कानून को अपने हाथ में न लें और अदालत के फैसले का इंतजार करें।

### आपदा राहत ऊंट के मुंह में जीरे के समान : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश सह-संयोजक एवं प्रदेश स्तरीय निवारण समिति के राज्य स्तरीय निदेशक मंडल के सदस्य ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के लगभग तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवधि में प्रदेश को बार-बार आई आपदाओं ने हजारों करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है। केंद्र सरकार से जो सहायता राशि मिली है, वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान साबित हुई है। हीरा पाल सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा की सरकार कांग्रेस शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करती है।

### छमाहन क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के अंतर्गत गेहड़वीं पंचायत के छमाहन क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान की अगुवाई पंचायत के उपप्रधान सुनील नड्डा ने की। इस अवसर पर उपप्रधान सुनील नड्डा, अनंत राम नड्डा, प्रेम चंद नड्डा, अंकित नड्डा, गणेश नड्डा, रमेश भारद्वाज, स्थानीय स्वयंसेवी संगठन और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### एसीसी अदानी समूह की मदद से सड़क का अधूरा कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के पंजगाई क्षेत्र के मनाल, कुनूनू, ब्लोह और धौन कोठी गांवों की वर्षों पुरानी सड़क समस्या अब दूर होने जा रही है। पंचायत प्रधान हेमराज सिमर और उपप्रधान रविकांत शर्मा ने बताया कि गुग्गाघाट-धौनकोठी वाया मनाल सड़क का अधूरा पड़ा निर्माण कार्य एसीसी अदानी समूह के सहयोग से पुनः आरंभ हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में सरकार या जिला प्रशासन का कोई योगदान नहीं है, बल्कि सड़क निर्माण पूरी तरह एसीसी. माइनिंग फंड से करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले आठ वर्ष से भाजपा विधायक और वर्तमान कांग्रेस विधायक इस अधूरे काम को पूरा नहीं कर पाए।

### बस रूट बदलने से गुस्सा, तुरंत समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की लड़ता तथा पंचायत पटेर पंचायत की जनता इन दिनों एचआरटीसी विभाग की नीतियों से खासी नाराज है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चल रहा घुमारवीं-दधोल-बेला-जाहू लोकल रूट उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता था, लेकिन कुछ महीने पहले अचानक इस रूट को बदलकर चंडीगढ़ कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले बेला मटयाल से बस सेवा उपलब्ध थी, लेकिन उसे बंद कर दिया गया और इसके स्थान पर विभाग ने सुबह 5:15 बजे घुमारवीं से वाया बेला-मटयाल बस सेवा शुरू की। इसी तरह सुबह 9:20 बजे मटयाल से घुमारवीं के लिए बस चलाई गई, मगर यह बस लेठवी में ही यात्रियों को उतार देती थी। लोगों का कहना है कि अक्सर चंडीगढ़ जाने वाली बसों की पूरी सवारी पहले से ही भर जाती थी, ऐसे में बेला-मटयाल, पटेर, लड़ता, लेठवीं और आसपास के गांवों के यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता था या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता था। अब हाल ही में इस बस को भी बंद कर दिया गया है। इससे लोगों की दिक्कतें और ज्यादा बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस बदलाव से सबसे ज्यादा नुकसान छात्रों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों को हो रहा है। लोगों ने पथ परिवहन निगम और मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि उनकी समस्या का स्थायी तौर पर हल किया जाए।

# भाजपा संगठन में बिलासपुर को मिली 4 अहम जिम्मेदारियां

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



रणधीर शर्मा | त्रिलोक जम्वाल | स्वतंत्र सांख्यान | स्वदेश ठाकुर

**बिलासपुर।** भाजपा ने अपने संगठनात्मक ढांचे में अहम फेरबदल करते हुए बिलासपुर जिले को विशेष महत्व दिया है। इस बदलाव में बिलासपुर के विधायक रणधीर शर्मा को प्रदेश का मुख्य मीडिया प्रभारी और सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान को प्रदेश प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता सुदेश ठाकुर को प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यानी, प्रदेश भाजपा में बिलासपुर से चार नेताओं को अहम पद मिले हैं, जिसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को सही तथ्यों के साथ जनता तक पहुंचाना मेरा संकल्प है। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की आवाज को मीडिया के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मुख्य प्रवक्ता के रूप में मेरी कोशिश रहेगी कि विपक्ष के हर भ्रामक प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दिया जाए। संगठन की विचारधारा और योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा। वहीं, स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

संगठन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए हर कार्यकर्ता की आवाज़ को मंच तक पहुंचाऊंगा। स्वदेश ठाकुर ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना और कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक जोड़ना मेरा लक्ष्य होगा। सह-संयोजक के रूप में पार्टी को मजबूती देना ही मेरी प्राथमिकता है।

**नड्डा से निकटता का मिलेगा लाभ :** पार्टी सूत्रों का कहना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से इन नेताओं की निकटता भी संगठनात्मक मजबूती में सहायक होगी। प्रदेश स्तर पर बिलासपुर को मिली इन चार अहम जिम्मेदारियों से यह साफ है कि भाजपा आने वाले चुनावी परिदृश्य में इस जिले को रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मान रही है।

### नई टीम में काफी ज्यादा अनुभव व संतुलन

**प्रदेश** भाजपा की इस नई टीम में अनुभव और संगठनात्मक मजबूती का संतुलन साफ झलकता है। विधायक रणधीर शर्मा प्रदेश स्तर पर संगठन की गहरी समझ और मीडिया प्रबंधन का लंबा अनुभव रखते हैं, जबकि विधायक त्रिलोक जम्वाल ने राष्ट्रीय स्तर की कई रैलियों और अभियानों में अपनी दक्षता साबित की है। इसी तरह, जिला भाजपा को मजबूती देने में पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान का योगदान उल्लेखनीय रहा है और सुदेश ठाकुर ने भी विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने में अहम भूमिका निभाई है।

▶ **रणधीर शर्मा बने मुख्य मीडिया प्रभारी, त्रिलोक जम्वाल बने मुख्य प्रवक्ता**

▶ **स्वतंत्र सांख्यान को प्रवक्ता और सुदेश ठाकुर को सह संयोजक की जिम्मेदारी**

# छड़ोल पंचायत में अज्ञात वाहन ने फेंका कूड़ा, रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** छड़ोल पंचायत के चेहड़ी गांव के पास 19 अगस्त की रात को अज्ञात वाहन द्वारा भारी मात्रा में बासी खाने से भरी थैलियां एनएच-205 पर फेंक दी गईं। इससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल गई है, जिसके चलते महामारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने 1100 हेल्पलाइन, पुलिस थाना सदर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायत दर्ज करवाई है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले चुके हैं। एसएमसी प्रधान, राजकीय माध्यमिक विद्यालय छड़ोल, अवतार सिंह ठाकुर ने कहा कि यह घटना बेहद शर्मनाक है, प्रशासन को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न कर सके। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज कल्लर पंचायत के उपप्रधान दीपक ठाकुर के घर के बाहर लगे कैमरे में कैद हुई है। आरोप है कि यह कचरा नप बिलासपुर से लोड हुआ था। चालक का कहना है कि गाड़ी खराब हो गई थी, मगर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि अगर गाड़ी खराब थी तो कचरा उतारने के बाद वही वाहन वापस कैसे चला गया।

# एम्स काउंसिलिंग फर्जीवाड़ा : आरोपी युवती ने मोबाइल पर की थी मार्कशीट में हेराफेरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर


एम्स बिलासपुर में एमबीबीएस-2025 काउंसिलिंग के दौरान पकड़ी गई महिला अभ्यर्थी से जुड़े मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में आरोपी युवती ने स्वीकार किया है कि उसने अपने ही मोबाइल पर नीट परीक्षा की मार्कशीट को अपलोड करके उसमें छेड़छाड़ की थी, ताकि उसे असली दिखाया जा सके। पुलिस पूछताछ में युवती ने माना कि फर्जी स्कोर कार्ड और रैंक लेटर उसने खुद तैयार किए थे। वास्तविकता में उसके केवल 30 अंक थे और रैंक लगभग 20 लाख थी, लेकिन उसने दस्तावेज़ों में 590 अंक और 84 पर्सेंटाइल दिखाए थे।

**जमानत पर छोड़ा :** पुलिस ने बताया कि यह अपराध जमानत योग्य श्रेणी में आता है। लिहाजा प्रारंभिक पूछताछ पूरी करने के बाद आरोपी युवती को जमानत पर छोड़ दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने पुष्टि की है कि अब तक की जांच में युवती के किसी गिरोह या नेटवर्क से जुड़े होने का कोई सबूत नहीं मिला है। यह मामला व्यक्तिगत स्तर पर किया गया फर्जीवाड़ा प्रतीत होता है। तथ्यों की जांच पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### एम्स प्रशासन और पुलिस की सतर्कता

उधर, एम्स प्रशासन का कहना है कि इस घटना ने दाखिले की प्रक्रिया में सतर्कता और भी बढ़ाने की आवश्यकता उजागर की है। अब सभी दस्तावेज सीधे एमसीसी पोर्टल से सत्यापित किए जाएंगे और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित किया जाएगा।

### सदर में 8 एचआरटीसी रूट बंद, विस में गूंजा मुद्दा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर-जाहू वाया कुठेड़ा, तल्याणा, हरलोग बस सेवा समेत सदर विधानसभा क्षेत्र के 8 रूट बंद होने का मुद्दा विधानसभा में उठा। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि छात्रों और ग्रामीणों की सुविधाएं छीनी जा रही हैं। जुलाई से बंद की गई बस सेवाओं से बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। यह कदम निजी बस ऑपरेटरों को लाभ पहुंचाने जैसा प्रतीत होता है। जम्वाल ने मांग की कि यदि सरकार नई सुविधाएं नहीं दे सकती तो पुरानी सेवाएं कम से कम बंद न करे। उन्होंने छात्र संघ चुनाव बहाल करने की भी वकालत की।

# बैहरन सड़क पर कब्रिस्तान के पास दुर्घटना का खतरा

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** बैरहना ब्राह्मणा पंचायत में विद्युत सब स्टेशन से बैहरन को जाने वाली मुख्य सड़क मुस्लिम कब्रिस्तान के पास टूटने की कगार पर है। सड़क का एक हिस्सा नीचे की ओर धंस गया है, जिससे बड़े वाहनों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से तुरंत डंगा लगाने की मांग की है। स्थानीय निवासी छोटू दीन मुहम्मद व फिरोज खान ने चिंता जताते हुए कहा कि कब्रिस्तान के पास सड़क धंसने से स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने विभाग से त्वरित कार्रवाई की अपील की ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान मुख्तयार मुहम्मद, अमीन मुहम्मद और समी मुहम्मद भी मौके पर मौजूद थे।

वहीं, लोक निर्माण विभाग झंडूता के सहायक अभियंता नितेश शर्मा ने फोन पर बताया कि जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा और समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

**जांच** प्रशासन व एनएचएआई अधिकारियों ने फोरलेन का किया निरीक्षण

# अधिकांश भूस्खलन प्रभावित स्थल बहाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर के डीसी राहुल कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ किरतपुर-नेरचौक फोरलेन सड़क का संयुक्त निरीक्षण किया। इस अवसर पर एनएचएआई के परियोजना निदेशक वरुण चारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बलोह और गरामोड़ा टोल प्लाजा के मध्य प्रभावित स्थलों का दौरा किया और मंडी भराड़ी, थापना व समलेटू क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन और मलबा गिरने की घटनाओं का विस्तृत जायजा लिया।

यह उल्लेखनीय है कि बीते दिवस उपायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में एनएचएआई अधिकारियों को अतिरिक्त मशीनरी और श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा प्रभावित सड़क की बहाली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए थे, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएचएआई व निर्माण कंपनी ने अधिकतर प्रभावित स्थलों से मलबा हटाकर यातायात को दोनों ओर से बहाल कर दिया है।

परियोजना निदेशक वरुण चारी ने बताया कि शेष स्थानों पर भी बहाली का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि मेहला के समीप प्रभावित हिस्से पर प्रशासन के निर्देशानुसार युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। डीसी राहुल ने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य तत्काल आरंभ किए जाएंगे।



प्रशासन की राहत व बचाव कार्यों की नियमित निगरानी जारी है।

### सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग, अधिकारी खामोश : डॉ. पांडेय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मानव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने आरोप लगाया कि शहर में सरकारी संपत्ति का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं। डॉ. पांडेय ने बताया कि कुछ वर्ष पहले मोबाइल कंपनी ने अपनी केबल और बॉक्स सीधे बिजली के पोलों पर डाल दिए। इससे न सिर्फ शॉर्ट सर्किट का खतरा बढ़ा, बल्कि लोगों के विद्युत उपकरण जलने और बिजली कर्मियों की जान पर बन आने जैसी घटनाएं भी संभव हो गईं। उन्होंने कहा कि कई जगह कंपनी ने अपने पोल इस तरह गाड़ दिए कि नालियां बंद हो गईं, बरसाती पानी सड़कों पर जमा होने लगा और मार्ग टूट-फूट गए। डॉ. पांडेय ने कहा कि जब ये पोल गाड़े जा रहे थे, उस समय नप और बिजली बोर्ड के अधिकारी कहां थे, क्या उनकी खामोशी मिलीभगत का परिणाम नहीं है?'

### मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर लिए अहम फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बिलासपुर जिला प्रशासन की दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें जिला बचत परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर अहम फैसले लिए गए। जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की बैठक में बताया गया कि जिले में 30 से अधिक बचत परिसंपत्तियां लखनपुर, झुखाला और घुमारवीं जैसे प्रमुख बाजारों में स्थित हैं। इन दुकानों का किराया वर्तमान परिस्थितियों में बेहद कम है, बावजूद इसके कई दुकानदारों पर हजारों रुपए की बकाया राशि है। उपायुक्त ने सभी बकाया वसूलने और परिसंपत्तियों के रखरखाव व मरम्मत के आदेश दिए। साथ ही, एसडीएम की अध्यक्षता में नई प्रबंध समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

**17 नए मतदान केंद्र :** इसी दिन हुई दूसरी बैठक में जिले में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया। प्रस्तावों के अनुसार 17 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, 11 का पुनर्गठन होगा और 2 केंद्रों का स्थानांतरण किया जाएगा।

## साल घाटी साहो के ग्रामीणों ने उठाई सड़क निर्माण की मांग

# बारिश में नदी पार करने की मजबूरी बनी जानलेवा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिले की साल घाटी साहो क्षेत्र की जनता आज भी मूलभूत सुविधा 'सड़क' से वंचित है। प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहो ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर संगेरा-तोली और विन्नू-कलेई तक एंबुलेंस मार्ग के सर्वेक्षण व निर्माण की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि संगेरा, चंदेड़, टिकरी, लाहड़ी, मट, छोल, द्वारा, चौरी, घूमां और तोली सहित आठ से अधिक गांवों तक पहुंचने के लिए सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं है। विशेषकर ग्राम कलेई के लोगों की स्थिति सबसे दयनीय है। उन्हें आज भी साल नदी पार करनी पड़ती है। बरसात अथवा तेज बहाव के दौरान नदी पार करना जीवन को जोखिम में डाल देता है। अतीत में कई हादसों में निर्दोष ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। संगठन ने कहा कि यदि शीघ्र सड़क का निर्माण किया जाए तो न केवल ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास भी गति पकड़ सकेगा। यह मार्ग बन जाने पर हजारों की आबादी सीधा लाभान्वित होगी। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह किया है कि इस मुद्दे को नजरअंदाज न किया जाए और अविलंब सर्वेक्षण शुरू करके सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। संगठन ने चेताया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो लोग अपनी आवाज को और मजबूती से उठाने को बाध्य होंगे।



लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर संगेरा-तोली और विन्नू-कलेई तक एंबुलेंस मार्ग के सर्वेक्षण व निर्माण की मांग उठाई।

# मनीष ने आरएस बाली के बिजली बिल मुद्दे पर जताया पूर्ण समर्थन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने आरएस बाली द्वारा विधानसभा में उठाए गए बिजली बिल प्रकरण पर अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। आरएस बाली ने 21 अगस्त 2025 को विधानसभा में बताया कि उनके सरकारी आवास का कुल ₹6.78 लाख का बिल केवल 14 महीनों के लिए दर्शाया गया, जबकि वास्तविक बिल 32 महीनों में मात्र ₹2.98 लाख था। मनीष सरीन ने कहा कि यह कोई सामान्य त्रुटि नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही या संभावित साजिश का संकेत हो सकता है, जिसे गंभीरता से जांचना आवश्यक है।



मनीष सरीन ने आरएस बाली की तथ्यपरक और साहसिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी होती है और इस प्रकार की त्रुटियां जनप्रतिनिधि की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि विधानसभा में सही आंकड़े तुरंत प्रस्तुत किए जाएं और इस प्रकरण की पारदर्शी जांच करवाई जाए। सरीन ने यह भी कहा कि सभी सरकारी आवासों में स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने की आवश्यकता है, जिससे बिजली बिल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकी जा सके। उन्होंने संबंधित विभाग को जवाबदेही तय करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की भी मांग की।

▶ **सरकारी पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग, स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर**

मनीष सरीन ने इस मामले को केवल बिजली बिल का मसला नहीं, बल्कि व्यवस्थागत पारदर्शिता और जनविश्वास का प्रश्न बताया। उन्होंने आरएस बाली के कदम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पूरा समर्थन दिया जाएगा। बयान जारी करने के समय उनके साथ राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, रजत शर्मा, विशाल सिंह, विकास सिंह और विकास धीमान भी मौजूद रहे। इस प्रकरण ने प्रशासन और सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को फिर से उजागर किया है।

# पद्मश्री ललिता वकील ने बच्चों को बताईं चंबा रूमाल की बारीकियां



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पद्मश्री** ललिता वकील ने हाल ही में बच्चों को चंबा रूमाल कढ़ाई कला के महत्व और इसकी बारीकियों के बारे में जानकारी दी। चंबा रूमाल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की प्रसिद्ध पारंपरिक कढ़ाई कला है, जिसे चौकोर कपड़े पर रेशमी धागों से धार्मिक दृश्य और पहाड़ी चित्रों के रूप में बनाया जाता है।

▶ **डबल सैटिन सिलाई तकनीक व चित्रांकन**

इस कला की खासियत इसकी डबल सैटिन सिलाई तकनीक है, जिसमें दोनों तरफ समान पैटर्न दिखाई देता है। इसमें विष्णु, रामायण और महाभारत के दृश्य, हिमालयी वनस्पतियाँ, अष्ट नायिका, सूही माता और अन्य जीवों के चित्र बने होते हैं। चंबा रूमाल का विकास 17वीं-18वीं शताब्दी में चंबा राज्य के राजपूत शासकों के संरक्षण में हुआ था। इसे 22 जनवरी 2007 को भारतीय भौगोलिक संकेत अधिनियम 1999 के तहत GI टैग प्रदान किया गया। पद्मश्री ललिता वकील और उनकी बहू, जो राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हैं, इस कला को पुनर्जीवित करने में लगी हैं। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वच्छता बनाए रखने और पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# बरौर स्कूल में बॉक्सिंग रिंक का शुभारंभ

## उपायुक्त ने अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौर में जिले के पहले बॉक्सिंग रिंक का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि बॉक्सिंग जैसे खेलों की ओर युवाओं का रुझान बढ़ रहा है और इस तरह की आधुनिक खेल सुविधाओं से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मुकेश रेपसवाल ने बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धाओं में स्थानीय विद्यार्थियों द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल प्रबंधन एवं ज़िला बॉक्सिंग एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि ज़िले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग रिंक की स्थापना से अब विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को और निखार मिलेगा तथा भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ज़िले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

▶ **कहा- युवाओं की खेल प्रतिभा निखारने के लिए मिलेगी आधुनिक सुविधा**

उपायुक्त ने साथ में विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए अनुशासन को मूल मंत्र बताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं विभिन्न बहुआयामी गतिविधियां विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

मुकेश रेपसवाल ने विशेष कर छात्राओं से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारतीय महिला बॉक्सर मैरी कॉम तथा लवलीना बोरगोहेन का उल्लेख करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने बॉक्सिंग रिंग को हर मौसम में उपयोगी बनाने के लिए उस पर छत लगाने का भी आश्वासन दिया।

इससे पहले उपायुक्त का स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया तथा उपनिदेशक स्कूल शिक्षा प्रारंभिक, माध्यमिक एवं गुणवत्ता ने शॉल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त ने इस दौरान स्कूल परिसर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।

उन्होंने बॉक्सिंग के बुनियादी प्रशिक्षण के लिए स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापक धर्म सिंह, विद्यार्थियों को अनुपूरक पोषण आहार उपलब्ध करवाने के लिए कुंवर व देवेंद्र कुमार को विशेष योगदान देने के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपनिदेशक स्कूल शिक्षा प्रारंभिक बलबीर सिंह, माध्यमिक भाग सिंह, गुणवत्ता कमलेश कुमारी, ज़िला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार, ज़िला उप शिक्षा अधिकारी उमाकांत आनंद, अध्यक्ष जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन देवेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष व्यास देव ठाकुर, अशोक कुमार, प्रधानाचार्य कंचन कुमारी सहित कई उपस्थित रहे।

# हिमाचल की सड़कों और पुलों के पुनर्निर्माण में तेजी की मांग

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने शुक्रवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से भेंट की। बैठक में हिमाचल प्रदेश में हालिया भारी बरसात से उत्पन्न आपदा पर विस्तृत चर्चा हुई।

महाजन ने विशेषकर चंबा जिले में सड़कों और पुलों को हुए व्यापक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ के कारण परिवहन व्यवस्था ठप हो गई है, जिससे आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए और इन्हें युद्ध स्तर पर शीघ्र पूरा करवाया जाए। इस मुलाकात को चंबा और हिमाचल के अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत और पुनर्निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



▶ **सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात**

▶ **चंबा जिले की परिवहन व्यवस्था पर चिंता**

▶ **पुनर्निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर करने का आग्रह**

# चंबा जिले में युक्तिकरण प्रक्रिया के बाद 23 नए मतदान केंद्र किए जाएंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारत** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत जिला चंबा में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण 2025 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रस्तावित नए मतदान केंद्रों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उपायुक्त ने बताया कि यदि किसी मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो जाती है, तो वहां नया मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में चम्बा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 632 मतदान केंद्र हैं। युक्तिकरण प्रक्रिया के बाद 23 नए मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे संख्या बढ़कर 655 हो जाएगी। इनमें चुराह में 5, भरमौर में 1, चंबा में 6, डलहौज़ी में 8 और भाटियात निर्वाचन क्षेत्र में 3 नए केंद्र प्रस्तावित हैं।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नए केंद्र उन्हीं भवनों में स्थापित किए जाए जहां बिजली, पानी, शौचालय और रैंप जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हों। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आवश्यकतानुसार मतदान केंद्रों में बदलाव के सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर एडीएम अमित मेहरा, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा, नायब तहसीलदार संजय कुमार शांडिल, अरविन्द मिन्हा और विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

▶ **मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर बैठक आयोजित**

▶ **विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग**

# किहार अस्पताल में 4 दिन के बाद उपप्रधान ने अनशन तोड़ा

**अनंत ज्ञान, किहार**

**किहार** नागरिक अस्पताल में लगातार चार दिनों से अनशन पर बैठे किहार पंचायत के उपप्रधान वीरेंद्र ठाकुर ने शुक्रवार दोपहर अपना अनशन समाप्त किया। सुबह से ही किहार के व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों ने चिकित्सकों की कमी को लेकर बाजार बंद कर सरकार के खिलाफ रोष रैली निकाली। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की।



▶ **व्यापार मंडल व स्थानीय लोगों ने बाजार बंद कर निकाली रोष रैली**

दोपहर बाद बीएमओ सुनील ककड़ किहार पहुंचे और उन्होंने दो चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद ही उप प्रधान ने अनशन समाप्त किया। वीरेंद्र ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि एक महीने के भीतर अस्पताल में सभी आवश्यक चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं होती, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# गैहरा में भूस्खलन से हाईवे बंद, लगा जाम

## लोक निर्माण विभाग ने 2 घंटे की मेहनत के बाद पहुंचाई राहत

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग पठानकोट-भरमौर रोड पर गैहरा नामक स्थान पर वीरवार शाम अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम 6:00 बजे हुई घटना के कारण गाड़ियों की आवाजाही दोनों ओर से बंद हो गई और श्रद्धालु तथा आम यात्री करीब दो घंटे तक लंबी जाम में फंसे रहे।



घटना स्थल पर तुरंत लोक निर्माण विभाग की टीम पहुंची। मशीनरी की मदद से बड़ी ही मेहनत से गिरी चट्टानें और मिट्टी हटाई गई। विभागीय कर्मचारियों ने दो घंटे की लगातार मेहनत के बाद मार्ग को साफ कर यातायात बहाल किया।

इस भूस्खलन के कारण यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे स्थानों पर आने वाले यात्रियों को हमेशा सतर्क रहने और मौसम अपडेट के अनुसार यात्रा करने की सलाह दी जाती है। गैहरा क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने भविष्य के लिए विशेष निगरानी बढ़ा दी है।

# बारिश में तालाब बनी लिल्ह जाने वाली सड़क, वाहन चालक व राहगीर परेशान

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग पठानकोट-भरमौर से चूड़ी जीरो होकर लिल्ह की ओर जाने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चूड़ी जीरो से लेकर लिल्ह तक का रास्ता, जिसका शुरुआती हिस्सा एनएचपीसी चरण-3 धरवाला के अधीन आता है, बरसात के दिनों में तालाब जैसा प्रतीत होता है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर गाड़ी चलाते समय ऐसा लगता है मानो किसी तालाब में वाहन चला रहे हों। गाड़ी लगातार हिचकोले खाती है जिससे हर पल दुर्घटना का डर बना रहता है। वहीं, पैदल चलने वाले राहगीर भी इन गड्ढों से होकर निकलने में असुविधा महसूस करते हैं।



लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इन तालाबनुमा गड्ढों को तुरंत भरा जाए, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित व सहज आवागमन की सुविधा मिल सके।

▶ **स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गड्ढों को जल्द भरने की उठाई मांग**


**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

क्रमांक 732 रीडर-1 दिनाँक 22-08-2025
मिसल न0 /त./2025 ता.दा. 07/08/2025
ता. पेशी

**अनुमान मुकदमा:-** श्री रविन्दर लाल गुप्ता पुत्र खजाना पुत्र खलैली निवासी गांव लोहना डाकघर वन्दला, तहसील पालमपुर, जिला कांगडा हि.प्र. । ....प्रार्थी पक्ष

**बनाम**

**आम जनता** .....प्रत्याक्षी पक्ष

**विषय:** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी ईस्तहार:-** प्रार्थना पत्र श्री रविन्दर लाल गुप्ता पुत्र खजाना पुत्र खलैली निवासी गांव लोहना, डाकघर वन्दला, तहसील पालमपुर, जिला कांगडा हि.प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल वल्ला मौजा घोडव पटवार वृत घोडव के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम रजिन्दर लाल पुत्र खजाना दर्ज है, जो कि गलत है। सही नाम रविन्दर लाल गुप्ता पुत्र खजाना है। दर्ज करने का आग्रह किया है।

अतः इस अदालती नोटिस अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस नाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 22-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


### सूडोकु नवताल- 7530 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7529 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## मंडी जिले में 52 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित अब संख्या होगी 1269

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नए मतदान केंद्रों की प्रारूप सूचियों पर चर्चा हुई। बैठक में किसी भी दल ने आपत्ति नहीं दर्ज करवाई। वर्तमान में जिले में 1217 मतदान केंद्र कार्यरत हैं। प्रस्तावित 52 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, 6 भवनों की जर्जर स्थिति के कारण बदले जाएंगे, 5 केंद्र दूरी और बेहतर सुविधाओं को देखते हुए स्थानांतरित किए जाएंगे व 3 केंद्रों में युक्तिकरण कर संशोधन किया जाएगा। इसके बाद जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1269 हो जाएगी।

50 नए केंद्र मतदाताओं की संख्या 1180 से अधिक होने के कारण बनाए जा रहे हैं, जबकि 2 केंद्र भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किए गए हैं। यह बदलाव दुर्गम क्षेत्रों, स्कूल भवनों की उपलब्धता व दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। अधिसूचना जारी होने के बाद सभी रजिस्टर अपडेट किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा करसोग में 4, सुंदरनगर में 9, नाचन में 8, सराज में 1, द्रंग में 7, जोगिंद्रनगर में 3, धर्मपुर में 5, मंडी में 1, बल्ह में 7 और सरकाघाट में 7 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में कांग्रेस, भाजपा, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई (एम) और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि और जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बप्पा के स्वागत को सजने लगे पंडाल

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर** के मुख्य बाजार में 10 दिन तक चलने वाले गणपति उसव की शुरूआत 27 अगस्त को गणपति महाराज की शोभा यात्रा से की जाएगी। 27 अगस्त बुधवार से लेकर 6 सितंबर शनिवार तक गणपति बप्पा दस दिनों तक अपने पंडाल में विराजमान रहेगें। वहीं 6 सितंबर को बड़ौन खड्ड में गणपति बप्पा का विर्सजन कर उन्हें सम्पूर्ण जोगिंद्रनगर वासियों द्वारा भक्तिपूर्ण विदाई दी जाएगी।

▶ **समिति द्वारा मुंबई से मंगवाई गई ईको-फ्रेंडली मूर्ति**

▶ **प्रदेश के नामी कलाकार लगाएंगे दरबार में हाजिरी**

गणपति सेवा युवा मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा पिछले 15 वर्षों से गणेश महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस साल भी गणपति सेवा युवा मंडल जोगिंद्रनगर के आयोजकों द्वारा गणपति उसव को और ज्यादा रोचक बनाने के पूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी बप्पा की भव्य मूर्ति मुंबई से मंगवाई गई है प्रधान सचिन सूद ने बताया की बप्पा की इकोफ्रेंडली मूर्ति स्थापित करने के पीछे समिति का मुख्य उद्देश्य प्रकृति सरक्षण है। उन्होंने बताया कि गणपति पंडाल को बडे ही आर्कषक व भव्य रूप से सजाया संवारा जा रहा है। गणपति जी की शोभा यात्रा गुरूद्वारा साहिब जोगिंद्रनगर से शुरू होती हुई मेन बाजार जोंगिंद्रनगर, सांई मार्केट, लक्ष्मी बाजार, रेलवे चौक से होते हुए वापिस मेन बाजार स्थित उनके पंडाल में पहुंचेगी, जहां पर उन्हें बडी धूम-धाम व सम्मान से विराजमान किया जाएगा। इसके उपरांत गणपति महाराज जी कि पूरे विधिविधान से पूचा-अर्चना कर प्रतिष्ठा की जाएगी प्रतिदिन सांय 7.30 बजे से रात 10 बजे तक गणपति महाराज जी के पंडालों में स्थानीय एवं प्रदेश के प्रसिद्ध गायकों द्वारा गणपति महाराज जी का गुणगान किया जाएगा साथ ही पंजाब के झांकी कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी। उन्होंने बताया कि भक्तजनों द्वारा रोजाना सुबह 8.30 व सांय 7.30 बजे गणपति महाराज जी की आरती की जाएगी। वहीं रामलीला मैदान जोगिंद्रनगर में भी बाल गणेश महोत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल सजाया जा रहा है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**शनिवार, 23 अगस्त 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** अमावस्या (11:36) : **नक्षत्र** मघा (24:54), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** परिद्धि (13:19), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:47)। **राहुकाल** (09:09-10:46)।

**विशेष दिन**

▶▶ 23 अगस्त देवकार्य अमावस आज।

▶▶ 23 अगस्त श्री शक्ति पूजा आज।

**मेषः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषः** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कर्कः** रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंहः** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्याः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुलाः** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृश्चिकः** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

**धनुः** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मकरः** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभः** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीनः** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावस


**MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (HP)**

No. /MCH/E-Tender/CW/Vol-7/2025-26,1815 Dated-20/8/25

**SHORT TERM NOTICE INVITING E-TENDERS**

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| Sr. No | Description | Tender Download start Date | Tender Download End Date | Tender opening date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission. 1 No. of Civil works) | **21.08.2025 at 5.00 PM** | **26.08.2025 till 5:00 PM** | **27.08.2025 at 02:30PM onward.** |

**General Instructions:- 1.** Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government :- https://hptenders.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Corporation Hamirpur during working hours.

**Commissioner**
**Municipal Corporation, Hamirpur (HP)**



**अनंत Classifieds**

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, पोली राम** उर्फ सुभाष चंद पुत्र श्री भगत राम निवासी वार्ड नंबर 01 वीपीओ लमलैहड़ी तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करता हूं कि मेरा वास्तविक और सही नाम और जन्म तिथि पोली राम उर्फ सुभाष चंद 01.07.1965 है जैसा कि पेंशन भुगतान आदेश/अकाउंट जनरल (एएंडई) हि.प्र. शिमला-3 के अनुसार है, लेकिन मेरे आधार और अन्य दस्तावेजों में इसे गलत तरीके से सुभाष चंद के रूप में दर्ज किया गया है। भविष्य में मुझे पोली राम उर्फ सुभाष चंद के रूप में जाना जाए।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, विनोद कुमार** (55 वर्ष) पुत्र श्री चंदू राम निवासी गांव डाकघर व शाहपुर वार्ड नं.3 तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के आधार कार्ड में मेरे बेटे का नाम (Natik) गलत दर्ज है। जबकि मेरे बेटे का सही नाम (Naitik)है । तथा (Natik)और (Naitik)एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

जीवन के हर कदम पर चुनौतियां होंगी और हमें उनका सामना करने के लिए साहस की आवश्यकता है। -सुकरात

## संपादकीय

# भरोसे पर चोट

भारतीय समाज में डॉक्टर को हमेशा भगवान का दर्जा दिया जाता रहा है। मरीज और उसके परिजन डॉक्टर के सफेद कोट को जीवनदान और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। यह विश्वास वर्षों की मेहनत, कठोर पढ़ाई और कठिन सेवा भाव से अर्जित होता है, लेकिन जब कुछ लोग इस पवित्र पेशे में प्रवेश पाने के लिए फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी का सहारा लेते हैं, तो यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि समाज और मानवता के साथ किया गया घोर अन्याय बन जाता है। हिमाचल में एक हफ्ते के अंदर सामने आए दो ताजा मामलों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। बिलासपुर एम्स और टांडा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश के दौरान फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग करने के मामले ने न केवल प्रशासन को चौकन्ना किया है, बल्कि आमजन के मन में भी कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। एम्स बिलासपुर में एमबीबीएस बैच-2025 की काउंसलिंग के दौरान बिहार की एक छात्रा ने फर्जी अंकपत्र और रैंक लेटर का सहारा लेकर प्रवेश पाने की कोशिश की। जांच में पता चला कि वास्तव में उसके केवल 30 अंक थे और ऑल इंडिया रैंक 20 लाख के आसपास थी, लेकिन उसने अपने मोबाइल पर दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर 590 अंक और 84 पर्सेंटाइल दिखाए। युवती ने खुद स्वीकार किया कि उसने मार्कशीट और रैंक लेटर खुद तैयार किए थे। यही नहीं, इससे पहले टांडा मेडिकल कॉलेज में भी नादौन की एक छात्रा ने फर्जी दस्तावेजों और गलत पहचान का सहारा लेकर किसी अन्य की जगह प्रवेश लेने की कोशिश की थी। इन दोनों घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि अब मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया में भी धोखाधड़ी करने वाले सक्रिय हैं। डॉक्टर बनने के लिए सबसे पहले नैतिकता और ईमानदारी की जरूरत होती है। यदि कोई छात्र अपने करियर की शुरुआत ही झूठ और धोखाधड़ी से करता है, तो वह आगे चलकर मरीजों के जीवन और उनके भरोसे के साथ क्या करेगा? जो छात्र असली योग्यता और मेहनत से परीक्षा पास नहीं कर पाया, वह यदि किसी तरह से डॉक्टर बन भी गया तो वह न तो चिकित्सा के कठिन विज्ञान को समझ पाएगा और न ही अपने मरीज को सही इलाज दे पाएगा। यह केवल उसके करियर का सवाल नहीं, बल्कि हजारों-लाखों लोगों की जान का प्रश्न है। इन दोनों मामलों में प्रशासन और स्क्रूटनी कमेटी ने सजगता दिखाते हुए धोखाधड़ी को पकड़ लिया। यह जांच तंत्र की मजबूती का संकेत है, लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी है कि सिस्टम में सेंध लगाने वाले लोग नए-नए तरीके अपनाते जा रहे हैं। आज जब डिजिटल तकनीक के जरिए आसानी से दस्तावेजों में हेरफेर किया जा सकता है, तब प्रवेश प्रक्रिया में और अधिक कठोर जांच की जरूरत है। डिजिटल वेरिफिकेशन सिस्टम, आधार से लिंक्ड डाटा और थर्ड-पार्टी क्रॉस चेकिंग जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत करना होगा। जब कोई फर्जी दस्तावेज वाला छात्र सीट पर कब्जा कर लेता है, तो असली हकदार छात्र वंचित हो जाता है। यदि अपात्र लोग डॉक्टर बनकर निकलते हैं, तो वे कभी भी सही इलाज नहीं दे पाएंगे। यह सीधे-सीधे मरीज की जान को खतरे में डालने जैसा है। जब लोग सुनते हैं कि फर्जीवाड़े से डॉक्टर बनने की कोशिश हो रही है, तो उनके मन में पूरे चिकित्सा तंत्र पर संदेह पैदा होता है। ऐसे मामलों में अगर कठोर दंड नहीं दिए जाते तो अन्य लोग भी धोखाधड़ी के लिए प्रेरित हो सकते हैं।

वर्तमान में ऐसे मामले जमानत योग्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। आरोपी छात्रा को भी प्रारंभिक पूछताछ के बाद जमानत पर छोड़ दिया गया, लेकिन क्या इतना पर्याप्त है? समाज की मांग है कि मेडिकल शिक्षा से जुड़े फर्जीवाड़ों को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाए और इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान हो। केवल तभी ऐसे अपराधियों को सबक मिलेगा और बाकी लोग भी डरेंगे। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि आखिर इन फर्जीवाड़ों को रोका जाए तो कैसे। मजबूत डिजिटल वेरिफिकेशन से समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और आधार-आधारित करना होगा। फर्जीवाड़ा को गंभीर अपराध मानते हुए न्यूनतम तीन से पांच साल की सजा तय करनी चाहिए।

छात्रों और अभिभावकों को समझाना होगा कि शॉर्टकट का कोई विकल्प नहीं। डॉक्टर बनने के लिए मेहनत ही एकमात्र रास्ता है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को केवल विज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिकता और मानवता का पाठ भी पढ़ाया जाए। डॉक्टर केवल पेशेवर नहीं, बल्कि समाज के लिए आशा और जीवन के प्रतीक हैं। अगर उस पेशे में प्रवेश पाने के लिए ही फर्जीवाड़ा और छल का सहारा लिया जाए, तो यह न केवल चिकित्सा तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। एम्स बिलासपुर और टांडा मेडिकल कॉलेज के ताजा मामले प्रशासन की सतर्कता के कारण उजागर हो गए, लेकिन यह आवश्यक है कि भविष्य में ऐसे प्रयासों की कोई गुंजाइश ही न बचे। सरकार, संस्थान और समाज- तीनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि डॉक्टर केवल वही बने जो सच्ची मेहनत, योग्यता और सेवा भाव से आगे बढ़े। आखिरकार, मरीज का जीवन किसी के झूठे दस्तावेज या छलावे से कहीं अधिक मूल्यवान है।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री

**सायरा** बानो हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे हैं, जो बेशक बॉक्स-ऑफिस के लिहाज से औसत हों पर जब बात दर्शकों के बीच पैठ जमाने की हो तो वह सबसे आगे होते हैं, ऐसी ही एक अदाकारा हैं सायरा बानो। अपने समय की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक सायरा बानो को लोग उनकी अदाकारी कम और उनकी खूबसूरती के लिए ज्यादा पहचानते हैं। उनकी मां अभिनेत्री नसीम बानो भी अपने समय की मशहूर अभिनेत्री रही हैं। बॉलीवुड में जब भी प्रेम कहानियों और रोमांटिक जोड़ियों की बात आती है तो सायरा बानो और दिलीप कुमार का जिक्र जरूर होता है। दोनों की मुलाकात, प्यार और फिर शादी की कहानी बिलकुल फिल्मी है। सायरा बानो ने 1966 में 22 साल की उम्र में दिलीप कुमार से शादी की थी और उस समय दिलीप कुमार खुद 44 साल के थे। दूल्हे दिलीप कुमार की घोड़ी की लगाम पृथ्वीराज कपूर ने थामी थी और दाएं-बाएं राज कपूर तथा देव आनंद नाच रहे थे। उम्र का यह फासला कभी भी इन दोनों के प्यार के मध्य नहीं आया।


सायरा बानो
जन्म : 23 अगस्त, 1944

## कविता

### बेरहम


डॉ. राजीव डोगरा, जनयानकड़, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

सिफारिश-ए-दौर चला है,
अपनों की जगह कोई ओर चला है।

खुदगर्ज-ए-दौर चला है,
निस्वार्थी मनुज की जगह मतलबखोरों का क्षण चला है।

बेवफा-ए-दौर चला है,
मोहब्बत की जगह रूप सम्मोहन का काल चला है।

मलाल-ए-दौर चला है,
हमदर्द की जगह बेदर्द इंसा का वक्त चला है।

जहालत-ए-दौर चला है,
संज्ञान की जगह अविद्या का अंधकार का चला है।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# तंबाकू-मुक्त शिक्षा: स्वस्थ भारत की अनिवार्य शर्त

तंबाकू, एक ऐसा धीमा जहर, जो बिना आवाज किए लाखों जिंदगियों को निगल रहा है। यह न केवल सेवन करने वाले के शरीर को अंदर से खोखला करता है, बल्कि उसके परिवार, दोस्तों और पूरे समाज पर भी गहरा असर डालता है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर साल 13 लाख से अधिक लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण असमय मौत का शिकार बनते हैं। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर मंडराता हुआ संकट है।

इसी खतरे को रोकने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय ने संयुक्त रूप से तंबाकू-मुक्त शैक्षणिक संस्थान (Tobacco Free Educational Institution ) पहल शुरू की है। इसका मकसद है देश के हर स्कूल और कॉलेज को 100 प्रतिशत तंबाकू-मुक्त क्षेत्र बनाना। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे समुदाय की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विद्यालय केवल किताबों और परीक्षाओं का केंद्र नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की प्रयोगशाला है। यहां जो आदतें बनती हैं, वही बच्चों के पूरे जीवन का आधार बनती हैं। यदि विद्यालय परिसर और उसके आसपास तंबाकू का नामोनिशान न हो, तो बच्चों के मन में एक मजबूत संदेश जाता है कि तंबाकू से दूरी ही जीवन की सुरक्षा है।


रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

इसी सोच के तहत तंबाकू-मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशा-निर्देश तय करते हैं कि विद्यालय और उसके 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध हो, परिसर में स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगे हों, नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएं



और विद्यार्थी स्वयं तंबाकू विरोधी अभियानों के वाहक बनें। हर साल 31 मई को पूरी दुनिया विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाती है।

यह सिर्फ एक तिथि नहीं, बल्कि चेतावनी की घंटी है जो हमें बताती है कि तंबाकू हमारी सेहत, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे सपनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। इस अवसर पर विद्यालयों में आयोजित रैलियां और नुक्कड़ नाटक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जीवंत संदेश हैं कि हम तंबाकू की इस महामारी के खिलाफ एकजुट हैं। तंबाकू सेवन से फेफड़ों और मुंह का कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और अनेक असाध्य बीमारियां होती हैं। निकोटिन की लत युवाओं को शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी कमजोर बनाती है उनकी एकाग्रता, सोचने की क्षमता और जीवन के लक्ष्यों पर असर डालती है। दुखद बात यह है कि तंबाकू पर खर्च किया गया पैसा, असल में परिवार के पोषण, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य से छिन जाता है। तंबाकू कंपनियों के लिए युवा सबसे आसान लक्ष्य हैं। वे चमकीले पैकेट, नए फ्लेवर, और सोशल मीडिया के प्रचार से युवाओं को लुभाते हैं।

फिल्मों और वेब सीरीज में 'स्टाइल' के नाम पर धूम्रपान दिखाना भी एक चाल है, लेकिन अगर समाज और विद्यालय एकजुट होकर इसका प्रतिरोध करें, तो यह उद्योग अपनी पकड़ खो देगा। केवल बोर्ड लगाना पर्याप्त नहीं, जरूरत है एक ऐसी स्कूल संस्कृति बनाने की, जिसमें तंबाकू को न केवल प्रतिबंधित किया जाए, बल्कि इसे नैतिक रूप से अस्वीकार्य समझा जाए। इसके लिए शिक्षक और कर्मचारी स्वयं उदाहरण पेश करें, छात्रों को लगातार तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए, स्कूल के आसपास तंबाकू बिक्री पर निगरानी रखी जाए और इच्छुक लोगों को तंबाकू छोड़ने में मदद और काउंसिलिंग दी जाए। इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले नहीं होते, वे अपने विद्यार्थियों के जीवन के आदर्श और प्रेरणा स्रोत होते हैं।

यदि शिक्षक स्वयं तंबाकू से पूरी तरह दूर रहें, तो यह विद्यार्थियों के लिए सबसे प्रभावशाली उदाहरण होगा। कक्षा में, सुबह की प्रार्थना में, विशेष सत्रों में और व्यक्तिगत संवाद में शिक्षक तंबाकू के दुष्प्रभावों की चर्चा करें, नशामुक्ति की कहानियां सुनाएं और बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करें, तो यह संदेश और गहराई से पहुंचेगा। शिक्षक समुदाय के साथ मिलकर विद्यालय के आसपास तंबाकू बिक्री रोकने के प्रयास करें, स्थानीय प्रशासन से सहयोग लें और माता-पिता को भी इस मुहिम का हिस्सा बनाएं। कई विद्यालयों ने इस दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण पेश किए हैं।

रचनात्मक गतिविधियों, नाटक, कला और सामुदायिक भागीदारी के जरिए उन्होंने न केवल अपने छात्रों, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी नशामुक्त बनाने में सफलता हासिल की है। यह बताता है कि बदलाव संभव है यदि हम ठान लें। तंबाकू-मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक इसे अपनी जिम्मेदारी माने। शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी सभी को यह संकल्प लेना होगा कि न तो वे स्वयं तंबाकू का सेवन करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। आइए, हम सब मिलकर यह संदेश फैलाएं 'तंबाकू से दूरी, जीवन में रोशनी' और 'नशा छोड़ो, परिवार और भविष्य जोड़ो'। तंबाकू के खिलाफ हर कदम, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो, एक बड़ी जीत की शुरुआत है। यही वह जंग है, जिसे जीतना न केवल संभव है, बल्कि हमारे अस्तित्व के लिए अनिवार्य भी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# रील्स की दुनिया : पहचान का मंच, अश्लीलता का नहीं

आज के इस डिजिटल युग में मोबाइल फोन और इंटरनेट ने हमारे जीवन की दिशा और दशा बदल दी है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूटयूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने आम आदमी को अपनी प्रतिभा और विचारों को पूरे विश्व तक पहुंचाने का एक मंच प्रदान किया है। इनमें सबसे लोकप्रिय माध्यम है... रील्स,,, यानी छोटे-छोटे वीडियो। कुछ सेकंड का यह वीडियो लाखों लोगों तक पहुंच जाता है और व्यक्ति रातों-रात प्रसिद्ध भी हो जाता है। यही कारण है वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर वर्ग और आयु का व्यक्ति रील्स बनाने की ओर आकर्षित हो रहा है।


वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

महिलाओं की भागीदारी इसमें और भी अधिक है। वे अपने नृत्य, गायन, कला, मेकअप, पाक कला, बागवानी और फैशन को रील्स के माध्यम से प्रदर्शित कर रही हैं। यह एक ऐसा मंच है, जहां महिलाएं अपनी पहचान स्वयं बना रही है, लेकिन पहले यह संभव नहीं था। पहले समय में टीवी, अखबार या मंच पर जगह पाना आसान नहीं होता था, लेकिन आज के दौर में कोई भी महिला घर बैठे अपने मोबाइल से दुनिया तक अपनी प्रतिभा पहुंचा सकती है। कई महिलाएं इस मंच का सदुपयोग कर प्रेरणादायक सामग्री भी प्रेषित करती हैं जैसे खाना पकाने की नई रेसिपी, बच्चों की पढ़ाई में मददगार शॉर्ट वीडियो, सामाजिक संदेश वाले कंटेंट, नृत्य संगीत और शिल्प कला का प्रदर्शन, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस से जुड़ी जानकारी भी साझा करती हैं।

यह सभी रील्स समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और महिलाओं की रचनात्मकता को भी सम्मान दिलाते हैं, लेकिन इसी मंच का



दुरुपयोग भी हो रहा है। कुछ महिलाएं फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में छोटे कपड़े, अश्लील डांस आदि कंटेंट डालकर प्रसिद्ध होना चाहती हैं। उनकी यह प्रवृत्ति चिंता का विषय है।

समाज में जहां एक ओर महिलाएं आज मेहनत और योग्यता के बल पर सम्मान प्राप्त कर रही हैं। वे राजनीति, विज्ञान, शिक्षा, सेना और उद्योग तक हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, वहीं कुछ महिलाओं की अश्लील रील्स की वजह से उन कर्मठ महिलाओं की मेहनत और संघर्ष को भी कम आंका जा रहा है। लोग महिलाओं को 'मनोरंजन का साधन' समझने लगते हैं जो उनकी अस्मिता के लिए हानिकारक है। किशोर और युवा वर्ग सोशल मीडिया पर सबसे अधिक सक्रिय है। वे बिना सोचे समझे रील्स देखते हैं और जल्दी ही प्रभावित भी हो जाते हैं। जब वे देखते हैं कि अश्लीलता से लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ते हैं तो वे भी उसी राह पर चलने लगते हैं इससे उनकी पढ़ाई, सोच और चरित्र पर नकारात्मक असर पड़ता है।

**महिलाएं समाज की मार्गदर्शक:** महिलाएं केवल घर परिवार की धुरी ही नहीं है, बल्कि समाज को दिशा देने की भी क्षमता रखती हैं। यदि वे अपने रील्स के माध्यम से प्रेरणादायक और गरिमामयी संदेश देंगी, तो पूरा समाज उस ओर बढ़ेगा। इसके विपरीत यदि वे अश्लीलता को बढ़ावा देंगी तो समाज गलत दिशा में जाएगा। रील बनाना गलत नहीं है, लेकिन उसका उद्देश्य और प्रस्तुति मर्यादित और स्वस्थ होनी चाहिए। महिलाओं को यह समझना चाहिए कि सोशल मीडिया पर पहचान बनाने का असली साधन उनकी प्रतिभा, ज्ञान और व्यक्तित्व हो सकते हैं न कि अश्लील प्रदर्शन। नृत्य, संगीत, कला, शिल्प, खाना बनाना, शिक्षा, सामाजिक संदेश और हास्य जैसे अनगिनत क्षेत्र हैं जिनमें महिलाएं सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री साझा कर सकती हैं। वे अपनी रील्स को सकारात्मकता, ज्ञान, संस्कृति और प्रेरणा का साधन बनाएं। कुछ समय की लोकप्रियता के लिए अश्लीलता का सहारा लेना केवल अपनी गरिमा को चोट पहुंचाना है।

यदि महिलाएं अपनी प्रतिभा के दम पर रील्स बनाएंगी तो वे न केवल स्वयं सम्मानित होंगी, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी सही दिशा देंगी। अतः समय की मांग है कि महिलाएं अपनी गरिमा, मर्यादा और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया का उपयोग करें। रील्स को अपनी शक्ति, शील, सादगी और सकारात्मक पहचान का माध्यम बनाएं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**पालमपुर** के धीरा क्षेत्र के किसान इन दिनों बंदरों की वजह से परेशान हैं। बंदर खेतों में घुसकर फसल तोड़ देते हैं और पेड़ों की शाखाओं पर बैठे रहते हैं। खासकर फलों और सब्जियों की फसल पर उनका हमला सबसे अधिक होता है, जिससे किसानों को हर साल भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसान बताते हैं कि कई बार उन्होंने जाल, आवाज या अन्य उपाय अपनाए, लेकिन बंदरों की संख्या इतनी अधिक है कि उनकी मेहनत बर्बाद हो जाती है। यह समस्या न केवल फसल को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि किसानों के मनोबल को भी प्रभावित करती है। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग से भी मदद की गुहार लगाई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बंदरों के लिए सुरक्षित आवास बनाए जाएं और किसानों को फसल बचाने के लिए प्रभावी उपाय उपलब्ध कराए जाएं। इससे किसान और वन्यजीव दोनों सुरक्षित रह सकते हैं।

**-सचिन कुमार ( धीरा )**


# बैलगाड़ी से उपकरण ढोने से लेकर चांद तक भारत की अंतरिक्ष यात्रा

आज का दिन कोई साधारण दिन नहीं, यह दिन उस महान क्षण की याद दिलाता है, जब 2023 में चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की और भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाला पहला देश बन गया। यह केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं थी, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों और सपनों की जीत थी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमें यह बताता है कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल आकाश को नापने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धरती पर जीवन को बेहतर बनाने की भी निरंतर कोशिश है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस भारत की उस गौरवपूर्ण यात्रा का प्रतीक है, जिसने हमें धरती से आकाश तक पहुंचाया और चांद पर अपनी वैज्ञानिक छाप छोड़ी। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने भारत को उस मुकाम पर पहुंचा दिया, जहां से पूरी दुनिया ने हमारी क्षमता को नए दृष्टिकोण से देखा।


मनीष कुमार
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर

यह केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं थी, बल्कि यह पूरे देश की सामूहिक आकांक्षा और आत्मनिर्भरता की जीत थी। भारत की अंतरिक्ष यात्रा का आरंभ 1962 में हुआ जब महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई ने यह सपना देखा कि अंतरिक्ष तकनीक केवल शक्ति प्रदर्शन का साधन नहीं होगी, बल्कि यह देश की समस्याओं को हल करने का माध्यम बनेगी। 1969 में इसरो की स्थापना हुई और 1975 में भारत ने पहला उपग्रह आर्यभट्ट अंतरिक्ष में भेजकर अपनी यात्रा शुरू की। इसके बाद 1980 में एपीजे अब्दुल कलाम की अगुवाई में एसएलवी-3 रॉकेट से रोहिणी उपग्रह का प्रक्षेपण हुआ जिसने भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम दिलाया।

इसके बाद इन्सैट और आईआरएस श्रृंखला के उपग्रहों ने दूरसंचार, मौसम पूर्वानुमान, टेलीविजन प्रसारण, शिक्षा और आपदा प्रबंधन में क्रांतिकारी योगदान दिया। संचार क्रांति की नींव भी इन्हीं उपग्रहों ने रखी जिससे गांव-गांव तक दूरदर्शन और रेडियो पहुंचा। धीरे-धीरे भारत ने अपने प्रक्षेपण यान विकसित किए। पीएसएलवी ने छोटे और मध्यम उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने में विश्वसनीयता अर्जित की और जीएसएलवी ने भारी उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजकर भारत को आत्मनिर्भर बनाया। 2008 में चंद्रयान-1 ने चांद पर पानी के अणुओं की खोज कर पूरी दुनिया को चौंका दिया। 2013 में मंगलयान ने भारत को एक बार फिर विश्व पटल पर चमकाया, जब वह पहली ही कोशिश में मंगल की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश बना। 2019 में चंद्रयान-2 का लैंडर सफलतापूर्वक नहीं उतर सका, लेकिन उसका ऑर्बिटर आज भी चांद




की परिक्रमा कर रहा है। 2023 में चंद्रयान-3 ने दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करके इतिहास रच दिया और भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद चांद पर उतरने वाला चौथा देश बना, साथ ही दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश भी। इसी वर्ष आदित्य-एल1 मिशन को लॉन्च किया गया जो सूर्य का अध्ययन कर रहा है। आगे गगनयान मिशन की तैयारी चल रही है जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री स्वदेशी तकनीक से अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का सबसे बड़ा महत्व यह है कि इसने आम आदमी के जीवन को सीधे प्रभावित किया है।

किसानों को मौसम की सटीक जानकारी मिलने लगी, डॉक्टरों ने टेलिमेडिसिन से दूरदराज गांवों में भी उपचार पहुंचाया, छात्रों तक उपग्रह शिक्षा पहुंची, आपदाओं में समय पर राहत कार्य संभव हुए और संचार की पहुंच हर घर तक बनी। यही नहीं, भारत ने विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण कर आर्थिक दृष्टि से भी मजबूती हासिल की और 'कम लागत, उच्च गुणवत्ता' वाले मिशनों की पहचान पाई। आज भारत वैश्विक मंच पर अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित है। सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो असंभव भी संभव हो सकता है। भविष्य में भारत न केवल गगनयान बल्कि शुक्रयान, चंद्रयान-4, स्पेस स्टेशन और पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान जैसी योजनाओं पर कार्य कर रहा है।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का सपना केवल आसमान तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अनंत ब्रह्मांड को छूने का है। यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल वैज्ञानिक महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि मानवता के कल्याण का मार्ग है। भारत ने जीवन को छूते हुए चांद तक की यात्रा की है और अब सितारों से आगे जाने का संकल्प लेकर बढ़ रहा है। एक दौर वो भी था जब सीमित संसाधनों के बावजूद वैज्ञानिकों ने अपने संकल्प और मेहनत से असंभव को संभव बनाते हुए रॉकेट के हिस्से, उपकरण और ईंधन तक को साइकिल और बैलगाड़ी पर लादकर पहुंचाया था और एक दौर आज है। यही भारत की असली अंतरिक्ष गाथा है। इस वर्ष का थीम 'विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों का लाभ उठाना' विषय हमें यह समझाता है कि आने वाले 25 वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान केवल रॉकेट और उपग्रहों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, संचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। जब भारत 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक अंतरिक्ष तकनीक हमारे गांवों को स्मार्ट विलेज में बदल चुकी होगी, किसान सटीक मौसम पूर्वानुमान और उपग्रह आधारित कृषि तकनीक से अपनी पैदावार दोगुनी कर रहे होंगे, डॉक्टर टेलीमेडिसिन और अंतरिक्ष से जुड़े डाटा के सहारे हर कोने तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे होंगे और छात्र वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से विश्वस्तरीय शिक्षा ले रहे होंगे। आदित्य-एल1, गगनयान और आने वाले शुक्रयान या अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन भारत को विज्ञान और नवाचार की वैश्विक राजधानी बनाएंगे। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केवल तकनीकी शक्ति नहीं होंगे, बल्कि समावेशी विकास का साधन बनेंगे, जहां हर नागरिक को बेहतर जीवन, सुरक्षित पर्यावरण और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रकार अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी 'विकसित भारत 2047' की आधारशिला बनकर राष्ट्र को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु की दिशा में अग्रसर करेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल निर्माता को भारत रत्न की पैरवी माननीयों का सराहनीय प्रयास

आज आप सभी के समक्ष देवभूमि हिमाचल प्रदेश की एकमात्र ऐसी महान शख्सियत का जिक्र करना चाहूंगा जिस महान् शख्सियत से हिमाचल का हर नागरिक परिचित होगा, वह महान हस्ति मानी जाती है।

हिमाचल प्रदेश के (शिल्पकार) निर्माता स्व डॉ. यशवंत सिंह परमार जिनकी हिमाचल प्रदेश को बनाने और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण रहीं है। जिनके बिना हिमाचल प्रदेश की कल्पना नहीं की जा सकती, जिन्होंने अपनी ईमानदारी, सादगी और काबिलियत के दम पर सुनहरे अक्षरों में इतिहास स्थापित किया, जो खुद एक उच्च शिक्षित व्यक्तित्व रहे हैं और जिन्होंने हिमाचल प्रदेश की बेहतरी के लिए डिस्ट्रिक्ट जज जैसी प्रतिष्ठित नौकरी तक का त्याग कर दिया क्षेत्र समाज के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के अनुसार डॉ. परमार का सपना था कि हिमाचल प्रदेश के हर गांव क्षेत्र में सड़क सुविधा उपलब्ध हो, ताकि प्रदेश का हर व्यक्ति जीवन की मुख्य धारा से जुड़े और आवागमन के लिए उचित सड़क सुविधा उपलब्ध हो। जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी और दुर्गम


हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर



क्षेत्रों में जाना जाता है। उस परिप्रेक्ष्य में डॉ. यशवंत सिंह परमार का जीवन हम सभी युवाओं और प्रदेशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगा। जिनके व्यक्तित्व पर जितना लिखा जाए, पढ़ा जाएं, शायद कम ही होगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सिरमौर के नाहन विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक अजय सोलंकी ने हिमाचल प्रदेश निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को हिमाचल प्रदेश सरकार के माध्यम से भारत रत्न देने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव रखा।

जिस प्रस्ताव पर पक्ष और विपक्ष सभी विधायकों ने सर्वसम्मति जताई, जो कि निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, परंतु यहां देखने एवं आत्मचिंतन करने का एक गंभीर विषय यह भी है कि आखिर आज तक माननीय जनप्रतिनिधियों को ऐसी महान विभूति को भारत रत्न देने की पैरवी करने की इच्छाशक्ति दिखाने का प्रयास क्यों नहीं किए गए, जो कि दोनों राजनीतिक दलों के लिए सोचने और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचने का विषय है।

जिन डॉ. यशवंत सिंह परमार के बिना हम सभी प्रदेशवासी हिमाचल प्रदेश को बनाने और पूर्ण राज्य दिलाने की शायद कल्पना भी नहीं कर सकते, परंतु फिर भी जैसे कहां भी जाता है कि (देर आए दुरुस्त आए) कहीं न कहीं इच्छाशक्ति का परिचय तो दिया, तो वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार का यह प्रस्ताव जनता की भावनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव माना जाता है तो वही भविष्य में उम्मीद करते हैं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर केंद्र सरकार हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न देकर उनको उचित सम्मान प्रदान करेगी, जिसके कदाचित वह हकदार और पात्र माने जाते हैं तो वहीं हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए भी एक गर्व का विषय होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकार ने मुंह फेरा तो ग्रामीण खुद सड़क बहाली में जुटे

## बालीचौकी में भारी बारिश से बंद थाटा-रांगचा सड़क, मलबा हटाने व डंगा बनाने के लिए हो रहा श्रमदान

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** जिला मंडी के बालीचौकी क्षेत्र में बरसात इस बार कहर बन कर टूट पड़ी है। क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी की समस्या से लोग लगातार जूझ रहे हैं। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या सड़क मार्गों के बंद होने से पैदा हुई है। कई दुर्गम क्षेत्रों में 30 जून के बाद यातायात पूरी तरह से बंद हो गया है नतीजन गांवों में राशन इत्यादि की भारी किल्लत भी पैदा हो गई है। सरकारी बेरुखी से परेशान होकर अब लोगों ने खुद सड़कों को खोलने का जिम्मा ले लिया है।

ताजा मामला ग्राम पंचायत बूंग जहलगाड के गांवों को सड़क से जोड़ने वाली थाटा-रांगचा सड़क का है, जहां लंबे समय से बंद पड़ी सड़क को खोलने के लिए स्थानीय लोगों ने न केवल मलबा हटाने का जिम्मा लिया, बल्कि बारिश के दौरान गिरे डंगों के पुनर्निर्माण कार्य का जिम्मा भी लिया और सड़क मार्ग की बहाली में जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने उन्हें बेसहारा पशुओं की तरह समझ रखा है और सड़क मार्ग बंद होने से इलाके में भुखमरी की समस्या पैदा हो गई है। घरों में ही नहीं बल्कि स्थानीय दुकानों में भी जरूरी सामान खत्म हो गए हैं।

सड़क की मरम्मत में संपूर्ण दो गांव रांगचा धार और सत्यवाली गांव के पूर्व नायब तहसीलदार मोती राम, राम लाल, गुरदयाल सिंह, लूदर मणि, होशियार सिंह, नंत राम, रमेश चंद, देवेंद्र कुमार, पूर्ण चंद, लीला नंद व अन्य सभी गांव वाले श्रमदान कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले मास ग्राम पंचायत कांढा के लोगों ने भी श्रमदान करके अपना सड़क मार्ग बहाल करने की कोशिश की थी।



श्रमदान कर सड़क की मरम्मत करते हुए ग्रामीण।

### काला पड़ा सेब

**बालीचौकी** क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण सड़क मार्ग बंद होने से इस बार लोगों की सेब की फसल बुरी तरह से प्रभावित हुई है, मंडी में पहुंचने से पूर्व ही सेब काला पड़ गया है। हालांकि अभी भी सेब का 50 प्रतिशत सीजन बकाया है अगर सड़कें समय पर दुरुस्त हुई, तो बागवानों का नुकसान कुछ कम हो सकता है।

### क्या कहते हैं सहायक अभियंता

इस विषय पर सहायक अभियंता बालीचौकी भूपेंद्र शर्मा का कहना है कि विभाग सड़क मार्ग बहाल करने का पूरा प्रयास कर रहा है, लेकिन अभूतपूर्व बरसात ने व्यापक क्षति पहुंचाई है और लगातार पानी से काम करने का समय भी नहीं मिल पा रहा है, बरसात का आलम यह है कि एक दिन सड़क मार्ग खोले देते हैं तो कुछ ही घंटों बाद फिर बंद हो जाता है। बावजूद इसके विभाग बेहतर प्रयास कर रहा है।

## एडीबी फंडिंग वाली पेयजल योजना पर 3 पंचायतों का विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एशियन विकास बैंक (एडीबी) द्वारा वित्तपोषित करोड़ों रुपए की वृहद पेयजल योजना पर विवाद खड़ा हो गया है। योजना का उद्देश्य 11 पंचायतों में पानी की किल्लत को दूर करना है, लेकिन पानी का स्रोत बनने वाली तीन पंचायतें—नेर-घरवाड़ा, मसौली और एक अन्य—इसके विरोध में हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा ने कहा कि विभाग ने योजना की डीपीआर और अनुमान तैयार करते समय स्रोत पंचायतों से एनओसी नहीं ली। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि स्रोत पंचायतों में पानी की कमी है, तो पहले उनकी समस्या का समाधान किया जाए। संजीव शर्मा ने चेतावनी दी कि इस विवाद के कारण 11 पंचायतों के हजारों लोगों का भविष्य अधर में लटक गया है और अधिकारियों तथा राजनीतिक नेतृत्व से तत्काल समाधान की अपील की है।

## 151 ग्राम चरस सहित कुल्लू का युवक सुंदरनगर में गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने किरतपुर-मनाली फोरलेन नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चरस की खेप के साथ दबोचा है। पुलिस टीम ने युवक के कब्जे से 151 ग्राम चरस बरामद की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम हेड कांस्टेबल हंसराज के नेतृत्व में किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान एक युवक पैदल वहां पहुंचा। पुलिस को देखकर युवक घबराया, जिस पर शक होने पर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 151 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान हरीश (23) पुत्र बोध राज निवासी गांव पुलगा, डाकघर बरसैणी तहसील जरी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुष्टि करते हुए डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत मंडी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने एक आरोपी को 151 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। भारत भूषण ने स्थानीय लोगों से भी नशे की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट कॉलेज में लगी योग कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा योग एवं इसके लाभ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार और नेक राम शास्त्री रहे। सज्जन कुमार ने प्राणायाम, व्यायाम और नशामुक्ति पर प्रकाश डाला, जबकि नेक राम ने औषधीय पौधों के लाभ बताए। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने कार्यशाला की सराहना की और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मंच संचालन डॉ. अरुण शर्मा ने किया।

### रिवालसर में 50 लोगों ने किया रक्तदान




**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रिवालसर केंद्र द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस एवं प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व प्रशासिका दादी प्रकाशमणी जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर समाज सेवा प्रभाग की तरफ से रिवालसर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का सफल संचालन बीके सुनीता दीदी, बीके सोमा दीदी, बीके ओमी दीदी एवं बीके पुष्प राज,अन्य बी के भाई बहनो के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. प्रियंका तथा जोनल अस्पताल मंडी के ब्लड बैंक प्रभारी गिरीश शर्मा की टीम ने योगदान दिया। इस दौरान 50 से ऊपर लोगों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग ने इस अवसर पर सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश शर्मा, पीएनबी मैनेजर श्रीजय सिंघा, रिटायर्ड एएमओ देव वर्मा, बीडी शर्मा, ओम प्रकाश सहित स्वास्थ्य विभाग की आशा वर्कर टीम भी उपस्थित रही।

### आत्मनिर्भर बनने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** दी मंडी जिला सहकारी विकास संघ द्वारा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत कृषि सहकारी सभाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की लगभग 30 कृषि सभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर दी मंडी जिला सहकारी विकास संघ अध्यक्ष संजय गौड़ ने सहकारी सभाओं को आर्थिक रूप से साक्षर और आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। उन्होंने सभाओं को अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए क्रेडिट से संबंधित कार्य शुरू करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ई-पैक्स प्रोजेक्ट के तहत कृषि सभाओं के कर्मचारियों को सहकारी सॉफ्टवेयर के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इस प्रोजेक्ट के जिला समन्वयक रोहित और कमलेश ने उपस्थित कर्मचारियों को कॉमन सर्विस सेंटर की आईडी भी प्रदान की। शिविर में जिला संघ के सचिव लाभ सिंह और निरीक्षक लुदरमनी भी उपस्थित रहें।

### मच्छयाल शनि मंदिर में तीन दिवसीय मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मच्छयाल गांव स्थित प्रसिद्ध शनि मंदिर में शुक्रवार को तीन दिवसीय पारंपरिक मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन सेवानिवृत्त ईटीओ रणजीत कटोच ने पूजा-अर्चना कर किया। शनि धाम कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को शाल, टोपी और स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और स्थानीय देवी-देवताओं का आगमन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। रणजीत कटोच ने कहा कि मेले हमारी पारंपरिक धरोहर हैं और यह समाज में एकता और भाईचारे को प्रोत्साहित करते हैं। मेले में सांस्कृतिक संध्याएं, कुश्ती और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस मेले को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर बताया।

### पेंशनधारक 31 तक करवा लें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील कल्याण अधिकारी चंदन वीर सिंह ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों से अपील की है कि वे 31 अगस्त तक अपनी ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करवा लें। वर्तमान में जोगिंद्रनगर में 10,464 लाभार्थियों को पेंशन प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार ने पेंशनधारकों के पहचान सत्यापन के लिए ऑनलाइन ई-केवाईसी की नई प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए विशेष मोबाइल एप विकसित किया गया है, जिसे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। लाभार्थियों को आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड, 10वीं का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रार का प्रमाण पत्र और बैंक/डाकघर पासबुक की प्रति साथ लानी होगी। तहसील कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस पहल से पेंशन प्रक्रिया में गड़बड़ियों और देरी पर रोक लगेगी और बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों को बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। इसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना है।

## फियूनगलू में 12 हजार भांग के पौधों की अवैध खेती का पर्दाफाश

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** नशा निवारण को लेकर सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे व्यापक जागरूकता अभियानों के बावजूद चौहार घाटी में अवैध नशे की खेती का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को पधर उपमंडल के फियूनगलू क्षेत्र में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चरस बनाने के लिए उगाई जा रही भांग (कैनाविस) की बड़े पैमाने पर खेती का खुलासा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम को गुप्त सूचना के आधार पर गश्त के दौरान यह सफलता मिली। दोपहर लगभग 1 बजे टीम मरखाण (जिल्हण वार्ड) के पास सड़क से लगभग 150 मीटर नीचे पगडंडी मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान पगडंडी के ऊपर और नीचे बने पांच सीढ़ीनुमा खेतों में हरे-भरे भांग के पौधे नजर आए। कुल मिलाकर इस दौरान लगभग 12,000 पौधे बरामद किए गए। यह अवैध खेती करीब 15 बिस्वा भूमि में की गई थी। पुलिस ने मौके पर गवाहों की मौजूदगी में पौधों की गिनती पूरी करने के बाद उन्हें नष्ट करने मे जुट गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह खेती किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मामले की पुष्टि करते हुए उपमंडलीय पुलिस अधीक्षक देवराज शर्मा ने कहा कि नशा निवारण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन समाज के सहयोग के बिना यह लड़ाई अधूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे अवैध कार्यों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और नशामुक्त हिमाचल बनाने में सहयोग करें।

## उद्यान विभाग मंडी ने चौंतड़ा में शीत भंडारण गृह का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उद्यान विभाग, जिला मंडी की निरीक्षण कमेटी ने चौंतड़ा में 30 मीट्रिक टन क्षमता वाले शीत भंडारण गृह का निरीक्षण किया। यह शीत गृह एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत बनाए गए प्रोजेक्ट का हिस्सा है और इसके लिए विभाग ने 50 प्रतिशत यानी 7.5 लाख रुपए का आंशिक अनुदान स्वीकृत किया है। निरीक्षण कमेटी की अध्यक्षता उपनिदेशक उद्यान डॉ. संजय ने की। लोअर चौंतड़ा निवासी नयन सुख द्वारा स्थापित यह पहला शीत गृह मुख्य रूप से फल और छोटे बीज आलू के भंडारण के लिए उपयोग होगा। सुख चौहान टिश्यू कल्चर तकनीक से सेब के पौधे और बीज आलू तैयार कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि इससे उनके व्यवसाय को नया बल मिलेगा व 50 प्रतिशत अनुदान के लिए इच्छुक लोग ई-उद्यान पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं।

## अभिलाषी विवि में प्रेरणादायी रहा करियर काउंसिलिंग सत्र

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** शिक्षा और भविष्य निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर अभिलाषी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। विश्वविद्यालय परिसर में वेदांता कोचिंग अकादमी, सुंदरनगर के एचएस राणा (सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी) द्वारा एक विशेष करियर काउंसिलिंग एवं अवसर सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र न केवल छात्रों के लिए जानकारीपूर्ण रहा, बल्कि उनके जीवन को नई दिशा देने वाला भी सिद्ध हुआ। राणा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि करियर की सफलता संयोग से नहीं, बल्कि सही चुनाव, निरंतर तैयारी और संघर्ष का परिणाम होती है।

सत्र के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता की सराहना की। विशेष रूप से माननीय कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी व प्रति कुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सोच ने इस परिसर को शैक्षिक उत्कृष्टता और समग्र विकास का केंद्र बना दिया है। कुलपति प्रो. एचकेचौधरी ने भी विवि की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार विश्वविद्यालय के छह संकाय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और उद्योग से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस सत्र में डीन, प्रिंसिपल, कोऑर्डिनेटर्स और फैकल्टी सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। सत्र का समापन विश्वविद्यालय परिवार और नेतृत्व, विशेष रूप से माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, माननीय प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनियस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की उपाध्यक्षा डॉ. प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार का धन्यवाद ज्ञापन करके किया गया।


अभिलाषी विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी का स्वागत करते हुए।

## आपदा प्रभावितों को गैर सरकारी संस्थाओं से मिल रही मदद, सरकार-प्रशासन बना तमाशबीन : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** विकास खंड के स्याठी गांव के डेढ़ दर्जन आपदा प्रभावित परिवारों ने डेढ़ महीने मंदिर परिसर में गुजारने के बाद अब किराये के मकानों में शरण ली है। इन परिवारों की पुनर्वास प्रक्रिया में सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठते जा रहे हैं।

भूपेंद्र सिंह, पूर्व जिला पार्षद एवं हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक सदस्य, ने आरोप लगाया कि सरकार अभी तक प्रभावितों को न तो जमीन आवंटित कर पाई है और न ही पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी बीच हिमाचल ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति ने इन सभी परिवारों को राहत प्रदान करते हुए प्रत्येक परिवार को 4 कुर्सियां व एक टेबल प्रदान की हैं। इन परिवारों का सारा सामान 30 जून को आए मलबे में दब गया था। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि संस्था ने स्याठी गांव के साथ-साथ कपाही व गरली-बाल्ही के एक-एक बेघर परिवार को करीब 50,000 रुपए मूल्य की सामग्री प्रदान की है। उन्होंने बताया कि अभी तक स्वयंसेवी संस्थाओं ने लगभग 60 लाख रुपए की वित्तीय सहायता और 20 लाख की खाद्य व आवश्यक सामग्री की मदद की है। कुछ स्थानीय लोगों ने जमीन दान करने की भी पेशकश की है, जिनमें भड्डू रोड पर 5 परिवारों के लिए भूमि देने की बात कही गई है।



### हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने उपलब्ध करवाई कुर्सियां व टेबल

## काइलैक एनिवर्सरी एडिशन हिमाचल में स्कोडा ने किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपनी 25वीं और वैश्विक स्तर पर 130वीं वर्षगांठ के खास मौके को और भी यादगार बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश में भी काइलैक एनिवर्सरी एडिशन के तहत स्कोडा काइलैक सिग्नेचर प्लस 1.0 एमटी एई और स्कोडा काइलैक प्रेस्टीज 1.0 एमटी एई लॉन्च कर दिए हैं। हिमाचल प्रदेश में स्कोडा के एकमात्र अधिकृत डीलर देवभूमि स्कोडा कार के गुटकर स्थित शोरूम में इन मॉडल की शानदार लांचिंग की गई। इन दोनों मॉडल्स को देव देवभूमि ग्रुप के निर्देशक संचित वशिष्ट ने लांच किया। इस अवसर पर देवभूमि ग्रुप के एडमिन हेड निखिल कौशल ने बताया कि स्कोडा की सबसे नई एसयूवी काइलैक को हिमाचल प्रदेश में लोगों का बहुत प्यार मिला है और यह एसयूवी ग्राहकों को बहुत ही पसंद आई है।

## सरकाघाट के गुप्ता परिवार का दूसरा बेटा भी बनेगा डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** के प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार का दूसरा बेटा भी अब डॉक्टर बनेगा। छोटे बेटे का एमबीबीएस में चयन होने से परिवार में दोहरी खुशी का माहौल है। साथ ही सरकाघाट क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड नंबर चार जमसाई से संबंध रखने वाले पर्व गुप्ता ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्होंने यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिलचस्प बात तो यह है कि पर्व का बड़ा भाई सृजल गुप्ता भी पहले से ही इसी मेडिकल कॉलेज में तृतीय वर्ष का छात्र है। अब दोनों भाई एक ही संस्थान से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करेंगे। पर्व ने पहली से दसवीं तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट से की, जबकि जमा दो की शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा से प्राप्त की। पर्व के पिता ई. राज कुमार गुप्ता हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग सरकाघाट में वरिष्ठ अधिशासी अभियंता हैं। माता गिरिजा गुप्ता सीनियर सेकेंडरी स्कूल पौंटा में गणित विषय की प्रवक्ता हैं। दादा सोहन लाल भी विद्युत विभाग से अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बेटे की इस सफलता से परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। पर्व ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। पर्व की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है।



## प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने ग्राम पंचायत तरस्वाण के द्रगड़ और गढगांव का दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायज़ा लिया।

उन्होंने बताया कि 18 अगस्त की रात द्रगड़ गांव में एक बोलेरो वाहन बह गया था। नाले का रुख बदलने से संपर्क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और 5 से 6 मकान खतरे की जद में हैं। प्रभावित परिवारों को निकटवर्ती सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

एसडीएम ने बताया कि गढगांव स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय की इमारत भी खतरे में है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की कक्षाओं को अस्थायी रूप से राजकीय प्राथमिक विद्यालय गढगांव में शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपमंडल पधर प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत एवं सहायता जैसे उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को पहले भी तरपाल आदि बांटे गए थे व आज भी प्रभावित परिवारों को तरपाल बांटे गए साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। इस दौरान नायब तहसीलदार पधर विकास कौंडल और संबंधित सर्कल के पटवारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने द्रगड़ और गढगांव में लिया बाढ़ के हालातों का जायजा

## एनसीसी प्रवेश परीक्षा संपन्न, 53 अभ्यर्थी चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरकाघाट में सत्र 2025-26 के लिए एनसीसी प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार के स्वागत से हुई, जिनका एस्कॉर्टिंग कैडेट कमल कौंडल और पंकज भारद्वाज ने किया। कमांडिंग ऑफिसर ने छात्रों को भारतीय नौसेना की भूमिका, कार्य और महत्व पर पीपीटी और वीडियो के माध्यम से जानकारी दी तथा एनसीसी में शामिल होने के लाभ बताए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिखी राम कौंडल ने अपने 20 वर्षों के एनसीसी अनुभव साझा किए।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विशाल कुमार ने भी छात्रों को एनसीसी से जुड़ने के फायदे समझाए। इसके बाद स्टाफ द्वारा 107 प्रतिभागियों की शारीरिक परीक्षा ली गई, जिसमें दौड़, पुशअप्स और पुलअप्स शामिल थे। परीक्षा के आधार पर 53 प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयनित छात्रों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद अंतिम चयन हुआ। इस कार्यक्रम ने छात्रों में एनसीसी के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ाई।

## वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा और रैली बनी बंद कमरे का ड्रामा : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भारतीय** जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस की हालिया रैली को लेकर तीखा प्रहार किया और इसे हिमाचल कांग्रेस की 'फ्लॉप राजनीति' का प्रतीक बताया। जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने ही आलाकमान और कार्यकर्ताओं के सामने प्रदेश की राजनीति का मज़ाक बनाया। प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के सामने कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी कर पार्टी अनुशासन की सीमाएं लांघ दीं, जो पार्टी की अंदरूनी कलह और गुटबाज़ी का स्पष्ट प्रमाण है।

जम्वाल ने बताया कि कांग्रेस को डर था कि रैली की वास्तविकता बाहर न आए। इसी कारण नेताओं ने मीडिया कर्मियों से बदसलूकी की और पत्रकारों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। रैली को बंद कमरे में आयोजित करना कांग्रेस की अव्यवस्था और हताशा का प्रतीक बन गया। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस का संगठन जर्जर हो चुका है और आने वाले चुनावों में जनता इसे पूरी तरह नकार देगी।

### भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस रैली को 'फ्लॉप राजनीति' करार दिया

### जनता और संगठन के बीच कांग्रेस की असंतुष्टि

**भाजपा** प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता से चिपके रहने और वोट चोरी के नैरेटिव पर राजनीति कर रही है। हिमाचल की जागरूक जनता अब इनके झूठे नाटक और बंद कमरे की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। यह रैली कांग्रेस की अव्यवस्था और जनता से दूरी का जीवंत प्रमाण बन गई।

## नाचन वन मंडल ने चलाया खरपतवार उन्मूलन अभियान



**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** नाचन वन मंडल द्वारा 31 अगस्त तक पार्थेनियम (गाजर घास), लैंटाना और कैनाबिस (भांग) के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वन मंडल अधिकारी एसएस कश्यप ने बताया कि यह अभियान मंडल की सभी 58 बीटों में चल रहा है, जिसमें महिला मंडल, युवक मंडल, पंचायत संस्थाएं, विद्यालय और स्थानीय समुदाय सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गाजर घास त्वचा रोग, श्वास समस्याओं और मिट्टी की उर्वरता में कमी के लिए जिम्मेदार है, जबकि लैंटाना चरागाहों और वनों पर कब्जा कर प्राकृतिक वनस्पतियों के पुनर्जनन को रोकता है। वहीं कैनाबिस का अवैध उपयोग सामाजिक समस्या उत्पन्न करता है और भूमि की उत्पादकता घटाता है। अभियान का उद्देश्य लोगों को इन खरपतवारों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और प्रभावित भूमि को पुन: उत्पादक बनाना है। 31 अगस्त को अभियान का समापन होगा तथा इसमें सक्रिय योगदान देने वाले महिला और युवा मंडलों को सम्मानित किया जाएगा।

**रूपरेखा** चोरी-छिपे पाइप डालने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई, पलोग व बरछ्वाड़ ट्रीटमेंट प्लांट पर अतिरिक्त भार, प्लांट फेल

# सीवरेज चैंबर में बारिश का पानी डालने पर विभाग हुआ सख्त

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** घरों और दुकानों की स्लैब पर इकट्ठा होने वाला बारिश का पानी अनधिकृत रूप से लोगों द्वारा सीवरेज पाइपों में डालने से न सिर्फ शहर भर के कई सीवरेज चैंबर ओवरफ्लो होकर गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि जल शक्ति विभाग के पपलोग और बरछ्वाड़ में करोड़ों रुपए से बने दोनों ट्रीटमेंट प्लांट भी अतिरिक्त भार आने के कारण फेल हो गए हैं। अब विभाग ने चोरी छिपे पाइपें डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा भारी जुर्माना डालने की भी रूपरेखा बना ली है।

दरअसल सरकाघाट शहर भर में जगह-जगह बने सीवरेज चैंबर भारी मात्रा में पानी एकत्रित होने के कारण ओवरफ्लो हो रहे हैं। लोगों के घरों, सड़कों, व्यावसायिक परिसरों और रास्तों में मल निकासी का गंदा पानी खुले में बह रहा है, जिससे न सिर्फ सीवरेज योजना को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि गंदगी सड़कों पर आ जाने से बीमारी फैलने का भी भय बना हुआ है। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक हाजिरी ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर कई बार सूचना देने के बाद भी लोग विभाग की नहीं सुन रहे हैं और मल निकासी के लिए बनाई गई नालियों में बारिश का पानी डाल रहे हैं जिससे भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। अब मजबूरन विभाग को कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लेना पड़ा है। जल शक्ति विभाग ने सीवरेज पाइपों व चेंबर में पानी डालने की शिकायत को लेकर ईमेल aeiphskt@gmail.com व मोबाइल नंबर 8544782728 जारी किया है, जिस पर सुबह 10 से लेकर दोपहर 1.30 बजे और शाम 2 से लेकर 5 बजे तक शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

### पेनल्टी डालने का लिया निर्णय

**जल** शक्ति विभाग के कर्मचारी लोगों के घरों और व्यावसायिक परिसरों का निरीक्षण करेंगे। जिस किसी ने भी सीवरेज पाइपों में बरसात का पानी डालने के लिए पाइप लगाई होगी या नालियों में सीवरेज पाइप डाली होगी उस व्यक्ति द्वारा जिस दिन से सीवरेज के लिए अप्लाई किया था उसी दिन से लेकर आज तक की पेनल्टी भी ली जाएगी। इसके अलावा उसका पेयजल कनेक्शन भी काट दिया जाएगा और पिछले समय से अब तक का निर्धारित जुर्माना भी वसूला जाएगा।




### कब लिया कनेक्शन उसी हिसाब से जुर्माना

| | |
|---|---|
| 1 वर्ष तक | 1000 रुपए |
| 2 वर्ष तक | 2500 रुपए |
| 3 वर्ष तक | 4000 रुपए |
| 4 वर्ष तक | 6000 रुपए |
| 5 वर्ष तक | 7500 रुपए |
| 5-10 वर्ष तक | 10000 रुपए |

10-15 वर्ष तक 20000 रुपए की दर से जुर्माना वसूला जाएगा।

### हफ्ते में हटा लें कनेक्शन

**जल** शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता इंजीनियर विवेक हाजिरी ने कहा कि जिन्होंने भी शहर की सीवरेज लाइन और चेंबर में अनाधिकृत छत के पानी के साथ-साथ टॉयलेट के कनेक्शन डाले हैं। एक हफ्ते में हटा ले अन्यथा भारी जुर्माना के साथ-साथ उनके कनेक्शन भी काट दिए जाएंगे। उन्होंने शहर के लोगों को ऐसे मामलों की शिकायत करने का अनुरोध किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपलब्धि : ऊना का रिदम ओहरी बनेगा डॉक्टर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के होनहार बेटे रिदम ओहरी ने अपनी लगन और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 में शानदार सफलता प्राप्त की है। रिदम ने 546 अंक हासिल किए और उनका चयन प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में एमबीबीएस कोर्स के लिए हुआ है। ऊना वार्ड 9 के निवासी रिदम ओहरी के पिता राजीव कुमार अध्यापक हैं, जबकि माता मीनाक्षी गृहिणी हैं। रिदम ओहरी ने ऊना के माउंट कार्मेल स्कूल से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने बारहवीं कक्षा श्री बीआरएन मॉडल स्कूल, ऊना से उतीर्ण की। रिदम ने नीट परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर यह मुकाम हासिल किया। रिदम के माता-पिता ने बेटे की इस उपलब्धि को उसकी कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। वहीं, रिदम ने भी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और सतत परिश्रम को दिया है। रिदम ओहरी ने कहा कि डॉक्टर बनकर वह समाज की सेवा करना चाहते हैं और जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेंगे। उनकी सफलता पर पार्षद ममता कश्यप, पूर्व पार्षद नवदीप कश्यप, अनंतवीर सिंह व अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

### लखदाता पीर प्राण सुरी के दंगल में प्रवीण विजेता

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के शक्तिपीठ लखदाता प्राण सुरी में दो दिवसीय पारंपरिक छिंज मेले का आयोजन किया गया। मेले के समापन अवसर पर हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश के नामी पहलवानों ने अपने-अपने दमखम दिखाए। सुबह से ही मंदिर प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा।मंदिर कमेटी के प्रधान शेर सिंह ठाकुर ने बताया कि सुबह 9 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस दंगल मेले में मुख्यातिथि डीसी ऊना जतिन लाल रहे। कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। देर शाम को फाइनल मुकाबले पंजाब के प्रवीण कोहली और उत्तर प्रदेश के अजय वारन के बीच में हुआ। जिसमें प्रवीण कोहली ने जीत दर्ज की।मेला कमेटी की ओर से विजेता प्रवीण कोहली को 1,51000 रुपए नकद और एक गुर्ज, जबकि उपविजेता अजय वारन को 1 लाख रुपए नकद और एक गुर्ज प्रदान किया गया। दंगल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी श्रद्धालुओं को बांधे रखा। दर्शकों ने कहा कि यह मेला केवल दंगल तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक है।

### कपिश ने शोटोकाई कराटे कप में जीता गोल्ड

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के कपिश कालिया ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कपिश ने नेशनल शोटोकाई कराटे कप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता पंजाब के बटाला में आयोजित की गई थी। कपिश ने अपनी स्कूली शिक्षा धौलाधार एनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की है, जो कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह स्कूल सीबीएसई से संबद्ध है और कक्षा 12वीं तक की शिक्षा प्रदान करता है। उनके परिवार ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नेशनल शोटोकाई कराटे कप में कपिश की जीत ने उनके खेल कौशल और समर्पण को प्रदर्शित किया है।

### गुग्गा जाहरवीर मंदिर में दंगल 28 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपतहसील जोल की सोहारी पंचायत के बढ्डू गांव में स्थित गुग्गा जाहरवीर मंदिर में वार्षिक विशाल दंगल मेले का आयोजन 22 अगस्त को किया जाता था, लेकिन इस बार भारी बारिश को देखते हुए इसका आयोजन 28 सितंबर को किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान पवन ठाकुर ने दी है। बता दें कि यह दंगल मेला जोल क्षेत्र के आसपास का सबसे मशहूर दंगल मेला होता है, जिसमें इलाके के सैकड़ों लोग स्थानीय एवं बाहर से आए हुए मशहूर पहलवानों की कुश्ती देखने के लिए एकत्रित होकर मेले का खूब आनंद उठाते हैं।

### भाजपा संगठन की कार्यशाला ऊना में होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा जिला ऊना द्वारा प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास ने बताया कि 25 अगस्त को जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, कार्यशाला में प्रदेश के नव नियुक्त पदाधिकारी 17 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष व महामंत्री प्रदेश के 171 मंडलों के मंडल अध्यक्ष इस कार्यशाला में भाग लेंगे जिसमें विशेष रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह जी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, सह प्रभारी संजय टंडन और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक 28 को

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय कॉलेज अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) की बैठक अब 28 अगस्त को दोपहर दो बजे होगी। पीटीए सचिव डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इससे पहले 18 अगस्त को बैठक होनी थी। कोरम के अभाव में बैठक नहीं हो पाई। इस कारण बैठक स्थगित कर दी गई है। प्राचार्य डा. रमेश ठाकुर ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे बैठक में शामिल होकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सुझाव दें।

सड़क सुरक्षा को लेकर उपमंडल अधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

### स्कूल बसों की नियमित जांच करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क हादसों की रोकथाम और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमंडल अधिकारी ने स्कूलों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में विशेष रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा मोटरसाइकिल पर स्कूल न आए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बसों की नियमित जांच करने के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले लोगों को 25 हजार की नकद प्रोत्साहन राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल ने सभी विभागों से आग्रह किया कि वे सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और जनता को इस पहल का हिस्सा बनने के लिए जागरूक करें।

### पंचायतीराज व्यवस्था के समकालीन मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'राजनीति विज्ञान की पाठशाला' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने की। इस बार की पाठशाला का विषय 'लोकतंत्र और पंचायती राज चुनौतियां एवं समाधान' रहा। सत्र में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। फाइनल ईयर से निखिल, तानिया शर्मा और अंकिता कुमारी ने विषय पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। वहीं सेकेंड ईयर से दिव्यांशु शर्मा, अंकुश शर्मा, वेदीशी शर्मा और तनु ठाकुर ने विचार व्यक्त किए। फर्स्ट ईयर से सिमरन, पार्वती, किरण और शगुन ने भी उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम में छात्रों ने लोकतंत्र और पंचायती राज व्यवस्था के समकालीन मुद्दों पर चर्चा करते हुए चुनौतियों के समाधान सुझाए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक एवं बौद्धिक प्रगति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभाग प्रत्येक शुक्रवार को राजनीति विज्ञान की पाठशाला में समसामयिक मुद्दों पर चर्चा सत्र आयोजित करेगा।

### आईआईआईटी ऊना का 7वां दीक्षांत समारोह आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ऊना का सातवां दीक्षांत समारोह 23 अगस्त को आयोजित होगा। मुख्यातिथि प्रो. अनिल होंगे। समारोह में 135 बीटेक और 1 पीएचडी उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दी जाएंगी। निदेशक प्रो. गौर ने बताया कि वर्ष 2024-25 में संस्थान ने शानदार प्लेसमेंट हासिल किया। अमेजन द्वारा दिया गया 48 लाख का सबसे उच्च पैकेज संस्थान की प्रतिष्ठा को दर्शाता है। 16 छात्रों को 16 लाख से अधिक पैकेज मिला और औसत पैकेज 31.5 लाख रहा। इन परिणामों ने आईआईआईटी ऊना को देश के अग्रणी तकनीकी संस्थानों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। यह सफलता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, उद्योग-सहयोग और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण है। संस्थान विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

# टीबी उन्मूलन की राह पर तेजी से अग्रसर ऊना जिला

**अनंत ज्ञान, ब्यरो ऊना**

ऊना जिला टीबी उन्मूलन की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीबी मुक्त ऊना का लक्ष्य तय करते हुए इस वर्ष 200 पंचायतों को क्षय रोग मुक्त घोषित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने ठोस पहल शुरू की है।

इस उद्देश्य को साकार करने के लिए जिला क्षय रोग विभाग ने आधुनिक तकनीक, सशक्त योजनाओं और सामुदायिक भागीदारी को आधार बनाकर प्रयासों को गति दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा बताते हैं कि वर्ष 2015 में जिले में प्रति लाख जनसंख्या पर केवल 655 लोगों की ही जांच हो पाती थी, जबकि 2025 तक इस संख्या को बढ़ाकर 5000 प्रति लाख करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में जिला ऊना के पांच अस्पतालों में अत्याधुनिक तकनीक की मदद से क्षय रोग की जांच की जा रही है। वे बताते हैं कि वर्ष 2024 में 29,176 संभावित रोगियों की जांच की गई, जिनमें 802 रोगी

### सामुदायिक भागीदारी है सफलता की कुंजी

**इस** अभियान को सफल बनाने में प्रशासन भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि सामुदायिक भागीदारी और जन-जागरूकता ही इस मुहिम की सफलता की असली कुंजी है। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, ताकि सामूहिक प्रयासों से लक्ष्य हासिल किया जा सके।

**इस साल 200 पंचायतों को क्षय रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य**

क्षय रोग से पीड़ित पाए गए। वहीं, 31 जुलाई 2025 तक 15,271 संभावित रोगियों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 540 रोगियों की पुष्टि हुई है। रोगियों की जल्द पहचान कर समयबद्ध उपचार और पोषण सहायता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक जिले की 105 पंचायतों को क्षय रोग मुक्त घोषित किया जा चुका है।

इन पंचायतों को जिला स्तर पर महात्मा गांधी की कांस्य और चांदी की प्रतिमाओं से सम्मानित किया गया है। आने वाले समय में इस संख्या को बढ़ाकर 200 पंचायतों तक ले जाने का लक्ष्य है। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर बताते हैं कि जिले में इन दिनों 100 दिनों का विशेष क्षय रोग मुक्त अभियान भी चल रहा है।

इस अभियान के तहत अब तक 51,665 एक्स-रे किए जा चुके हैं और एक लाख से अधिक एक्स-रे का लक्ष्य निर्धारित है। इसी अवधि में 81 नए क्षय रोगियों का पंजीकरण भी किया गया है। डॉ. विशाल ने बताया कि सभी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जाते हैं, जबकि गंभीर श्रेणी के रोगियों को मुख्यमंत्री क्षय रोग निवारण योजना के तहत अतिरिक्त 1500 रुपए की सहायता भी प्रदान की जाती है।

## आईटीआई पंडोगा में व्यावसायिक सीटों पर प्रवेश 30 तक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पंडोगा में शैक्षणिक सत्र 2025-26/27 के लिए कुछ प्रमुख व्यवसायों में सीमित सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य बीएस ढिल्लों ने जानकारी दी कि ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस तथा फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी ट्रेड्स में इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 30 अगस्त तक जारी रहेगी, इसलिए योग्य अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें। आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, फीस तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में संस्थान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित संपर्क नंबरों 94595-71561, 82195-88540, 98052-42536, 94598-92168 पर सहायता ली जा सकती हैं।

## बोहरू पंचायत में 6 माह पुराना डंगा धंसा, सड़क टूटने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा उपमंडल की रामगढ़ धार के अंतर्गत आने वाली बोहरू पंचायत में एक बार फिर विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

पंचायत की मुख्य सड़क पर बनाया गया डंगा गिरने से सड़क ध्वस्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। इस सड़क से बोहरू पंचायत के लगभग दस गांवों के करीब पांच सौ से ज्यादा परिवार जुड़े हुए हैं, जो रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहते हैं, लेकिन डंगा गिरने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है और आने वाले दिनों में इस मार्ग का पूरी तरह बंद हो जाना तय माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क छह माह पहले ही बनाई गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार किए गए इस मार्ग का कार्य अभी नया ही था, लेकिन बही लिदकोट चौक पर बना डंगा अचानक धंस गया। इसके कारण सड़क का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे की ओर खिसक गया है। जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं और पूरी सड़क में धंसाव साफ देखा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने ध्यान नहीं दिया, तो यह मार्ग पूरी तरह टूटकर बह जाएगा। बंगाणा की बोहरू पंचायत के लोगों के लिए यह सड़क किसी जीवन रेखा से कम नहीं है। शहर से लेकर स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, बाज़ार और दफ्तरों तक पहुंचने के लिए ग्रामीण इसी मार्ग पर निर्भर रहते हैं। आसपास के दस गांवों के लोगों के लिए यह मुख्य संपर्क मार्ग है। डंगा गिरने से सड़क का इस्तेमाल अब जोखिम भरा हो गया है। वाहनों के लिए सड़क संकरी और असुरक्षित हो चुकी है, वहीं पैदल चलने वालों को भी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क और डंगे के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया था। यही कारण है कि मात्र छह माह में ही करोड़ों की लागत से बनी सड़क दरकने लगी। बरसात के दिनों में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण डंगा धंस गया और सड़क की मजबूती कमजोर पड़ गई। लोगों ने सवाल उठाया कि जब इतनी जल्दी निर्माण कार्य की पोल खुल सकती है तो विभागीय निगरानी और ठेकेदार की जवाबदेही पर सवाल उठाना लाजमी है।

## रोहित चौधरी ने स्टूडेंट्स को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीपलू (घलूं) में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उन्हें सही दिशा देना समाज की जिम्मेदारी है। यदि छात्र शुरू से ही यातायात नियमों का पालन करेंगे, तो सड़क दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक कम हो सकती है। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बच्चों को हेलमेट और सीट बेल्ट की महत्ता समझाई और दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार और मोबाइल फोन का प्रयोग सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजह है। यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनन आवश्यक है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। बिना लाइसेंस या फिर 18 वर्ष से कम आयु वाले कोई वाहन न चलाएं। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों को बर्बाद करता है। युवा वर्ग को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा और सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा नाश का दूसरा नाम है और इससे केवल दुख, दरिद्रता और बर्बादी ही मिलती है।

## चैतन्य ने कैंसर पीड़ित हरमन के इलाज के लिए दी 10 लाख रुपए की सहायता राशि

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हरमन की सहायता के लिए आगे आकर 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की है।

इसमें से 5 लाख रुपए हरमन के इलाज के लिए दिए गए हैं, जबकि 5 लाख रुपए इलाज के पश्चात उसके खानपान और पढ़ाई के लिए भेंट किए गए हैं। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि हरमन न केवल इस क्षेत्र का भविष्य है, बल्कि उसकी हिम्मत और जिजीविषा प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे मामलों में आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर मदद मिल सके। हरमन के अच्छे स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ भाजपा मंडल गगरेट के पदाधिकारियों और चैतन्य शर्मा द्वारा राम मंदिर अंदौरा में एक विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर ईश्वर से हरमन के जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। सभी ने चैतन्य शर्मा की इस मानवीय पहल की भूरी-भूरी सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।



### राजेश व अनिल डढ़वाल का किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, अंब।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने दौलतपुर चौक पहुंचने पर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर और आईटी सेल के प्रदेश संयोजक अनिल डढ़वाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंडल गगरेट एवं मंडल दौलतपुर चौक के अध्यक्ष नितिन ठाकुर एवं अजय ठाकुर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर भाजपा के कार्यक्रम में नवनियुक्त राज्य व जिला पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि संगठन ने भाजपा नेता राजेश ठाकुर को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है।

## ध्यूंसर महादेव तलमेहड़ा मेला आज

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल के तहत सदा शिव मंदिर ध्यूंसय महादेव तलमेहड़ा में वार्षिक छिंज मेले का आयोजन 23 अगस्त शनिवार को किया जाएगा।

इसकी जानकारी सदा शिव चैरिटेबल ट्रस्ट ध्यूंसर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त शनिवार को छिंज मेले का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसमें देश भर के नामी-गिरामी पहलवान अपनी ताकत दिखाएंगे। दंगल में 51000 रुपए का आकर्षक इनाम रखा गया है। कुश्ती विजेता को 31 हजार और उपविजेता पहलवान को 20 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। इसमें अन्य इनामी कुश्तियां भी होगी। दंगल के दौरान सदा शिव चैरिटेबल ट्रस्ट ध्यूंसर का निर्णय अंतिम होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दंगल मेले में अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया है।

## विधायक आज कृषि सिंचाई योजना कार्यक्रम में होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों में विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में खंड बिकास भवन बंगाणा में आज इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत होगी। विधायक विवेक शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करके किसानों को कृषि उपकरण वितरण करेंगे। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा किसानों से संवाद और जन समस्याओं को सुनेंगे और कृषि के आधुनिकीकरण पर बल देंगे। किसानों को आधुनिक सिंचाई उपकरण मिलने से खेती में नई तकनीक को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।उपरांत विधायक विवेक शर्मा दोपहर एक बजे विधायक ग्राम पंचायत ढयूंगली पहुंच कर पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे। स्थानीय पंचायत एवं ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करते हुए यह भवन पंचायत स्तर पर बैठकों, योजनाओं और जनकल्याण कार्यों के संचालन में सहायक होगा।

## पायल महंत ने हरमन के इलाज के लिए दिए 1 लाख 1 हजार 100 रुपए

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**अंब।** अंब उपमंडल की प्रसिद्ध चांदनी महंत की शिष्य समाजसेवी पायल महंत अप्पर आदौरा के ब्लड कैंसर से पीड़ित 12 वर्षीय हरमन कुमार के लिए फरिश्ते के रूप में सामने आई है।

उन्होंने उसके इलाज के लिए एक लाख एक हजार एक सौ रुपए की सहायता राशि दी है। उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर पल उपलब्ध रहने की बात को एक बार फिर साबित कर दिया है। पायल ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से अपने किसी रिश्तेदार की बीमारी के चलते पंजाब में थी। बीती रात सोशल मीडिया के जरिए उन्हें हरमन की बीमारी और परिवार की स्थिति के बारे में पता चला। इसके बाद वह आज सुबह ही वापस अंब आ गई और अब उन्होंने हरमन के पिता राजीव कुमार को यह सहायता उपलब्ध करवाई है। इसके साथ-साथ उन्होंने प्रदेश के अन्य संपन्न लोगों से भी हरमन की सहायता के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाने की अपील की है। हरमन के पिता राजीव के अनुसार वह मेहनत मजदूरी कर परिवार पाल रहे हैं। पीजीआई के डॉक्टर्स ने उनके बेटे के इलाज के लिए लगभग 20 लाख रुपए का खर्च बताया है, जो उनकी हैसियत से बाहर की बात है। राजीव ने पायल महंत की इस दरिया दिली के लिए उनका आभार व्यक्त किया। राजीव की इस हालत को देखते हुए क्षेत्र के अन्य लोग भी अब उनकी सहायता के लिए अपने हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। राजीव कुमार ने प्रदेश की जनता से उनके सहायता करने के लिए अपील की है।

## नसीहतें देने के बजाए अपने कार्यकाल का हिसाब दें पूर्व मंत्री : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के नेताओं में जुबानी जंग छिड़ी हुई है। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व में लंबे समय तक सत्ता में रहे और विधायक, मंत्री व सीपीएस जैसे पदों पर रहने वाले नेताओं को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि बीस वर्षों तक सत्ता में रहते हुए भी आपदा प्रबंधन का स्थायी हल न निकालने वाले अब जनता को ज्ञान न बांटें।

कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, जिला पार्षद सत्या देवी, मीडिया प्रभारी योगराज, कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा और के सी शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि मौजूदा विधायक विवेक शर्मा ने मात्र एक वर्ष में ही जनता के घर-घर जाकर समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई और क्षेत्र में अग्रणी विकास कार्य करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि बीस वर्ष सत्ता का सुख भोगने के बावजूद बंगाणा मुख्यालय पर कौन सा बड़ा कार्य कर दिया, बंगाणा में बस स्टैंड तो बना नहीं पाए, जबकि यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते-जाते हैं। यह जनता के साथ एक बड़ा अन्याय है। अब वही लोग राज्य सरकार और मौजूदा विधायक विवेक शर्मा पर टिप्पणी कर रहे हैं, जबकि स्वयं उन्होंने अपने कार्य काल में ठोस कदम उठाने की जगह केवल आश्वासन ही दिए। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि आपदा आने पर कितने परिवारों को व्यक्तिगत स्तर पर आपके द्वारा आर्थिक सहायता दी गई, इसका ब्यौरा जनता को प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है कि किसने कितने परिवारों का संकट के समय सहारा बना और किसने केवल राजनीति चमकाने का काम किया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि मौजूदा विधायक विवेक शर्मा आपदा प्रभावित परिवारों की मदद को लेकर बेहद संवेदनशील हैं और राज्य सरकार से लगातार राहत पैकेज लाने के साथ-साथ स्वयं भी पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता कर रहे हैं। यही कारण है कि जनता ने उन पर विश्वास जताकर उन्हें विधानसभा भेजा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज कुटलैहड़ की जनता को नसीहतें देने की बजाय पूर्व मंत्री को अपने कार्यकाल का हिसाब देना चाहिए। जनता भली-भांति समझती है कि किसने बीस वर्ष सत्ता में रहकर क्षेत्र की उपेक्षा की और कौन मात्र एक वर्ष में विकास की नई तस्वीर गढ़ने में जुटा है।

**संस्कृति** पत्थरों में जमी विरासत, धरेत गांव का सांस्कृतिक प्रहरी जोगिंदर

## हथौड़ी की चोट से गूंजती पहचान : शिल्प व समाज का संवाद

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



**लठियानी।** आधुनिकता की तेज रफ्तार में जहां परंपराएं धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं, वहीं धरेत गांव का एक साधारण इंसान उन यादों को फिर से जीवित कर रहा है। यह कहानी है गांव के बुजुर्ग शिल्पकार जोगिंदर की, जिन्होंने अपने हाथों की मेहनत और दिल की लगन से पत्थरों को केवल आकार ही नहीं दिया, बल्कि संस्कृति को भी नया जीवन दिया। कभी गांव की पहचान ही पत्थरों से बने आंगन और घर हुआ करते थे।

पत्थर के फर्श की ठंडक, दीवारों की मजबूती और गोबर से लीपे कमरों की सादगी ही उस दौर की असली शान थी। यह सिर्फ निर्माण नहीं था, बल्कि जीवन का विज्ञान था। गर्मियों में शीतलता, सर्दियों में गरमाहट और हर मौसम में अपनापन यही पत्थरों का उपहार था, लेकिन वक्त बदला। टाइल और मार्बल की चमक-दमक ने धीरे-धीरे गांव के आंगनों से पत्थर की ठोस पहचान छीन ली। आज घर भले ही आकर्षक दिखते हों, लेकिन उनमें न टिकाऊपन है, न वह आत्मीयता।

पत्थर थे नींव हमारी, पहचान वही पुरानी, चमक में खो गए आज हम, भूली अपनी कहानी। यही भूली हुई कहानी आज भी जोगिंदर अपने हाथों से लिख रहे हैं। पिछले 40 वर्षों से वह पत्थरों को तराशते आ रहे हैं। उम्र भले ही ढलान पर हो, लेकिन उनके जज्बे में आज भी वही जवानी की आग है। जोगिंदर कहते हैं कि यह काम केवल कारीगरी नहीं, बल्कि धैर्य, श्रम और आत्मा की साधना है। उनके साथ गांव का एक युवा बलदेव भी यह कला सीख रहा है। यह दृश्य सिर्फ शिल्प का नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच संस्कृति के हस्तांतरण का है। मानो पत्थरों के हर आघात के साथ परंपरा की धुन गूंज रही हो।

गांव के बुजुर्ग भी बताते हैं कि पुराने समय में पत्थर के आंगन सिर्फ सुंदरता नहीं, बल्कि सुरक्षा और स्थायित्व की गारंटी थे। बच्चे खेलते, महिलाएं घर का काम करतीं और परिवार के लोग मिल-बैठकर बातें करते। उस समय औरतों के सिर पर हर समय दुपट्टा होता था , जब औरतें घर के अंदर जाती थी तो सिर ठक्कर ही जाती थी। लेकिन आज के समय में औरतें दुपट्टा लेना भी उचित भी नहीं समझती हैं। उस आंगन में न केवल घर, बल्कि रिश्ते भी मजबूती से जुड़ते थे।

### संभाल लो इन धरोहरों को, यही है सच्चा मान

**धरेत** गांव के जोगिंदर आज की पीढ़ी के लिए संदेश हैं कि आधुनिकता अपनाना बुरा नहीं, लेकिन अपनी जड़ों को त्यागना सबसे बड़ी भूल है। यदि हम परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बना लें, तो न सिर्फ अपने घर, बल्कि अपनी संस्कृति को भी संवार सकते हैं। जोगिंदर की हथौड़ी केवल पत्थरों पर नहीं पड़ती, बल्कि हमारी चेतना पर भी दस्तक देती है। यह दस्तक याद दिलाती है कि असली विरासत चमकदार टाइलों में नहीं, बल्कि उन मजबूत पत्थरों में है, जिन्होंने पीढ़ियों को आश्रय और पहचान दी।

## खिलाड़ियों को दी खेल किट

**अनंत ज्ञान, लठियानी**



बंगाणा निजी विद्यालय की हैमर बॉल टीम को जयपुर में नेशनल स्कूल लीग में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। शुक्रवार को टीम को विशेष रूप से खेल किट प्रदान की गई।

विद्यालय के खिलाड़ी अंशुमन, हर्षित राणा, शिवांश कश्यप, यशवीर सिंह, नितिन, आदित्य शर्मा, प्रियांशु, रियांश, तीक्ष्ण, जायसवाल अक्षय और अक्षव कटोच राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम के इन खिलाड़ियों में अपार उत्साह और जोश देखने को मिला। हैमर बॉल एसोसिएशन के महासचिव जगदीश व सचिव प्रवीण द्वारा खिलाड़ियों को किट प्रदान की। इस अवसर पर यशवीर सिंह, सुमित शर्मा, विनोद शर्मा और सुमित भी विशेष रूप से उपस्थित थे। हैमर बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय राणा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल जीतने का साधन नहीं है, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का सच्चा परिचायक है। खेल भावना के साथ खेलना ही किसी खिलाड़ी की सबसे बड़ी जीत होती है। विद्यालय प्रबंधन ने भी खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि आर्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी अपने प्रदर्शन से न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाएंगे। जयपुर में होने वाली इस नेशनल स्कूल लीग में भाग लेना विद्यालय और क्षेत्र, दोनों के लिए गर्व का विषय है। आने वाले दिनों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन कैसा रहता है, इस पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।

# कुर्पण खड्ड में बहा अस्थायी पुल ग्रामीणों ने किया पुनर्निर्माण

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान



आनी। श्रीखंड की चोटियों में 13 अगस्त को बादल फटने के बाद कुर्पण खड्ड का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे ग्राम पंचायत जुआगी और चायल को जोड़ने वाले मार्ग पर बनी अस्थायी पुल बह गई।

पुल के बह जाने से चायल और जुआगी पंचायतों के धाराबाग, तिंदर और जुआगी गांव के स्कूली बच्चों सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि करीब एक सप्ताह तक स्कूली बच्चे स्कूल तक नहीं जा सके। हालांकि, स्थानीय लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और आपसी सहयोग से पुलिया का पुनर्निर्माण कर दिया। यह पुलिया जाओं घराट नामक स्थान पर लगाई गई है, जिससे चायल पंचायत की लगभग 80 प्रतिशत जनता लाभान्वित होगी। इसके निर्माण में पंचायत प्रधान रोशना देवी, उपप्रधान रणजीत सिंह, ओम प्रकाश सहित पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान किया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष 31 जुलाई को रात आई विनाशकारी बाढ़ में दर्जनों पुल बह गए थे, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद सरकार और प्रशासन की ओर से स्थायी पुल निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इनमें बाहचा पुल, बड़ींगचा पुल, जाओं धाराबाग पुल, सांगवा पुल और बजआगी पुल शामिल हैं। जुआगी पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि छठी से लेकर +2 तक के छात्र-छात्राएं रोजाना अस्थायी पुलियों से होकर स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में जब खड्ड का जलस्तर बढ़ जाता है, तो बच्चों के लिए इन पुलियों को पार करना बेहद जोखिम भरा हो जाता है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने सरकार और प्रशासन से स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि तीन पुलों की स्वीकृति बीडीओ कार्यालय से जारी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# दिल्ली के जंतर मंतर में करेंगे बिजली महादेव रोपवे का विरोध : राम सिंह

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। एचपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के सदस्य राम सिंह ने कहा है कि बिजली महादेव रोपवे किसी भी सूरत में नहीं लगने देंगे, चाहे इसके लिए हमें कुर्बानियां ही क्यों न देनी पड़े।



एचपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष व बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के सदस्य राम सिंह व अन्य।

शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अब बिजली महादेव रोपवे के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर में बिजली महादेव संघर्ष समिति उपज आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने बताया कि बिजली महादेव रोपवे विरोध संघर्ष समिति के 200 के करीब सदस्य 29 अगस्त को अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। उन्होंने कुल्लू के बाद अब दिल्ली के जंतर मंतर में भी बिजली महादेव रोपवे के विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति 29 अगस्त को दिल्ली के जंतर मंतर पर बिजली महादेव रोपवे पर के विरोध में धरना प्रदर्शन करेगी और इस धरना प्रदर्शन को लेकर दो से ढाई सौ लोगों की परमिशन मांगी गई है। ऐसे में सरकार के द्वारा जितने लोगों को धरना प्रदर्शन करने की अनुमति दी जाएगी उतने लोग 29 तारीख को दिल्ली के जंतर मंतर पर बिजली महादेव रोपवे के विरोध में धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को कुल्लू जिला मुख्यालय में जिस प्रकार हजारों की संख्या में लोगों ने रोपवे के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन किया था। बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के द्वारा जो रोपवे को निरस्त करने के लिए प्रस्ताव और देवता बिजली महादेव मंदिर कमेटी के द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया है और इसके साथ-साथ बिजली महादेव में रोपवे निर्माण के लिए सॉइल टेस्टिंग के बाद बड़ी-बड़ी दरारें पड़ी है उसके फोटोग्राफ्स के साथ-साथ सभी मीडिया रिपोर्ट्स के दस्तावेज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्सनल मेल पर भेज दी है ताकि वह वस्तु स्थिति से अवगत हो सकें। इसके साथ-साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी मेल में दस्तावेज भेजे हैं। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को दस्तावेज भेजे हैं और बिजली महादेव रोपवे के को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश में जो आपदा हो रही है उसमें प्रकृति के साथ जो छेड़छाड़ हो रहा है और बिजली महादेव के जंगल में जिस प्रकार 70 पेड़ों को काटा गया और 205 पेड़ चिन्हित किए गए हैं इसी कारण हो रहा है।

## विधायक हंसराज ने उठाया मामला

उन्होंने कहा विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के विधायक एवं पूर्व विधानसभा के उपाध्यक्ष हंसराज ने भी देव स्थलों के साथ छेड़छाड़ को लेकर मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिजली महादेव में रोपवे निर्माण को निरस्त करें और देव आदेश का पालन करें। विधायक के द्वारा उठाये गए इस मुद्दे की उन्होंने सराहना की।

## आनी के विधायक ने जिला प्रशासन पर साधा निशाना

# आनी को आपदा में किया जा रहा उपेक्षित : लोकेंद्र कुमार

अनंत ज्ञान, आनी

आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जिला कुल्लू प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया आपदा में आनी क्षेत्र को भारी नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई भी वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का दौरा करने नहीं आया। विधायक ने कहा कि आनी कुल्लू जिला का ही हिस्सा है, फिर भी यहां की जनता के दुख-दर्द को न समझना बेहद चिंताजनक है। लोकेंद्र कुमार ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक कुल्लू पर निशाना साधते हुए कहा कि डीसी केवल मुख्यमंत्री के दौरे पर ही आनी आते हैं, जबकि एसपी कुल्लू कब आते हैं और कब जाते हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी क्षेत्र में आते हैं तो कई मुद्दों पर चर्चा संभव होती, लेकिन सूचना तक न देना प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। विधायक ने बताया कि उनके क्षेत्र का बालू स्कूल भवन आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ है। सौभाग्य से छुट्टियों के कारण बच्चे स्कूल में नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसी तरह रोहड़ीधार प्राथमिक स्कूल का भवन भी क्षतिग्रस्त है, सभी दस्तावेज प्रशासन को भेजे जा चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कुटली गांव पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है, रानाबाग व टकरासी सड़कों सहित कई ग्रामीण मार्ग बंद हैं, यहां तक कि नेशनल हाइवे भी क्षतिग्रस्त पड़ा है, जिससे ग्रामीणों की हालत बदतर हो गई है।

उन्होंने कहा कि बंजार, मनाली और कुल्लू में तो अधिकारी लगातार दौरे कर रहे हैं, मगर आनी को उपेक्षित छोड़ दिया गया है। विधायक ने चेतावनी दी कि मॉनसून सत्र समाप्त होते ही आनी में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाए, जिसमें जनता की समस्याओं पर चर्चा की जाए, उनका निवारण जल्द करने को लेकर रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने चेताया कि यदि बैठक जल्द नहीं बुलाई गई तो वे सख्त रुख अपनाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रूफटॉप प्लांट लगाने के लिए 257 के आवेदन प्राप्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुल्लू में 257 उपभोक्ताओं ने रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए आवेदन किया है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के सलाहकार अनुराग पराशर ने दी। उन्होंने बताया कि इनमें से 60 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं और 51 उपभोक्ताओं को 44 लाख की सब्सिडी भी मिल चुकी है। यह योजना प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट के लिए 33,000, 2 किलोवाट के लिए 66,000 और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 85,800 तक की अनुदान राशि दी जा रही है। कांगड़ा जिला 955 प्लांट लगाकर प्रथम स्थान पर है। अनुराग पराशर ने कुल्लू के सभी घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए 1800-180-8060 या 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मतदान केंद्रों के संशोधन पर राजनीतिक दलों की सहमति



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त किरण भड़ाना की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के संशोधन संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पवन कुमार (तहसीलदार निर्वाचन), अमर सिंह (ऑफिस सेक्रेटरी, जिला कांग्रेस कमेटी, लाहौल एवं स्पीति) तथा नवांग सोनम (कार्यालय सचिव, भारतीय जनता पार्टी) उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उनसे मतदान केंद्रों में संभावित संशोधनों, त्रुटियों अथवा आवश्यक बदलाव पर सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने का आग्रह किया। सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बैठक में एकमत से कहा कि वर्तमान में प्रस्तावित मतदान केंद्रों में किसी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन आवश्यक नहीं है। इस अवसर पर किसी भी दल की ओर से कोई आपत्ति या अतिरिक्त सुझाव प्रस्तुत नहीं किए गए।

### विधिक सहायता की महता के बारे में बताया

अनंत ज्ञान मनाली। महाविद्यालय हरिपुर, मनाली के विधिक जागरूकता प्रकोष्ठ एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आभा चौहान, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जिला न्यायालय कुल्लू रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि 'न्याय' पाना सभी का हक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निशुल्क विधिक सहायता की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39-ए के अंतर्गत यह प्रावधान है कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति/जनजाति, वरिष्ठ नागरिक तथा अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय पाने के लिए निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। आभा चौहान ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से पीड़ित पक्ष को वकील उपलब्ध कराए जाते हैं, न्यायालय की कार्यवाही में मार्गदर्शन दिया जाता है तथा विभिन्न स्तरों पर लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का जल्द और सस्ता निपटारा किया जाता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शेफाली ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में विधिक चेतना का विस्तार होता है तथा न्याय सबके लिए सुलभ बनता है साथ ही विद्यार्थी जागरूक होते हैं।

# तलाड़ा पंचायत में हो रहा भारी भूस्खलन

अनंत ज्ञान, सैंज

उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत तलाड़ा के कई गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है।

पिन पार्वती नदी से हो रहे कटाव से गांव की जमीन व घर खिसकने की कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं, आधा दर्जन लोगों ने अपने घरों को खाली कर दिया है। लिहाजा, सैंज के नायब तहसीलदार हीरालाल नलवा ने पंचायत प्रधान के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। ग्राम पंचायत तलाड़ा के प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के धारा, कंढा, बिहाली, शलैश, सारी, टिलरा, कठाईर, पनवी, जूही, खनीणी, शणीण, फवियारी पनवी, टिपरीधार न्यूल आदि दर्जनों गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है, अगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो तलाड़ा पंचायत में करीब 70 घर पूर्ण रूप से नष्ट हो जाएंगे। पंचायत प्रधान ने बताया कि बरसात की बारिश से चट्टानें



प्रधान तथा ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि पंचायत में हो रहे भूस्खलन को रोकने के उपाय किए जाएं, ताकि दर्जनों गांवों के खिसक रही हैं और खौफजदा ग्रामीणों ने तो अपने घर खाली करने शुरू कर दिए हैं। गांव के कई परिवार ऐसे भी हैं, जो घर नष्ट होने के बाद खुले आसमान के नीचे आ जाएंगे। उपरोक्त गांवों में सैकड़ों परिवार रहते हैं। सपांगनी की पहाड़ी अभी भी धीरे-धीरे खिसक रही है तथा कई घरों में दरारें आ चुकी हैं। इस कारण सैकड़ों बीघा भूमि भूस्खलन की चपेट में है। पंचायत के प्रधान ने बताया कि पंचायत की तमाम सड़कें नष्ट हो चुकी हैं और किसानों व बागवानों को अपने उत्पाद पीठ व घोड़े पर दस किलोमीटर दूर बिहाली और तलाड़ा पहुंचाने पड़ रहे हैं। ग्राम पंचायत सैकड़ों परिवारों को विस्थापन का दंश न झेलना पड़े। इसके अतिरिक्त क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा व सड़कों की हालत सुधारी जाए। उधर, नायब तहसीलदार हीरालाल नलवा ने गांव में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। बहरहाल तलाड़ा पंचायत के लोगों में भूस्खलन का खौफ बरकरार है तथा लोगों ने अपने मकान खाली करने शुरू कर दिए हैं। उधर, सैंज के तहसीलदार नरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम ने पंचायत में नुकसान का जायजा लिया है तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन की ऑनलाइन होगी ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्तकर्ताओं के लिए पहचान सत्यापन की नई ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि अब सभी पेंशनधारकों को ई-केवाईसी करवानी होगी, जिसके लिए विशेष मोबाइल ऐप तैयार किया गया है।

यह प्रक्रिया जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी पेंशनधारक 31 अगस्त तक अपनी ई-केवाईसी पूरा कर लें, ताकि उनकी पेंशन प्रक्रिया बाधित न हो। ई-केवाईसी के लिए, लाभार्थियों को अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में निम्नलिखित दस्तावेज लेकर जाना होगा, जैसे आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र (पंचायत सचिव, नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग से जारी), वोटर कार्ड / 10वीं का प्रमाण पत्र / पैन कार्ड / जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक या डाकघर पासबुक की प्रति। इन दस्तावेजों के आधार पर तुरंत पहचान सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन पूर्ण होने के बाद पेंशन की राशि डीबीटी प्रणाली के तहत सीधे बैंक या डाकघर के खाते में भेजी जाएगी। इससे पेंशन भुगतान में होने वाली देरी और दस्तावेजों की त्रुटियों से बचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 55,805 लाभार्थी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे हैं, जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन शामिल हैं। राज्य सरकार इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 1000 से 1700 रुपए प्रति माह पेंशन प्रदान कर रही है।

# काजा में रेडक्रॉस का रेफरल ड्रॉ घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। एसडीएम व अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी काजा शिखा ने बताया कि स्पीति के काजा में राज्य स्तरीय लादरचा मेले के समापन समारोह के दौरान काजा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रेफरल ड्रॉ निकाले गए, जिसका परिणाम जारी कर दिया गया है।

इसके विजेता एक माह के भीतर अपने अपने ईनाम खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय काजा से प्राप्त कर सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि विधायक लाहौल स्पीति अनुराधा राणा ने राज्य स्तरीय लादरचा मेले के समापन समारोह के दौरान पहला रैफरल ड्रा की पर्ची निकाली। इसके उपरांत टीएसी सदस्यों एवं अन्य अतिथियों ने भी लकी ड्रा की पर्चियां निकाली। रैफरल ड्रा के विजेता रैफरल ड्रॉ कूपन नंबर 4670 को पहला इनाम, दूसरा इनाम कूपन नंबर 1748, तीसरा इनाम कूपन नंबर 1943, चौथा इनाम कूपन नंबर 3610, 5वां इनाम कूपन नंबर 4345, 6वें इनाम कूपन नंबर 2492, 7वां इनाम कूपन नंबर 1807, 8वां इनाम कूपन नंबर 4914, 9वां इनाम कूपन नंबर 140 और 10वां कूपन नंबर 3392 हैं। इस ड्रॉ के विजेता एक माह के भीतर बीएमओ कार्यालय से अपना इनाम प्राप्त कर सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश के पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत

अनंत ज्ञान, मनाली। पर्यटन नगरी में उत्तर प्रदेश के एक पर्यटक की मौत हो गई है। अस्वस्थ होने पर पर्यटक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां पर उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मौत की वजह हार्ट अटैक माना जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता के साथ जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सकरपुर गांव जिला देवरिया निवासी 35 वर्षीय घनश्याम मिश्रा की गत दिवस अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह कुछ दिनों से मनाली के एक होटल में रह रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उसे नागरिक अस्पताल मनाली लाया गया, लेकिन उसे नहीं बचाया जा सका। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक की मौत हार्ट अटैक से होना पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है।

# जीएसटी स्लैब में बदलाव से सस्ती होंगी वस्तुएं : अमित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में किए गए बड़े बदलाव से देश के करोड़ों लोगों को राहत मिलने जा रही है। कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जीओएम की बैठक में जीएसटी की मौजूदा चार दरों को घटाकर दो कर दिया गया है।



उन्होंने कहा कि अब आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर सिर्फ 5 फीसदी जीएसटी लगेगा, जबकि सामान्य वस्तुओं और सेवाओं पर 18 फीसदी टैक्स लगाया जाएगा। इससे न केवल टैक्स सिस्टम अधिक सरल और पारदर्शी होगा, बल्कि टैक्स चोरी में भी कमी आएगी और अनुपालन भी बेहतर होगा। अमित सूद ने बताया कि 12 फीसदी स्लैब में आने वाले 99 फीसदी से अधिक सामान अब 5 फीसदी स्लैब में आ जाएंगे, जबकि 28 फीसदी जीएसटी दर वाले करीब 90 फीसदी सामानों को 18 फीसदी स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा। इससे आवश्यक वस्तुएं पहले की तुलना में सस्ती हो जाएंगी और आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सिन गुड्स जैसे सॉफ्ट ड्रिंक, फास्ट फूड, जुआ, कॉफी आदि पर 40 फीसदी टैक्स जारी रहेगा, ताकि इनकी खपत को नियंत्रित किया जा सके। अमित सूद ने कहा कि यह बदलाव किसानों, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों और आम लोगों के लिए फायदेमंद होगा। इससे जीएसटी प्रणाली अधिक ग्रोथ-फ्रेंडली बनेगी और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# प्रदेश की सब्जी मंडियों में लागू हो एपीएमसी एक्ट

## पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने किया बंदरोल सब्जी मंडी का दौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश की सभी सब्जी मंडियों में जल्द से जल्द एपीएमसी एक्ट को लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि एपीएमसी एक्ट लागू न होने के चलते किसानों और बागवानों को समय पर उनका पैसा नहीं मिल पा रहा है।

ऐसे में अगर एपीएमसी एक्ट को लागू किया जाए तो इससे प्रदेश की सभी मंडियों में 24 घंटे के भीतर ही किसान और बागवानों का भुगतान होगा। जिससे उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा। यह बात पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने जिला कुल्लू के बंदरोल में सब्जी मंडी के दौरे की दौरान कही। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों, किसान और बागवानों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि बागवानों ने उन्हें अपनी शिकायत दी है कि जो सेब ओलावृष्टि



के कारण खराब हुआ है। उसकी भी अभी तक खरीद नहीं की जा रही है। क्योंकि एचपीएमसी और हिमफेड के द्वारा अभी तक सेब कलेक्शन सेंटर ही नहीं खोले गए हैं। ऐसे में बागवानों के हित के लिए जल्द से जल्द यह कलेक्शन सेंटर भी खोले जाने चाहिए। वहीं उन्होंने प्रदेश सरकार से भी आग्रह किया कि सब्जी मंडी के साथ जो 5 बीघा जमीन खाली पड़ी है। उस पर भी सब्जी मंडी का विस्तार किया जाना चाहिए। ताकि यहां पर किसानों, बागवान और व्यापारियों के ठहरने की भी उचित व्यवस्था हो सके। पूर्व मंत्री गोबिंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू मंडी सड़क पर जो इन दोनों ट्रैफिक जाम लग रहा है। उसके लिए भी प्रदेश सरकार को अतिरिक्त पुलिस जवानों की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके अलावा फल और सब्जियों से लदे वाहनों को छोड़ने के लिए भी समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि बागवानी सीजन के दौरान बंदरोल सब्जी मंडी के मुख्य सड़क मार्ग पर भी वाहनों का लंबा जाम लगा रहता है। इसके लिए केंद्रीय मंत्रालय से बात की जाएगी और यहां पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की मांग रखी जाएगी। ताकि यहां पर ट्रैफिक जाम के चलते किसानों बागवानों के साथ-साथ व्यापारियों को दिक्कत न उठानी पड़े।

# देवेंद्र नेगी ने की युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल




मनाली की बड़ाग्रां पंचायत में माता सिंहासनी की सोह में दो दिवसीय श्रावणी मेला पारंपरिक हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। 19 से 21 अगस्त तक चले इस मेले में कुल्लू की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। देवी-देवताओं के साथ पारंपरिक कुल्लवी नाटी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

मेले के समापन अवसर पर मुख्यातिथि वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी रहे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आग्रह करते हुए सम्राट युवक मंडल को 11,000 और नाटी पार्टी को 10,000 की राशि भेंट की। भुवनेश्वर गौड़ ने विधानसभा सत्र में व्यस्तता के कारण स्वयं उपस्थित न हो पाने पर युवक मंडल को 25,000 भेजे। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मेले के शुभारंभ पर 20,000 का योगदान दिया और अपने कार्यकाल में पतलीकूहल में करवाए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें ओल्ड मनाली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 18,000 जीते। मेशु को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। मनु हिडिंबा की टीम द्वितीय स्थान पर रही और 12,000 प्राप्त किए। मेला माता सिंहासनी, खंडासनी, नगर और देवता वीर नाथ बड़ाग्रां के जयकारों के साथ संपन्न हुआ।

**आयोजन** विधायक ने तीन दिवसीय लादरचा मेले का किया समापन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

# प्राचीन संस्कृति के संरक्षण में मेले का विशेष महत्व

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

जिला लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने राज्य स्तरीय तीन दिवसीय लादरचा मेले के समापन समारोह के अवसर पर अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति, परंपराओं तथा रीति-रिवाज के संरक्षण एवं संवर्धन में मेले एवं त्योहारों का विशेष महत्व है और प्राचीन परंपराओं को कायम रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मेलों में जहां लोगों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। वहीं एक दूसरे की संस्कृति को समझना और देखने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने लोगों से मेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए लादरचा मेला समिति को बधाई देते हुए कहा कि स्पीति के लादरचा मेले का अपना एक अलग महत्व है। इस मेले में केवल स्पीति क्षेत्र के लोग बल्कि



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं अध्यक्ष लादरचा मेला।

पूरे जिले सहित अन्य जिलों एवं राज्यों के लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी इस मेले का आनंद उठाने आते हैं। इस मौके पर विधायक ने मेला समिति के सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुराधा राणा ने मेले के दौरान आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान विधायक ने कृषि एवं बागवानी क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसान तांगती योगमा के राकेश बौद्ध को 25 हजार रुपए का चेक और लोसर के तन्जिन डोलमा को 21 सौ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। विधायक ने प्लेनेट स्पीति फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्पेलिंग और चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों को भी पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत स्पीति के लोगों को विधायक द्वारा भू-पट्टे प्रदान किए गए।

राज्य स्तरीय लादरचा मेले के उपलक्ष्य पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रैफल ड्रॉ में मुख्य अतिथि विधायक अनुराधा राणा व अन्य अतिथियों ने मेले में उपस्थित टिकट क्रेताओं एवं लोगों की उपस्थिति में ड्रॉ निकाला और ड्रॉ विजेताओं को ईनाम दिया।

इससे पूर्व कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त एवं अध्यक्ष लादरचा मेला कमेटी शिखा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह व थंका भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और मेले के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में जहां स्थानीय कलाकारों व स्पीति के महिला मंडलों द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं हिमाचल व अन्य राज्यों के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों ने दर्शकों को पहाड़ी, हिन्दी, फिल्मी व हिमाचली गानों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

# छात्र संघ चुनाव बहाल न करना छात्रों के अधिकारों का हनन : अभिनव कश्यप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू के जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने प्रदेश सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाल न करने संबंधी शिक्षा मंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का यह तर्क कि हिंसा के मामलों को देखकर छात्र संघ चुनाव बहाल करना सही नहीं है पूरी तरह अलोकतांत्रिक और छात्र विरोधी है। जिला संयोजक अभिनव ने कहा कि छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे सरकार लगातार 2013 से छीन रही है। वर्ष 2013 तक प्रदेश में छात्र संघ चुनाव होते रहे, लेकिन 2013 के बाद अब तक छात्रों को इस अधिकार से वंचित रखा गया है। शिक्षा मंत्री का बयान यह स्पष्ट करता है कि सरकार छात्रों की आवाज से भयभीत है उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल नेतृत्व गढ़ने का मंच ही नहीं, बल्कि छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक संस्कारों को विकसित करने का माध्यम भी हैं। आज

**छात्र संघ चुनाव बहाल न करने पर शिक्षा मंत्री के बयान की कड़ी निंदा की**

आवश्यकता है कि युवाओं को राजनीति से जोड़ने, उनकी समस्याओं को उठाने और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए छात्र संघ चुनावों का मार्ग प्रशस्त किया जाए। जिला संयोजक ने



सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार और मंत्रीगण लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास करते हैं तो फिर छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार को क्यों दबा रहे हैं? क्या सरकार को युवाओं की आवाज सुनने से डर लगता है? एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रदेश सरकार शीघ्र ही छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं करती तो विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। अभिनव ने स्पष्ट कहा कि एबीवीपी के छात्र और अभाविप चुप बैठने वाले नहीं हैं, बल्कि हर स्तर पर संघर्ष करेंगे ताकि छात्रों को उनका लोकतांत्रिक अधिकार वापस दिलाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### हाईवे कटासन देवी के पास ट्राला पलटा, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देहरादून-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर शुक्रवार को सुबह एक ट्राला अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया। मौके से मिली जानकारी के अनुसार इस भीषण हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस स्टेशन नाहन को दी। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। लाश को कब्जे में लिया जा रहा है। पुलिस हादसे की जांच में लगी है। उधर, जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना मिली है कि नेशनल हाईवे पर ट्राला दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### एनएच पर अब 6 जगहों पर होंगे ऑनलाइन चालान

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है, अब जिले के तीन नेशनल हाईवे पर चार नए हाई-टेक कैमरे लगा दिए गए हैं, जिनके जरिए ऑनलाइन चालान होंगे। यह व्यवस्था 1 सितंबर से शुरू हो जाएगी। डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर ने बताया कि अब शंभूवाला, राजबन, डिग्री कॉलेज नाहन और सराहां बस स्टैंड के पास नए कैमरे लगाए गए हैं। पहले से ही कालाअंब-पांवटा साहिब हाईवे पर माजरा और भूपपुर में ऑनलाइन चालान हो रहे थे। इस तरह अब कुल छह जगहों पर तेज रफ्तार और बिना नियम पालन करने वालों के चालान ऑनलाइन होंगे। ये कैमरे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का हिस्सा हैं। इन्हें उन जगहों पर लगाया गया है, जहां पहले कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। जिले के 11 पुलिस थानों के तहत पहले से ही 80 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। नए हाई-टेक कैमरे तेज रफ्तार, बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट वाले चालकों की गतिविधियों पर सीधे नजर रखेंगे।

### अवैध रूप से शराब ले जाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में अवैध रूप से शराब ले जाने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार जब पुलिस गश्त पर थी तो उन्होंने धुंदन की तरफ से आ रही एक गाड़ी नंबर एचपी-23बी 8379 को चेकिंग के लिए रोका। गाड़ी की चैकिंग के दौरान उसमें से 3 गता पेटी देसी शराब कुल 36 बोतलें बरामद हुईं। पूछताछ में गाड़ी चालक ने अपना नाम सौरभ पुत्र सुरेश कुमार, गांव कुंद, डाकघर भराड़ीघाट, तहसील अर्की बताया, जब उससे शराब ले जाने का परमिट व लाइसेंस मांगा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसको लेकर पुलिस ने आबकारी व कराधान एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की पुष्टि डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने की है।

### कानूनी सहायता व लोक अदालत पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन द्वारा ग्राम पंचायत नाहरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा डोगरा ने की। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 39ए के तहत निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल-फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया। आकांक्षा डोगरा ने न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता और लोक अदालत के माध्यम से निपटाने का सुझाव दिया। उन्होंने नशे के शारीरिक दुष्प्रभाव व संबंधित कानूनी प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया गया। शिविर में परवाणू अस्पताल की क्लिनिकल परामर्शदाता अंबालिका राणा ने एचआईवी व एड्स की जानकारी दी। ग्राम पंचायत नाहरी के प्रधान हिमांशु गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कई ग्राम पंचायत सदस्य और ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### नशे व सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत रोड सेफ्टी क्लब ने नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य वक्ता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन ने लगभग 300 छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों और चिट्टे जैसी खतरनाक प्रवृत्तियों के बारे में बताया। उन्होंने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त की और युवाओं को इसके नुकसान से सावधान किया। ट्रैफिक पुलिस की सब-इंस्पेक्टर दयावती गुलेरिया ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनंत विद्यानिधि ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने स्थापना दिवस के तहत आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### अमित बने शिलाई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई बार एसोसिएशन की बैठक दिग्विजय सिंह ठाकुर, चेयरमैन ट्रिब्यूनल कमेटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अमित ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वर्तमान में वे एसडीएम शिलाई और कफोटा में स्टैंडिंग काउंसलिंग के पद पर कार्यरत हैं। अमित युवा अधिवक्ता होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। इसके अलावा, एलआर ठाकुर को सचिव और अमित तोमर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। दिग्विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि बैठक में शिलाई बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एसआर चौहान, अनिल नेगी, लोकेश नेगी एवं अधिवक्ता राहुल चौहान, ललित चौहान, एलआर ठाकुर, अमित तोमर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 23 नए मतदान केंद्र बनाना प्रस्तावित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में मतदान केंद्र भवनों के भौतिक सत्यापन, संशोधन तथा युक्तिकरण प्रस्तावनाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। डीसी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 595 मतदान केंद्र हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक होने के कारण जिला में 26 मतदान केंद्रों में से 23 नए मतदान केंद्र बनाना प्रस्तावित है तथा 3 मतदान केंद्र समायोजित करना भी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त 2 नए मतदान केंद्र अधिक दूरी के कारण बनाए जाने हैं।

उन्होंने बताया कि जिला में कुल 25 नए मतदान केंद्र, 3 युक्तिकरण तथा 10 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन प्रस्तावित है।

### नशे के दुष्प्रभावों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोलर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें नशे से दूर रहकर जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बच्चों को समझाया कि नशा एक ऐसा जाल है, जिसमें फंसकर जीवन बर्बाद हो जाता है। शिक्षा, मेहनत और सपनों से ही सफलता मिलती है, नशे से नहीं। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि समाज के हर वर्ग को मिलकर नशामुक्त भारत' के संकल्प में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर नीरज बंसल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संजीव कुमार ने भी बच्चों को कानूनी जागरूकता दी और बताया कि कानून नशे के सेवन, वितरण और व्यापार को सख्ती से दंडनीय अपराध मानता है।

### पोषण और स्वास्थ्य की महत्ता पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के कोटला आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण और स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के साथ पोषण और स्वास्थ्य की महत्ता पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन दाड़ला संजय शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन की शुरुआत पोषण युक्त भोजन में परिपूरक आहार को जोड़ने से होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना और स्वस्थ सखियों के संयुक्त प्रयास से पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाई जा सकती है।

### ममलीग क्षेत्रीय संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के हिमालय आर्टिजन क्लस्टर सोलन के तहत कंडाघाट ब्लॉक में कारीगर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने की , एसडीएम कंडाघाट गोपाल शर्मा इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बीडीओ कंडाघाट राजेश ठाकुर ने 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीणों आजीविका मिशन के तहत कंडाघाट ब्लॉक में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक में तीनों क्षेत्रीय स्तरीय क्लस्टरों के पदाधिकारी और अन्य प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के चील पत्तियों व कुशा घास से तैयार किए जाने वाले उत्पादों का प्रशिक्षण देकर उनकी आजीविका वृद्धि में सहयोग करना है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के क्षेत्रीय संगठन ममलीग को मिशन के तहत अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ हैं।

# सोलन में अग्निशमन विभाग व नगर निगम कार्यालय के समीप बनेगी पार्किंग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान को लेकर नगर निगम ने सार्थक पहल की है।

निगम करीब 5.50 करोड़ खर्च कर राजगढ़ रोड स्थित अग्निशमन विभाग के समीप व नगर निगम कार्यालय के साथ खाली पड़ी जमीन पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण करेगा। इसका जिम्मा निगम ने लोक निर्माण विभाग को सौंपा है। जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग की ओर से पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर भी लगा दिए हैं। इससे अब लोगों को राजगढ़ रोड पर भी सुविधा मिल सकेगी। नगर निगम की ओर से पार्किंग बनाने के लिए सभी कागजात लोक निर्माण विभाग को सौंप दिए हैं। इसके बाद विभाग की ओर से आगामी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। शहर में नगर निगम और अग्निशमन विभाग के कार्यालय के पास पार्किंग का निर्माण होगा। दमकल विभाग के समीप बनने वाली पार्किंग में 2.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी के साथ नगर निगम के बैडमिंटन हॉल के साथ 2.80 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग बनेगी। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह करीब एक वर्ष वर्ष पहले यहां पार्किंग का शिलान्यास कर चुके हैं। लेकिन कागजी कार्रवाई में देरी होने से कार्य लटक गया था। अब सभी कागजात लोक निर्माण विभाग को सौंपने के बाद निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है।


सोलन में की गई रोड साइड पार्किंग।

**नगर** निगम ने दो पार्किंग का निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया है। विभाग की ओर से कार्य शुरू कर दिया है। लोगों को पार्किंग सुविधा देने के लिए नगर निगम और अग्निशमन विभाग के कार्यालय के पास निर्माण करवाया जा रहा है। इससे काफी हद तक पार्किंग का समाधान होगा।
**उषा शर्मा, महापौर, नगर निगम, सोलन**

### सड़कों पर पार्क हो रहे सैकड़ों वाहन

**शहर** में एमसी की ओर से पार्किंग स्थल नहीं बनाने से सड़क पर रोजाना सैकड़ों वाहन खड़े हो रहे हैं। पार्किंग की समस्या हर दिन बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में लोगों को मजबूर होकर सड़क किनारे वाहन पार्क करने पड़ रहे हैं। इससे जहां राहगीरों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं जाम की समस्या भी बढ़ रही है। हालांकि नगर निगम ने समस्या से निजात दिलवाने के लिए पार्किंग सुविधा देने का प्रस्ताव पारित किया है। साथ ही रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग का निर्माण कार्य भी हो रहा है। लेकिन यह कार्य भी काफी समय से धीमी गति से चल रहा है। जिसका खामियाजा सीधे तौर पर लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### ड्राइंग में किया बदलाव

**अग्निशमन** विभाग के कार्यालय के पास बनने वाली पार्किंग में कुछ बदलाव भी किए हैं। यह बदलाव अग्निशमन विभाग की ओर से करवाए गए हैं। ड्राइंग में बदलाव कर इसे लोक निर्माण विभाग को दे दिया है। पहले नगर निगम की ओर से ड्राइंग तैयार की गई थी। इस पर अग्निशमन विभाग की ओर से आपत्ति जताई थी जिसको लेकर बदलाव किए गए।

## आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए डॉ. बिंदल की डीसी से भेंट

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शुक्रवार को नाहन विधानसभा क्षेत्र के मात्तर पंचायत स्थित अगड़ीवाला व नलका गांवों के आपदा प्रभावित परिवारों के साथ मिलकर उपायुक्त, सिरमौर से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रभावित परिवारों की ओर से उन्हें हुई तबाही की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई।

डॉ. बिंदल ने बताया कि हालिया तेज बारिश और भूस्खलन से 8 घर पूरी तरह ध्वस्त हो गए, जिनमें 7 घर अगड़ीवाला गांव के और 1 घर नलका गांव का था, जबकि 13 अन्य घर गिरने की कगार पर हैं। इस विपदा से 36 लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें हरिपुर खोल के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवन में शरण लेनी पड़ी। तीन गरीब परिवारों की लगभग सारी जमीन बह चुकी है। उन्होंने डीसी से मांग की कि प्रदेश सरकार प्रभावितों को 7 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करे। इसके अतिरिक्त, नियमों के अनुरूप अन्य राहत जैसे पुनर्वास, सामग्री सहायता व भूमि दोहन भी मुहैया करवाई जाए। साथ ही, जिन परिवारों की जमीन धंस गई है, उन्हें सरकारी भूमि देने की भी मांग उठाई गई। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश अनुसूचित मोर्चा संयोजक मनीष चौहान, धारटी मंडल अध्यक्ष संजय पुंडीर, जिला महामंत्री तपेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग, कमल शर्मा, मीमा राम, विद्या दत्त शर्मा, राजीव चौधरी एवं आपदा प्रभावित परिवारों के सदस्य शामिल थे।

डॉ. बिंदल ने कहा कि इस विपदा से बुरी तरह प्रभावित प्रत्येक परिवार की तत्काल सहायता करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। वे जनता के प्रतिनिधि होते हुए तत्काल राहत सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जैसे ही आपदा का प्रकोप शांत होगा, मुख्यमंत्री स्वयं बड़सर क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिलेगी।

## नौणी की छात्राओं का शीर्ष संस्थानों में पीएचडी में प्रवेश

**अनंत ज्ञान, सोलन**




डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विभाग की चार छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एमएससी पर्यावरण विज्ञान की पास आउट छात्राएं निवेदिता कपूर, डिंपल, विपाशा और उर्वशी राणा को देश के प्रमुख संस्थानों में डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए चयनित किया गया है।

निवेदिता कपूर को आईआईटी रुड़की के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट में यूजीसी–नेट जेआरएफ के माध्यम से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश मिला है। डिंपल और विपाशा को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), हमीरपुर में यूजीसी–नेट छात्रवृत्ति के माध्यम से पीएचडी में प्रवेश मिला है तथा वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय से फेलोशिप भी ले रहे हैं। वहीं, उर्वशी राणा को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), सोनीपत में कृषि पर्यावरण विज्ञान विषय में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश मिला है। विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल व विभाग के संकाय और छात्राओं की इस उपलब्धि पर सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं शोध भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सोलन में लोक अदालत 13 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा डोगरा ने कहा कि विधिक साक्षरता का उद्देश्य आम जन को कानून को साधारणा भाषा में समझाकर उन्हें विधिक रूप से सशक्त बनाना है।

आकांक्षा डोगरा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन द्वारा ऑटो यूनियन के सदस्यों के लिए आयोजित एकदिवसीय विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता कर रही थीं। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि देश का संविधान हम सबको एक समान अधिकार प्रदान करता है और कानून की सामान्य जानकारी भी आमजन को गर्व के साथ जीना सीखाती है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी लोगों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है और इससे न्याय निष्ठ शासन की दिशा में प्रगति होती है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इनमें निशुल्क कानूनी सहायता योजना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग, आपदा पीड़ित, अत्याचार पीड़ित, श्रमिक, ट्रांसजेंडर और सालाना 3 लाख रुपए से कम आय वाले सभी वर्गों के लोग निशुल्क कानूनी सहायता योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि किसी भी न्यायालय परिसर में स्थापित फ्रंट आफिस में जाकर पात्र लोग निशुल्क कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला सोलन में अगली लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित की जाएगी।


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर में हिस्सा लेते ऑटो यूनियन के सदस्य।

## विदेशों में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्रम, रोजगार व विदेशी नियोजन विभाग द्वारा विदेशों में नौकरी के इच्छुक आवेदकों का पंजीकरण गूगल शीट के माध्यम से किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि इच्छुक आवेदक [https://forms.gle/BLVX}iggKyrt&qPk}](https://forms.gle/BLVX}iggKyrt&qPk}) लिंक पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर विदेशी मांग पत्र के अनुरूप रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। विभाग संबंधित देशों के नियम व शर्तों की जानकारी भी आवेदकों को देगा। उन्होंने सभी इच्छुक लोगों से आग्रह किया कि वे समय पर फॉर्म भरें, ताकि विदेशों में उन्हें उचित नौकरी के अवसर मिल सकें। इससे आवेदकों को बेहतर तरीके से रोजगार प्राप्ति में मदद मिलेगी।

## छात्रों की आवाज को मजबूत करने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला सिरमौर द्वारा पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह ठाकुर ने की। बैठक का उद्देश्य छात्रों और संगठन की आवाज को मजबूत बनाना था। मनदीप ने कहा कि छात्रों की आवाज दबने नहीं दी जाएगी और एनएसयूआई पहले भी उनके लिए लड़ती आई है, आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में नवनियुक्त प्रशासनिक महासचिव विक्रम शर्मा भी मौजूद रहे, जिन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करने और सरकार की सहायता से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता, पूर्व कैंपस को–ऑर्डिनेटर धनंजय नेगी, युवा कांग्रेस के साथी कार्यकर्ता कार्तिक और भरली कॉलेज के इंचार्ज हनी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## श्री विश्वकर्मा मंदिर में धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण छठी महोत्सव



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

श्री विश्वकर्मा मंदिर, पांवटा साहिब में श्री कृष्ण छठी महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण सुबह से ही भक्तों की भीड़ से उमड़ पड़ा।

धार्मिक अनुष्ठानों और भजन–कीर्तन के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह लड्डू गोपाल के अभिषेक से हुई। इसके बाद हवन और पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा–अर्चना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह 11:40 बजे मंदिर प्रांगण में आरती संपन्न हुई, जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जा रही है और आगे भी इसी प्रकार आयोजित की जाएगी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के जयकारों के बीच उत्सव का आनंद लिया और प्रसाद वितरण कर हर्षोल्लास से छठी महोत्सव मनाया।

## गो माता को बचाने के लिए 14 घंटे का हाईटेक रेस्क्यू ऑपरेशन

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** श्री रेणुका जी क्षेत्र में एक गो माता को बचाने के लिए 14 घंटे लंबा हाई–टेक और जोखिम भरा ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खड़ी चट्टानों और उफनती गिरि नदी के बीच फंसी गाय को स्थानीय टीमों और होमगाड्र्स ने मिलकर सुरक्षित बाहर निकाला। करीब एक हफ्ते से खराटुवा कुंड के पास एक गाय खड़ी ढांग में फंसी हुई थी।

ऊंची चट्टानें और नीचे बहती नदी ने बचाव कार्य को बेहद कठिन बना दिया था। मां रेणुका जी सेवा समिति को सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कई प्रयास किए, लेकिन ऊपर से गिरते पत्थरों और गहराई के कारण बचाव में बाधा आई। टीम ने तकनीक का सहारा लिया और ड्रोन के जरिए एक पतली रस्सी गाय तक पहुंचाई पर अंधेरा हो जाने के कारण अभियान रोकना पड़ा और ड्रोन एक पेड़ में अटक गया। सुबह सेवा समिति और गो सेवा सदन ददाहू की टीम फिर मौके पर पहुंची। संसाधनों की कमी को देखते हुए प्रशासन को सूचना दी गई। गृह रक्षा कंपनी 4/4 श्री रेणुका जी के कमांडर सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ पहुंचकर अभियान में शामिल हुए। होमगार्ड और समिति के सदस्य कई घंटों तक जोखिम उठाते हुए प्रयास करते रहे। मोटी रस्सियां पहुंचाने के बाद गाय को धीरे–धीरे सुरक्षित दूसरी ओर लाया गया। नदी के बीच फंसी गो माता को बाहर निकालने में सभी ने सांसें थाम लीं, लेकिन दोपहर 3 बजे उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जैसे ही गो माता बाहर निकलीं, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने जयकारे लगाकर खुशी जताई। तहसीलदार ददाहू जय सिंह ठाकुर भी मौके पर पहुंचे और पूरी टीम की बहादुरी एवं समर्पण की सराहना की।


गिरि नदी के बीच फंसी गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद गो रक्षक।

**कार्यक्रम** अर्की में दो माह का स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू

## एचआईवी, टीबी की दी जाएगी जानकारी

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 अगस्त से 12 अक्तूबर तक अर्की क्षेत्र में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दो माह के अभियान के तहत 33 गांवों और 5 स्कूलों को कवर किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश को एचआईवी और टीबी मुक्त बनाना तथा समाज को नशे की लत से बचाना है।

अभियान की श्रृंखला में गलोग में महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल अर्की के एचआईवी काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने महिलाओं को एचआईवी/एड्स, यौन संचारित रोग, क्षय रोग (टीबी) एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। डॉ. शांडिल ने बताया कि समय पर जांच, सुरक्षित जीवनशैली और सही इलाज के माध्यम से न केवल खुद को, बल्कि पूरे समाज को इन रोगों से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, हर महिला अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने की अहम भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम में सीएचओ बंगोरा की ज्योति चौहान ने महिलाओं का ब्लड प्रेशर जांचा और आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना पूरे परिवार के स्वास्थ्य से जुड़ा है, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना की और नशा मुक्त भारत व टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में काउंसलर डॉ. विजय कुमार शांडिल ने लोगों से आग्रह किया कि यदि वे अपने गांव में एचआईवी/एड्स, टीबी, यौन रोग या नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता शिविर आयोजित करवाना चाहते हैं, तो मोबाइल नंबर 9816600205 पर संपर्क कर सकते हैं।



स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## सोलन की हर पंचायत में लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन हेल्पिंग सोसायटी जिले की हर पंचायत और वार्ड में रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संस्था के संस्थापक विजय भट्टी, प्रधान पंकज ठाकुर और मीडिया प्रभारी राहुल दास के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है।

विजय भट्टी ने कहा कि रक्तदान से न केवल जीवन बचता है, बल्कि समाज में सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। पंकज ने सभी स्वस्थ व्यक्तियों से इस कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। राहुल दास ने बताया कि शिविरों के लिए प्रशिक्षित चिकित्सा दल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जल्द ही शिविरों की तिथियां और स्थान मीडिया के माध्यम से साझा किए जाएंगे। संस्था ने युवाओं और सामाजिक संगठनों से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## पझौता और रासूमांदर क्षेत्र में परंपरानुसार मनाया डगैली पर्व

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के पझौता और रासूमांदर क्षेत्र में बीती रात परंपरा अनुसार डगैली पर्व श्रद्धा और लोक मान्यताओं के साथ मनाया गया।

हर वर्ष रक्षा बंधन के लगभग पखवाड़े बाद, भाद्रपद मास की चतुर्दशी व अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व प्रदेश के सबसे रहस्यमयी और विचित्र त्योहारों में से एक माना जाता है। वरिष्ठ नागरिक दौलत राम मेहता और जबर सिंह ठाकुर बताते हैं कि डगैली को डायनों का पर्व माना जाता है। मान्यता है कि इस रात आसुरी शक्तियां जागृत होती हैं और अदृश्य रूप से नृत्य करती हैं। इसलिए इसे सबसे भयावह पर्वों में गिना जाता है। पर्व से पूर्व स्थानीय देवताओं के पुजारी घर–घर जाकर देवता का चावल और सरसों के दाने वितरित करते हैं, जिन्हें चतुर्दशी की रात घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता है, ताकि बुरी शक्तियों का प्रवेश न हो सके। साथ ही, भेखल झाड़ी की टहनियों को मंदिरों, घरों और गौशालाओं के दरवाजों पर



लगाया जाता है। डगैली की रात विशेष रूप से अरबी के पत्तों से बने पकवान पतीड़ (धींघड़े) तैयार किए जाते हैं। इन्हें तेजधार चाकू या कुल्हाड़ी से काटकर चार भागों में विभाजित कर घर की छत से चारों दिशाओं में फेंका जाता है मान्यता है कि यह डायनों को दूर रखने का एक उपाय है। इस दिन को कुशोत्पाटिनी अमावस्या भी कहा जाता है। लोग पूजा के लिए कुशा उखाड़कर वर्षभर के लिए घर में रखते हैं। डगैली की शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं और बाहरी गतिविधियों से परहेज करते हैं।




# प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ लामबंदी

## एकजुट हुए क्षेत्रवासी जन आंदोलन की तैयारी में जुटे, दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एसएएस नगर, मोहाली सेक्टर 90 से चप्पड़चिड़ी जाने वाली सड़क पर प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ कई रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने कमर कस ली है और उन में रोष दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, जोकि जन आक्रोश का रूप धारण करता जा रहा है। क्षेत्र निवासी अब जन आंदोलन की तैयारी में एकजुट हो चुके हैं। इसको लेकर स्थानीय निवासियों ने नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है।

आज मोहाली स्थित सेक्टर 70 के निजी होटल में सेक्टर 74, 90 और 91 की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन बलदेव सिंह ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रिहायशी इलाकों के पास डंपिंग ग्राउंड बनाना लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद खतरनाक है। इससे बदबू, मक्खियों और मच्छरों के फैलाव से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा,


ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन बलदेव सिंह पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

जिसका बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन यदि मोहाली के आउटर मास्टर प्लान को मद्देनजर रखते हुए कार्य करे तो तकरीबन आधी समस्या का निजात पाया जा सकता है।

उन्होंने प्रशासन के आला अधिकारियों पर भी सवालिया निशान खड़ा करते हुए बताया कि बड़ी हैरानी की बात है डंपिंग ग्राउंड का नक्शा किस वजह से पास कर दिया गयाख जबकि उसके बीचों-बीच 200 फुट सड़क गुजर रही हो। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में निवासियों ने हाईकोर्ट से केस जीता है, जिसमें स्पष्ट आदेश है कि सितंबर तक यहां कूड़ा डालना पूरी तरह बंद किया जाए, लेकिन अफसोस की बात है कि निगम और स्थानीय विधायक इस अदालती आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। यह न केवल लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ है, बल्कि माननीय न्यायालय की अवमानना भी है।

निवासियों ने साफ चेतावनी दी कि वे अपने इलाके में किसी भी हालत में कूड़े का पहाड़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तुरंत इस निर्णय को रद्द करे और डंपिंग ग्राउंड के लिए कोई वैकल्पिक स्थान चुने, जहां रिहायशी इलाकों को नुकसान न पहुंचे। बलदेव सिंह ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले निवासियों द्वारा दिए रोष प्रदर्शन में माननीय हाई कोर्ट की ओर से नियुक्त लोकल कमिश्नर अर्शदीप सिंह बराड़ भी धरना स्थल पर पहुंचे थे।

उन्होंने निवासियों और एसोसिएशन की समस्याएं सुन माना कि प्रशासन हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है। अर्शदीप सिंह बराड़ ने तब आश्वासन दिया था कि वह पूरी स्थिति की जानकारी माननीय हाई कोर्ट के जज के संज्ञान में लाएंगे, साथ ही उन्होंने निवासियों और एसोसिएशन से कहा था कि वे निश्चिंत रहें, हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किसी भी संस्था को नहीं करने दी जाएगी।

### प्रक्रिया को तुरंत रोकें

क्षेत्र के सभी निवासियों ने सरकार, वर्तमान एवं पूर्व नेताओं से आग्रह किया है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए और इस डंपिंग ग्राउंड की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए।

# पंजाबी कॉमेडी किंग जसविंदर भल्ला का निधन, आज होगा मोहाली में अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

पंजाब के कॉमेडी किंग डॉ. जसविंदर भल्ला (65) का शुक्रवार को देहांत हो गया। 20 अगस्त को डॉ. जसविंदर भल्ला को ब्रेन स्ट्रोक आया था, जिसके बाद उन्हें मोहाली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। कल रात से उनकी तबीयत ज्यादा खराब थी। आज सुबह करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार मोहाली में 23 अगस्त को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। बताया जा रहा है कि भल्ला की बेटी 10 दिन पहले ही यूरोप गई थी। पिता के निधन के बाद अब वह लौट रही हैं। आज शाम तक वह मोहाली पहुंच जाएंगी, जबकि बेटा घर पर ही है।



उधर, पंजाब सीएम भगवंत मान ने भी जसविंदर भल्ला के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि जसविंदर भल्ला का अचानक इस दुनिया से चले जाना बेहद दुखद है। छणकाटों की छनकार के बंद होने से मन दुखी है। वाहेगुरु उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। चाचा चतरा हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। बता दें कि जसविंदर भल्ला का जन्म 4 मई 1960 को लुधियाना के दोराहा में हुआ था। उन्होंने 1988 में 'छणकाटा 88' से कॉमेडियन के रूप में करियर की शुरुआत की।

इसके बाद फिल्म 'दुल्ला भट्टी' में एक्टर भी बने। डॉ. जसविंदर भल्ला के निधन की सूचना मिलने के बाद उनके घर लोग पहुंचने शुरू हो गए हैं।

### पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में रह चुके हैं प्रोफेसर

**जसविंदर** भल्ला पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (PAU) में प्रोफेसर रहे। वे PAU के ब्रांड एंबेसडर भी बने और अपने कार्यकाल में उन्होंने विश्वविद्यालय की तकनीकों और साहित्य को किसानों तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। उनका पूरा फोकस कृषक समुदाय की सेवा और जागरूकता बढ़ाने पर रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन की समाज कल्याण सचिव अनुराधा एस. चगती तथा समाज कल्याण निदेशक पालिका अरोड़ा ने सेक्टर-46 स्थित 'आशा किरण - व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र' का दौरा किया। दौरे के दौरान समाज कल्याण सचिव ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से संवाद के माध्यम से कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर मूल्यवान सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने विशेष रूप से कौशल विकास के माध्यम से वंचित वर्गों के समावेशी विकास और सशक्तिकरण पर बल दिया। सचिव ने आशा किरण भवन, सेक्टर-46 में संचालित विभिन्न कक्षाओं/कार्यक्रमों का निरीक्षण किया, जिनमें ब्रेल शिक्षा, सांकेतिक भाषा, संगीत, योग, फिजियोथेरेपी, सशक्तिकरण केंद्र, कंप्यूटर कक्षाएं, कटिंग एवं टेलरिंग, ब्यूटी पार्लर तथा ओपन शेल्टर होम फॉर बॉयज़ शामिल हैं। उन्होंने सभी को दिव्यांगजनों के साथ बेहतर संवाद और सुगमता हेतु सांकेतिक भाषा और ब्रेल शिक्षा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण सचिव एवं निदेशक ने आफ्टर केयर होम फॉर ब्वॉयज में रह रहे बच्चों से भी भेंट की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों में दाखिला लेकर भविष्य में सतत आजीविका के अवसर प्राप्त करें।

### 'आप' सरकार ने रोका गरीबों का हक : भाजपा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के डेराबस्सी के नगला गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का जागरूकता कैंप आम आदमी पार्टी की सरकार ने अचानक रोक दिया और भाजपा कार्यकर्ताओं को जबरन गिरफ्तार कर लिया। इस घटना को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर सीधा हमला बोला है और कहा है कि यह कदम गरीब जनता के हक पर कुठाराघात है। भाजपा चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी रवि रावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब में गरीब जनता के लिए अब तक कोई ठोस कार्य नहीं किया। न शिक्षा व्यवस्था सुधरी, न स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुईं और न ही युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की गई। इसके विपरीत करोड़ों रुपए सिर्फ विज्ञापनों पर खर्च कर दिए गए ताकि मीडिया में अपनी छवि चमकाई जा सके। यही पैसा अगर जनता के विकास पर खर्च होता तो आज पंजाब की तस्वीर अलग होती।

# वित्तीय समावेशन के लिए एसबीआई का 'जन समृद्धि अभियान' शुरू


राम दरबार, चंडीगढ़ में एसबीआई के शिविर में मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार एक जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायत स्तर पर चल रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत एसबीआई ने 'जन समृद्धि अभियान' शुरू किया है। इसमें पीएमजेडीवाई खातों की शुरुआत, अटल पेंशन योजना (APY), पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के तहत नामांकन, ई-केवाईसी, डिजिटल धोखाधड़ी पर जागरूकता और दावा न की गई जमा राशि की पहचान शामिल है।

22 अगस्त को राम दरबार, चंडीगढ़ में एसबीआई शाखा प्रबंधक दीनार जैन ने शिविर आयोजित किया। मुख्य अतिथि नीरज भारती (GM, नेटवर्क-2) थे। अन्य प्रमुख उपस्थितियों में डीजीएम विवेक कुमार, भाजपा नेता जतिंदर पाल मल्होत्रा, भूपिंदर सिंह, नवीन मंगलानी, एलडीएम सुरिंदर कुमार सिंघल, प्रिंसिपल तरविंदर कौर और क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाषिनी राय शामिल रहे।

शिविर में 125 से अधिक लोगों ने भाग लिया। नीरज भारती ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपयोगिता बताई। क्षेत्रीय भाषा में जानकारी दी गई और सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

# रॉयल एस्टेट ग्रुप ने जम्मू के लोगों के लिए खोले चंडीगढ़ ट्राइसिटी में निवेश के दरवाजे

**अनंत ज्ञान, जम्मू**

रियल एस्टेट डेवलपर, रॉयल एस्टेट ग्रुप ने जम्मू के निवासियों के लिए चंडीगढ़ ट्राइसिटी में निवेश और दूसरा घर खरीदने के नए अवसरों की घोषणा की। आज जम्मू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, ग्रुप ने बताया कि चंडीगढ़ ट्राइसिटी घर खरीदने वालों के लिए प्राथमिक दूसरे घर के गंतव्य के रूप में उभर रहा है व नॉर्थ इंडिया का तेजी से उभरता हुआ रियल एस्टेट हॉटस्पॉट बन चुका है।



रियल एस्टेट डेवलपर, रॉयल एस्टेट ग्रुप ने जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

रॉयल एस्टेट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पियूष कंसल ने कहा, चंडीगढ़ ट्राइसिटी सेकंड होम डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विश्वस्तरीय हॉस्पिटैलिटी, इंडस्ट्री का विस्तार, हाईवे का चौड़ीकरण, चंडीगढ़ एयरपोर्ट से बेहतरीन कनेक्टिविटी और तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट हब इसकी खास वजह हैं। जम्मू के परिवारों और निवेशकों के लिए यहां बेहतर जीवनशैली के साथ मजबूत आर्थिक रिटर्न की संभावना है। जम्मू अपार संभावनाओं वाला उभरता हुआ ग्रोथ हब है। वहीं, चंडीगढ़ ट्राइसिटी नॉर्थ इंडिया का सबसे आशाजनक रियल एस्टेट डेस्टिनेशन बन रहा है। चाहे पहला घर हो या दूसरा, यहां की इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य और हॉस्पिटैलिटी सुविधाएं जीवनशैली को नई ऊंचाई देती हैं।

भारतमाला परियोजना के तहत बने नए हाइवे ने जम्मू से चंडीगढ़ की दूरी को लगभग आधा कर दिया है। सफर का समय 40-50 प्रतिशत तक घटा है, जिससे अब ट्राइसिटी जम्मू के निवासियों, निवेशकों और व्यवसायियों के लिए पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। ग्रुप ने इस मौके पर अपनी 4 प्रमुख परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। रॉयल एस्टेट ग्रुप पिछले 25 साल से ईमानदार और पारदर्शी कामकाज के लिए जाना जाता है। ग्रुप के सभी प्रोजेक्ट 100 प्रतिशत डेट-फ्री, 100 प्रतिशत रजिस्टर्ड और रेरा अप्रूव्ड हैं। अब तक 15 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स डिलीवर कर चुके इस ग्रुप ने रेजिडेंशियल, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सेगमेंट में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय में इंडक्शन वीक के पांचवें दिन, स्वास्थ्य समिति ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में 'वीमेंस मेंटल हेल्थ' विषय पर एक सारगर्भित सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में हीलिंग अस्पताल, सेक्टर 34, चंडीगढ़ में कंसल्टेंट साइकियाट्रिस्ट, डॉ. स्मृति महाजन बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुईं। डॉ. महाजन ने मानसिक स्वास्थ्य के अर्थ और उसके व्यापक दायरे को स्पष्ट करते हुए महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर बल दिया। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य के परिणाम पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक खराब पाए जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, लैंगिक हिंसा, शरीर की छवि से जुड़ी चिंताओं तथा संरचनात्मक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

# विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार ने किया था नक्सलवाद का समर्थन : शाह

## 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र कर साधा निशाना

**एजेंसी, कोच्चि**

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता।



अमित शाह ने शुक्रवार को कोच्चि में एक मीडिया समूह के आयोजन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है। अमित शाह ने सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए विपक्षी उम्मीदवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जस्टिस सुदर्शन रेड्डी वह व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या था सलवा जुडूम पर 2011 का फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट के न्यायाधीश रहे जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने दिसंबर 2011 में फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाए, सलवा जुडूम कहा जाए या किसी और नाम से जान जाए, गैरकानूनी और असांविधानिक है। उन्होंने यह भी आदेश दिया था कि ऐसे आदिवासी युवकों को तुरंत निरस्त्र किया जाए।

### शाह ने कहा- क्या प्रधानमंत्री जेल से सरकार चलाएं?

**अमित** शाह ने संसद में हाल ही में पेश किए गए भ्रष्टाचार विरोधी तीन विधेयकों का भी जिक्र किया। उन्होंने इन विधेयकों को लेकर कहा कि इस मामले में अब और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मैंने संसद में देश की जनता से पूछा है कि क्या वे चाहते हैं कि प्रधानमंत्री जेल से सरकार चलाएं? यह कैसी बहस है? यह नैतिकता का सवाल है। अब वे पूछ रहे हैं कि इसे पहले संविधान में क्यों नहीं शामिल किया गया। जब संविधान का मसौदा तैयार किया गया था, तब यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि जेल जा चुके लोग निर्वाचित पदों पर बने रहेंगे।

## देश-विदेश

### सीएम पर हमले के बाद दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को हटाया

**एजेंसी नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर उनके आवास पर एक जनसभा के दौरान हमले के एक दिन बाद दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसबीके सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उनकी जगह 1992 बैच के आईपीएस अफसर सतीश गोलचा को नियुक्त किया गया है। गोलचा 2020 में दिल्ली दंगों के दौरान स्पेशल पुलिस कमिश्नर थे और पिछले साल अप्रैल में उन्हें डायरेक्टर जनरल (जेल) नियुक्त किया गया था। दिल्ली पुलिस ने राजेश भाई खिमजी के एक दोस्त को राजकोट से हिरासत में लिया है। शाम तक उसे दिल्ली लाया जाएगा। हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि वह सीएम पर हमले से जुड़े मामले में शामिल था या नहीं। (अनंत ज्ञान)

# सिद्धारमैया बोले-बेंगलुरु भगदड़ के लिए सरकार नहीं जिम्मेदार

## सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं, देशभर में होती हैं ऐसी घटनाएं

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को बेंगलुरु भगदड़ पर जवाब देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सिर्फ कर्नाटक में नहीं, बल्कि देश और दुनिया में कई बार हुई हैं। पिछले 10 सालों में भाजपा शासित राज्यों में ही 20 भगदड़ हो चुकी है। सिद्धारमैया ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार नहीं है, भगदड़ हमेशा भीड़ के अचानक बेकाबू हो जाने से होती है। बेंगलुरु के लोगों ने आरसीबी की जीत को अपनी जीत माना। इस वजह से भीड़ का नियंत्रण बिगड़ गया और हादसा हुआ। सिद्धारमैया देशभर में भाजपा सरकार वाले राज्यों में हुई भगदड़ की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार रहते हुए अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नयना देवी मंदिर में भगदड़ हुई थी। भाजपा सरकार रहते हुए 2008 में जोधपुर, 2013 में रतनगढ़, 2021 में हरिद्वार, 2023 में मध्य प्रदेश के सीहोर और 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ हुई। जनवरी में प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान हुई भगदड़ में 39 लोगों की मौत हुई थी। 2022 के गुजरात मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान गई थी। (अनंत ज्ञान)



# इसराइल ने गाजा सिटी को तबाह करने की दी धमकी

## रक्षा मंत्री ने कहा- शर्तें नहीं मानीं तो राफा की तरह गाजा को मलबे में बदल देंगे

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने शुक्रवार को गाजा सिटी को पूरी तरह तबाह करने की धमकी दी। काट्ज ने कहा कि अगर हमास इसराइल की शर्तें नहीं मानेगा तो उसे अंजाम भुगतना होगा। यह बयान ऐसे समय में आया जब एक दिन पहले काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए सेना को अनुमति दी थी। काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- गाजा का हाल राफा और बैत हनून शहरों जैसा हो सकता है, जो मलबे में तब्दील चुके हैं। ठीक जैसा मैंने वादा किया था। इसराइल ने जंग खत्म करने के बदले सभी कैदियों की एक साथ रिहाई और हमास के पूरी तरह से हथियार डालने समेत 5 शर्तें रखी हैं। (अनंत ज्ञान)



### इसराइल की 5 शर्तें

- हमास पूरी तरह हथियार डाले।
- बचे हुए सभी कैदियों की एक साथ रिहाई करे।
- गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा हो।
- गाजा पर इसराइल का सुरक्षा नियंत्रण।
- गाजा में ऐसा ऑप्शनल नागरिक प्रशासन बनाना।

### अब 8वीं के छात्र ने क्लासमेट को मारा चाकू

**एजेंसी, महीसागर।** गुजरात में अहमदाबाद के बाद अब महिसागर जिले में 8वीं के स्टूडेंट पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। घटना बालासिनोर कस्बे के सरकारी स्कूल की है। वीरवार की शाम स्टूडेंट्स छुट्टी के बाद स्कूल से निकल रहे थे। इसी दौरान क्लासमेट ने साथी छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में स्टूडेंट के कंधे, कमर और पेट में जख्म हो गए हैं। हालांकि, अस्पताल में भर्ती स्टूडेंट खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी स्टूडेंट के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (1), 118 (1) (2), 352 के तहत शिकायत दर्ज की है। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान के सवाई माधोपुर में 250 घर बाढ़ में डूबे



**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान में मानसून फिर से एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को 4 जिलों (उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़) में ऑरेंज अलर्ट के बीच सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात हैं। पल्ली पार इलाके में करीब 250 घर पानी में डूब गए। उधर, गुजरात के पोरबंदर जिले में बारिश के बाद माधवपुर घेड इलाके में जलभराव हो गया। दूध का टैंकर बह गया। उसमें फंसे 13 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने बचाया। वहीं, जम्मू-कश्मीर में पुंछ के मंडी सेक्टर में लैंडस्लाइड के चलते एक स्कूल का हिस्सा टूट गया। (अनंत ज्ञान)

### 1 हजार फुट की ऊंचाई पर टूटा प्लेन का विंग

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका में डेल्टा एयर लाइन्स का बोइंग 737 विमान हादसे से बच गया। उड़ान के दौरान 1000 फीट की ऊंचाई पर इसके विंग का एक हिस्सा टूट गया। इसके बाद विमान को टेक्सास में सुरक्षित उतारा गया। विमान ने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो एयरपोर्ट से टेक्सास के लिए उड़ान भरी थी। इसमें 62 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों ने बताया कि हादसे के वक्त विमान जोर से हिल रहा था, जिसके बाद सभी घबरा गए थे। घटना के बाद डेल्टा एयर लाइन्स ने यात्रियों से माफी मांगी है। यह कंपनी अमेरिका की पुरानी एयरलाइन है, जिसे 1925 में स्थापित किया गया था।इस साल डेल्टा एयर लाइन्स के साथ यह दूसरा हादसा है। फरवरी में कनाडा के टोरंटो में इसकी एक फ्लाइट रनवे पर उतरते समय हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें 21 लोग घायल हुए थे। (अनंत ज्ञान)

# कोलंबिया में एयरबेस के पास ट्रक में ब्लास्ट, 6 लोगों की मौत

**एजेंसी, बोगोटा।** कोलंबिया में ट्रक में बम विस्फोट से 6 लोगों की मौत हुई और 71 लोग घायल हुए हैं। कोलंबिया में वीरवार को दो अलग-अलग हमलों में 18 लोगों की मौत हो गई। कोलंबिया के कैली शहर में वीरवार को एयर बेस के पास एक ट्रक में बम विस्फोट हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 71 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका मार्को फिदेल सुआरेज सैन्य एविएशन स्कूल के पास हुआ। इससे कुछ घंटे पहले, कोकीन की फसलों को खत्म करने के लिए जा रहे पुलिसकर्मियों के हेलिकॉप्टर पर ड्रोन से हमला हुआ। इसमें 12 पुलिस अधिकारी मारे गए। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने कहा कि इन हमलों के पीछे विद्रोही संगठन फार्क के गुटों का हाथ है। फार्क का मकसद कोलंबियन सरकार को उखाड़ फेंकना है। हालांकि, 2016 में एक शांति समझौते के बाद ये संगठन भंग हो गया था, लेकिन कई इलाकों में ड्रग्स सप्लाई में ये अभी भी एक्टिव है। कैली के मेयर ने हमले की निंदा की और जिम्मेदार लोगों की जानकारी देने वालों को इनाम देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

## वार्ता

## टैरिफ तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने की सीनेटर्स से मुलाकात

# अमेरिकी सांसदों से व्यापार समेत कई मुद्दों पर बात

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसदों से द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चर्चाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया।

इसके अलावा क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी।

इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

### अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मिल चुके क्वात्रा



**भारतीय** राजदूत क्वात्रा ने नौ अगस्त से अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मुलाकातें की हैं। रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मास्को पर प्रतिबंध लगाने और उसकी आपूर्ति बंद करने के बाद भारत ने छूट पर बेचे जाने वाले रूसी तेल को खरीदना शुरू कर दिया है।

# भारत रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी कर रहा : पीटर

## कहा- इंडिया अमेरिकी पैसे से तेल खरीद ऊंचे दाम पर बेच रहा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया है। नवारो ने वीरवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सस्ते दाम पर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है, इंडियन कंपनियां उसे रिफाइन कर महंगे दाम पर दुनिया में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे रूस को यूक्रेन जंग के लिए पैसा मिल रहा है, जबकि भारत मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि वे हमें सामान बेचकर मिलने वाले पैसे से रूसी तेल खरीदते हैं, जिससे तेल कंपनियां खूब पैसा कमाती हैं। इसलिए टैरिफ लगाना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जंग की शांति का रास्ता भारत से होकर जाता है।



हालांकि मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने अमेरिका के भारत पर भारी टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि यह फैसला अमेरिकी विदेश नीति के लिए नुकसान भरा है। वहीं, पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका-भारत रिश्तों में आई गिरावट को नहीं रोका गया तो यह रणनीतिक गलती होगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश ने चौथे दौर की बाजी भी खेली ड्रॉ



**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा और अरोनियन का नंबर आता है जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। (अनंत ज्ञान)

### एशिया कप से पहले रिंकू ने 8 छक्के 7 चौकों की मदद से ठोंका शतक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** यूपी टी20 लीग 2025 का 9वां मुकाबला मेरठ मेवरिक्स और गोरखपुर लॉयंस के बीच खेला गया। लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोका है। रिंकू ने 48 गेंदों में 7 चौके और 8 छक्के की मदद से 108 रन की पारी खेली। उनकी इस आतिशी पारी की मदद से मेरठ मेवरिक्स ने गोरखपुर लॉयंस को 6 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर लॉयंस ने 20 ओवर में 167 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने 38 रन, निशांत कुशवाहा ने 24 गेंदों में 37 रन, और शिवम शर्मा ने 25 रन बनाकर नाबाद रहते हुए स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचाया। अक्षदीप नाथ (23) और सिद्धार्थ यादव (15) ने भी उपयोगी योगदान दिया। मेरठ मेवरिक्स की ओर से विशाल चौधरी और विजय कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए, जबकि जीशान अंसारी को 2 और यश गर्ग को एक विकेट मिला। जवाब में मेरठ मेवरिक्स की शुरुआत रिंकू सिंह के इर्द-गिर्द रही। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने गोरखपुर के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। रिंकू की 108 रन की पारी की बदौलत मेरठ ने टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट खोकर टीम को जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

### काव्या मारन का स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन को 'मिस्ट्री गर्ल ऑफ आईपीएल' के नाम से भी जाना जाता है। एसआरएच के हर मैच में उनकी उपस्थिति फैंस का ध्यान आकर्षित करती है। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल होते हैं।



## फैंटेंसी गेमिंग कंपनी ड्रीम-11 समेट रही रियल मनी कारोबार

# बिना स्पॉन्सर के एशिया कप में खेलेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की सबसे बड़ी फैंटेसी गेमिंग कंपनी ड्रीम11 अपना रियल मनी गेमिंग कारोबार बंद करने जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। यह फैसला भारत सरकार द्वारा हाल ही में पास किए गए ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के बाद लिया गया है। इस बिल के तहत ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर पूरी तरह से पाबंदी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम11 की पेरेंट कंपनी ड्रीम स्पोर्ट्स ने यह जानकारी अपने कर्मचारियों को 20 अगस्त को एक इंटरनल टाउनहॉल मीटिंग में दी। ड्रीम11 भारतीय क्रिकेट टीम और आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट्स का प्रमुख स्पॉन्सर रहा है। ऐसे में ये भी खबरें है कि टीम इंडिया एशिया कप में बिना स्पॉन्सर के खेलेगी।

**लोकसभा और राज्यसभा से बिल को मंजूरी मिली:** 21 अगस्त को राज्यसभा ने और उससे एक दिन पहले लोकसभा ने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल-2025 को मंजूरी दी। इस बिल को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पेश किया था। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए जाएगा और फिर ये कानून बन जाएगा। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### ड्रीम11 की 67 प्रतिशत कमाई रियल मनी सेगमेंट से

**ड्रीम11** का रियल मनी गेमिंग सेगमेंट कंपनी की कुल कमाई का 67 प्रतिशत हिस्सा है। यानी, कंपनी की ज्यादातर कमाई फैंटेसी क्रिकेट जैसे गेम्स से आती थी। यहां यूजर्स पैसे लगाकर अपनी टीमें बनाते थे और जीतने पर कैश प्राइज पाते थे। नए बिल के तहत ये गेम्स अब गैर-कानूनी हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के सीईओ हर्ष जैन ने कर्मचारियों को बताया कि नए कानून के तहत रियल मनी गेमिंग को जारी रखने का कोई कानूनी रास्ता नहीं है। इस वजह से ड्रीम11 ने अपने इस कोर बिजनेस को बंद करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी अब अपने नॉन-रियल मनी गेमिंग वेंचर्स पर फोकस करेगी। इसमें स्पोर्ट्स कृप और फैनकोड शामिल है। इसके अलावा, कंपनी अपनी दूसरी इनवेस्टमेंट्स जैसे विलो टीवी और क्रिकबज को बढ़ाने और विदेशी बाजारों में विस्तार पर ध्यान देगी।

### एशिया कप में बदलेगी टीम इंडिया की जर्सी

**एशिया** कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है और अब इंतजार टूर्नामेंट शुरू होने का है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 9 सितंबर से टी20 फॉर्मेट में होने जा रहे इस टूर्नामेंट का आगाज होगा, जिसमें 8 टीम हिस्सा ले रही हैं। नजरें एक बार फिर भारतीय टीम पर होंगी, जो हमेशा की तरह खिताब की दावेदार है। टीम इंडिया ने पिछली बार एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन उस टीम में और इस बार खेलने वाली टीम में कुछ बड़े अंतर होंगे। ये अंतर कई खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी या मौजूदगी का तो होगा ही, साथ ही एक बड़ा अंतर जर्सी का भी हो सकता है। पिछली बार भारतीय जर्सी पर टाइटल स्पॉन्सर 'ड्रीम 11' लिखा था, जो इस बार नदारद हो सकती है। भारतीय क्रिकेट टीम 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबले के लिए उतरेगी। इस दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव समेत सभी खिलाड़ियों की नीली रंग की टी20 जर्सी में भारत का नाम, बीसीसीआई का लोगो और एशिया कप-2025 का लोगो तो लगा होगा, लेकिन इस बात की संभावना है कि ड्रीम-11 का लोगो उसका हिस्सा नहीं होगा, क्योंकि इस कंपनी के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने टाइटल स्पॉन्सरशिप का करार किया था।

## एशिया कप टी20 में टीम इंडिया को दो टीमों के खिलाफ मिली हार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशिया कप 2025 की तैयारियों के बीच, भारतीय टीम का रिकॉर्ड और आगामी मुकाबलों का कार्यक्रम अब क्रिकेट फैंस के लिए चर्चा का विषय बन चुका है।

टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट के इस संस्करण के सात अन्य देशों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है और सिर्फ पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी दो टीमों के खिलाफ ही हार झेली है। एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण है। इससे पहले यह टूर्नामेंट 2016 और 2022 में खेला गया था। 2016 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियन बनी थी, जबकि 2022 में श्रीलंका ने खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत ने एशिया कप टी20 में 2016 और 2022 संस्करण को मिलाकर कुल 10 मैच खेले हैं और इसमें से आठ में जीत हासिल की है। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ 2022 में टीम इंडिया को दो मैचों में हार मिली थी। (अनंत ज्ञान)

### भारत खेल चुका सात में से छह टीमों के खिलाफ

**मौजूदा** संस्करण की सात टीमों में से छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में खेल चुका है। इनमें बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, हांगकांग, श्रीलंका और यूएई शामिल हैं। ओमान के खिलाफ भारत इस साल पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगा। बाकी की छह टीमों के खिलाफ भारत ने कुल 10 मैच खेले हैं। इसमें से भारत ने सात आठ मैच जीते हैं और दो में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारत जिन दो टीमों के खिलाफ हारा है, उनमें पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। इन दोनों टीमों के खिलाफ भारत को 2022 में एक-एक बार हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान ने भारत को सुपर-फोर मैच में पांच विकेट से और श्रीलंका ने सुपर-फोर राउंड में ही छह विकेट से शिकस्त दी थी।

### पाकिस्तान के खिलाफ तीन में से दो मैच जीते

**भारत** ने एशिया कप टी20 में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मैच जीते हैं। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन में से दो मैच जीते हैं और एक में हार का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप टी20 में भारत ने एक मैच खेला है और वो जीता है। हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ भारत ने एक मैच खेला है और उसमें जीत हासिल की। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने दो मैच खेले हैं और एक में उन्हें जीत मिली, जबकि दूसरे में हार का सामना करना पड़ा। यूएई के खिलाफ भारत ने एक मैच खेला है और जीत हासिल की है।

## वेस्ट दिल्ली लायंस की सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर रोमांचक जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अनिरुद्ध चौधरी ने आखिरी ओवर में सात रन का अच्छी तरह से बचाव करके वेस्ट दिल्ली लायंस को दिल्ली प्रीमियर लीग में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर तीन रन से रोमांचक जीत दिलाई।

किंग्स के सामने 179 रन का लक्ष्य था और वह इसे हासिल करने की तरफ अच्छी तरह से बढ़ रहा था। उसे अंतिम ओवर में सिर्फ सात रन चाहिए थे, लेकिन चौधरी ने केवल तीन रन दिए और कप्तान जोंटी सिद्धू (41 गेंदों पर 56 रन) को आउट कर टीम को यादगार जीत दिलाई। चौधरी ने तीन ओवर में 24 रन लेकर एक विकेट लिया, लेकिन उनका अंतिम ओवर निर्णायक साबित हुआ। किंग्स की शुरुआत खराब रही और उन्होंने शुरुआत में ही कुछ विकेट गंवा दिए, लेकिन सलामी बल्लेबाज यश ढुल ने 49 गेंदों पर 72 रन की पारी खेली और अपने कप्तान के साथ 79 रन की साझेदारी की। सिद्धू के धैर्यपूर्ण अर्द्धशतक और आदित्य भंडारी के 12 गेंदों पर 23 रन की उपयोगी पारी से किंग्स जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन चौधरी के अंतिम ओवर में उसके बल्लेबाज कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उसकी टीम आखिर में पांच विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इससे पहले वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका इसको चार विकेट पर 65 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कृष यादव ने पारी को संभाला। यादव ने 60 गेंदों पर 85 रन बनाए, जबकि रितिक शौकीन (11 गेंदों पर 20 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया जिससे उनकी टीम आठ विकेट पर 178 रन बनाने में सफल रही। किंग्स की तरफ से अरुण पुंडीर ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

## बीसीसीआई ने दो पुरुष और 4 महिला चयनकर्ताओं के लिए मांगे आवेदन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले होने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, ''चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है।'' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

**एजेंसी, मैके (ऑस्ट्रेलिया)**

### लुंगी एंगिडी ने झटके पांच विकेट



तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 84 रन से जीत दर्ज कर तीन मैच की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। एनगिडी ने 42 रन देकर पांच विकेट झटके, जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 278 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर रहते 193 रन पर ढेर हो गई। मिचेल मार्श की टीम घरेलू मैदान में लगातार चौथे वनडे में 200 रन के अंदर सिमट गई।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान एडेन मारक्रम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसके बाद टीम ने मैथ्यू ब्रिट्जके (88 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (74 रन) के अर्द्धशतकों की मदद से 277 रन बनाए। नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया था और वह सीरीज के रविवार को होने वाले अंतिम वनडे में टीम की अगुवाई के लिए उपलब्ध होंगे। तीन मैच की सीरीज में लगातार दूसरी दफा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम केर्न्स में पहले वनडे में 98 रन से हारी थी। (अनंत ज्ञान)

## देवाशीष व आदित्यशीष राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, बंजार**



राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयनित देवाशीष शौरी व आदित्यशीष शौरी।

बंजार के दो बच्चों का चयन राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है। देवाशीष शौरी और उनके छोटे भाई आदित्यशीष शौरी ने हाल ही हमीरपुर के भोरंज में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। दोनों भाइयों की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार का नहीं, बल्कि पूरे कुल्लू जिले का नाम भी रोशन किया है।

बंजार के रहने वाले दोनों सगे भाई हिम अकेडमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में आठवीं व दसवीं कक्षाओं में पढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता में दोनों ने हमीरपुर जिला का प्रतिनिधित्व किया। अपनी शानदार प्रस्तुति और निर्णायकों पर छाप प्रभाव के परिणामस्वरूप दोनों भाइयों को राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता अगले माह आंध्र प्रदेश में खेली जाएगी। इससे पूर्व भी देवाशीष एक बार व आदित्यशीष दो बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं। राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे देवाशीष व आदित्यशीष की तैयारी को और मजबूत बनाने हेतु उनके पिता बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी का कहना है कि प्रशिक्षक व बच्चे दोनों कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। परिजनों ने आशा जाहिर की है कि बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर इस बार अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश का मान बढ़ाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## अय्यर को वनडे कप्तान बनाए जाने की खबरें गलत: सैकिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कुछ दिन पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द रोहित शर्मा को वनडे के कप्तानी से हटाकर यह जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर को देने वाला है। अब बीसीसीआई ने खुद इन सभी अफवाहों पर पूर्णविराम लगाया है। सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अय्यर को कप्तान बनाए जाने की रिपोर्ट का खंडन किया है। सैकिया ने साफ कहा कि इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है और ये सब अफवाहें हैं। अय्यर कप्तानी के लिए बोर्ड की पहली पसंद नहीं हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल वनडे कप्तानी के लिए स्वाभाविक पसंद होंगे। सैकिया के इस बयान ने साफ कर दिया कि बीसीसीआई का फोकस युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पर है, जो लंबे समय तक भारतीय क्रिकेट को नेतृत्व दे सकें।

## एलावेनिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**एजेंसी, शिमकेंट (कजाकिस्तान)**

भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वालारिवान ने शुक्रवार को यहां 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल कर चौथे स्थान पर रहीं। (अनंत ज्ञान)

### कौन हैं एलावेनिल?

**एलावेनिल** वालारिवान भारत की स्टार निशानेबाजों में से एक हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। वे विशेष रूप से 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में प्रतिस्पर्धा करती हैं। एलावेनिल का जन्म दो अगस्त 1999 को तमिलनाडु में हुआ था और उनका पालन-पोषण गुजरात में हुआ। उन्होंने बहुत कम उम्र में निशानेबाजी की ओर रुझान दिखाया और जल्द ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू किया। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है 2019 में आईएसएसएफ विश्व कप (म्यूनिख और रियो डी जनेरियो) में स्वर्ण पदक जीतना, जिससे वह इस इवेंट में शीर्ष भारतीय महिला शूटरों में शामिल हो गईं। इसके अलावा उन्होंने 2018 आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कई पदक दिलाए। एलावेनिल ने 2021 टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहीं।

## टीम इंडिया की गौहर सुल्ताना ने संन्यास का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



### स्पिन गेंदबाजी से अच्छे-अच्छे बल्लेबाजों को किया ढेर

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था।

वह इस बीच हालांकि, घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। सुल्ताना ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, ''विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई।''

उन्होंने कहा, ''हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की।'' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए।

उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

## महिला एकदिवसीय विश्व कप के शेड्यूल में आईसीसी को करना पड़ा बदलाव

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में नहीं खेले जाएंगे वर्ल्ड कप के मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण अगले महीने होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पांच स्थानों में से एक के रूप में मुंबई को बेंगलुरु की जगह लिया गया है।

टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन लीग मैच, एक सेमीफाइनल और संभवतः फाइनल सहित पांच मैच आयोजित किए जाएंगे। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की अनुपलब्धता के कारण स्टेडियम में यह बदलाव आवश्यक हो गया था।

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, ''हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।'' उन्होंने कहा, ''मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों को नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'' आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

आईसीसी में हालांकि, स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं किया, लेकिन पूरी संभावना है कि यह परिवर्तन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा मेजबानी के लिए आवश्यक मंजूरी हासिल करने में असमर्थता के कारण किया गया। इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल में जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ की जांच के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

## सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप जीत सकता है भारत: वीरेंद्र सहवाग

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के निर्भिक नेतृत्व में मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम आगामी एशिया कप जीत सकती है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टी20 प्रारूप के इस टूर्नामेंट का 2016 में पहला संस्करण जीतने वाली भारतीय टीम को ग्रुप ए में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में श्रीलंका, हांगकांग, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। सहवाग ने कहा, ''इस भारतीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है और सूर्यकुमार के नेतृत्व में टीम एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा बना सकती है। अगर टीम इसी इरादे से खेलती है तो इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ट्रॉफी जीत सकता है।''